CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 12°C

मुरादाबाद, शनिवार 11 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 235 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 22 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



स्वास्थ्य सेवाओं में यूपी नेरचा नया इतिहास: योगी पेज 2



पंजाब किंग्स का लक्ष्य एसआरएच के खिलाफ अपनी लय को बनाए रखना खेल टाइम्स



वृद्धावस्था का एक रोग जो बना चुनौती सम्पादकीय



होर्मुज में ईरान के टैक्स लेने पर भड़के ट्रम्प, बोले- यह वह समझौता नहीं जो हमने किया पेज 12

# जाति जनगणना रोकने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली, वार्ता**

सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सीजेआई सूर्यकांत ने एक याचिककर्ता को कड़े शब्दों में फटकार लगा दी। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार को जाति जनगणना रोकने, संसाधनों के पुनर्वितरण को जनसंख्या उत्तरदायित्व से जोड़ने और एक बच्चे वाले परिवारों को आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करने वाली नीतियां बनाने का निर्देश देने वाली याचिका लगाई गई थी।

सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत की अधयक्षता वाली न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने इस याचिका को खारिज कर दिया। इस दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप इस याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा कहां से सीखते हैं? ये बदतमीजी की भाषा कहां से लेकर आते हैं आप लोग? आप लोग याचिका कैसे लिखते हैं अदालत ने जनहित याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा के लिए याचिकाकर्ता की आलोचना की। सीजेआई सूर्यकांत ने व्यक्तिगत रूप से पेश हुए याचिकाकर्ता से कहा कि आपने अपनी याचिका में बदतमीजी की भाषा लिखी है। आपने अपनी याचिका में अभद्र भाषा लिखी है। आपकी याचिका किसने लिखी ह। इससे पहले दो फरवरी को शीर्ष अदालत ने 2027 की आम जनगणना में नागरिकों के जातिगत आंकड़ों को दर्ज करने, वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली एक अलग जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया था। 2027 की जनगणना, जो आधिकारिक तौर पर 16वीं राष्ट्रीय जनगणना है, 1931 के बाद पहली बार व्यापक जाति गणना को शामिल करने वाली और देश की पहली पूरी तरह से डिजिटल जनगणना होगी।



■ ऐसी अभद्र भाषा कहां से लाते हैं, सीजेआई ने याचिककर्ता को लगाई कड़ी फटकार

# ईरान-अमेरिका वार्ता पर सस्पेंस

## ईरान की ओर से अभी तक कोई साफ संदेश नहीं, जेडी वेंस पाक के लिए रवाना

### इस्लामाबाद में प्रस्तावित है वार्ता

**तेहरान/वाशिंगटन।**

अमेरिका के साथ होने वाली सीजफायर बातचीत के लिए ईरानी डेलिगेशन अब तक पाकिस्तान नहीं पहुंचा है। शनिवार को इस्लामाबाद में दोनों देशों के बीच अहम बैठक प्रस्तावित है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान लेबनान में जारी इजरायली हमलों से नाराज है और इसी वजह से उसने बातचीत को लेकर सख्त रुख अपनाया है। अभी तक उसकी ओर से बैठक में शामिल होने को लेकर साफ संकेत नहीं मिले हैं। इससे पहले खबर आई थी कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान पहुंच चुका है, लेकिन ईरानी मीडिया ने इन दावों को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि 8 अप्रैल को अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बनी थी। उसी के तहत इस्लामाबाद में यह बातचीत तय हुई है। अब यह देखना अहम होगा कि क्या तय समय पर यह बैठक हो पाती है या फिर हालात के चलते इसमें बदलाव होता है।

वहीं पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका ने कूटनीतिक मोर्चे पर बड़ा कदम उठाया है। जेडी वेंस इस्लामाबाद के लिए रवाना हो गए हैं, जहां वे ईरान के साथ अहम बातचीत में हिस्सा लेंगे। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब क्षेत्र में संघर्षविराम बना हुआ है, लेकिन हालात अब भी नाजुक हैं। वेंस के बयान ने साफ कर दिया है कि अमेरिका बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन किसी भी तरह की चालबाजी बर्दाश्त नहीं करेगा। रवाना होने से पहले वेंस ने कहा कि अगर ईरान ईमानदारी से बातचीत करता है, तो अमेरिका भी सकारात्मक रुख अपनाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका खुले हाथ से बातचीत करना चाहता है, लेकिन उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर ईरान ने बातचीत में खेल करने की कोशिश की तो अमेरिकी टीम सख्त रुख अपनाएगी। यह बयान साफ संकेत देता है कि बातचीत के साथ-साथ दबाव की रणनीति भी जारी रहेगी। यह वार्ता पश्चिम एशिया में एक महीने से जारी तनाव को खत्म करने के मकसद से हो रही है।

हाल ही में अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते का संघर्षविराम हुआ है। अब यह बातचीत उसी को आगे बढ़ाने और स्थायी शांति का रास्ता निकालने के लिए अहम मानी जा रही है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वेंस करेंगे। उनके साथ विशेष दूत स्टीव विटकाफ और जारेड कुशनर भी शामिल हैं। व्हाइट हाउस के मुताबिक यह बैठक शनिवार सुबह स्थानीय समय के अनुसार होगी और इसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।



■ ईरान की मांग पहले लेबनान में सीजफायर, फिर होगी बात

■ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी, वार्ता असफल रही, तो ईरान पर होंगे भीषण हमले



अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस

## होर्मुज में ईरान के टैक्स लेने पर भड़के ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमधय से तेल की आवाजाही को बाधित करने के तरीके पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ईरान इस मामले में बहुत खराब काम कर रहा है और इसे अशोभनीय बताया।

युद्धविराम की प्रभावशीलता पर सवाल राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल को गुजरने देने के मामले में बहुत खराब काम कर रहा है, कुछ लोग इसे अशोभनीय कहेंगे। यह वह समझौता नहीं है जो हमने किया है। डोनाल्ड ट्रम्प की यह टिप्पणी तेल टैंकरों से शुल्क लेने की रिपोर्टें सामने आने के बाद आई है। इससे पहले ट्रम्प ने यह भी ट्वीट किया था कि ऐसी रिपोर्टें हैं कि ईरान होर्मुज जलडमरूमधय से गुजरने वाले टैंकरों से शुल्क ले रहा है। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए और अगर वे कर रहे हैं, तो उन्हें अभी बंद कर देना चाहिए। व्हाइट हाउस युद्धविराम समझौते के हिस्से के रूप में जलडमरूमधय को फिर से खोलने का समर्थन करता है। हालांकि, उनका कहना है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान के सैन्य बल का विरोध करते हैं, जो अभी भी जलमार्ग को नियंत्रित करता है और गुजरने वाले जहाजों पर टोल वसूल कर राजस्व बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।

वहीं ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसियों ने एक चार्ट जारी कर संकेत दिया है कि युद्ध के दौरान ईरानी अद्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने होर्मुज जलडमरूमधय में समुद्री बारूदी सुरंगें बिछाई थीं। यह कदम अमेरिका पर दबाव बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है, जबकि दो सप्ताह के अस्थिर युद्धविराम के बीच पाकिस्तान में आगे की वार्ताओं की संभावना बनी हुई है। होर्मुज का यह चार्ट आईएसएनए समाचार एजेंसी के साथ-साथ तस्नीम ने जारी किया है, जिन्हें रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) का करीबी माना जाता है। चार्ट में फारसी में होर्मुज के ट्रैफिक रूट पर खतरनाक क्षेत्र दर्शाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने एक ही वकील की ओर से पेश 25 जनहित याचिकाएं खारिज कीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को 25 अलग-अलग जनहित याचिकाएं दायर करने वाले वकील को सलाह दी कि उन्हें अदालत में आने के बजाय संबंधित अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए। जैसे ही मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हुआ, याचिकाकर्ता और वकील सचिन गुप्ता ने सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष कहा कि वह अपनी पीआईएल वापस लेना चाहते हैं। पीठ ने गुप्ता से कहा कि आप अपने पेशे पर धयान केंद्रित करें। आपको अदालतों में आने के बजाय अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए, उन्हें कुछ मुद्दों पर अधिक जानकारी देनी चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत की अधयक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली भी शामिल थे।

### नीतीश कुमार ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली

**नई दिल्ली।** बिहार से राज्यसभा के लिए नवनिर्वाचित सदस्य नीतीश कुमार ने शुक्रवार को संसद भवन में सदन की सदस्यता शपथ ली। राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने जनता दल यू के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शपथ दिलाई। कुमार ने हिदी भाषा में शपथ ली। वह राज्यसभा के लिए हाल ही में हुए द्विवार्षिक चुनाव में उच्च सदन के लिए चुने गए थे।

### सेना ने कर्नल पुरोहित को ब्रिगेडियर रैंक पर पदोन्नति की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** सेना ने महाराष्ट्र के मालेगांव विस्फोट मामले में गिरफ्तारी के बाद चर्चा में आए सेना के कर्नल श्रीकांत पुरोहित की ब्रिगेडियर के रैंक पर पदोन्नति को मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार सेना ने कर्नल पुरोहित के पदोन्नति के आवेदन को सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के स्थगनादेश के बाद मंजूरी दे दी है।

### आईएसआई से जुड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के एक बड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए इससे जुड़े 11 व्यक्तियों को गिरफ्तार करके अहम कामयाबी हासिल की है।

# गगनयान का दूसरा एयर ड्राप टेस्ट हुआ सफल

**नई दिल्ली।** भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारियों को लेकर एक अहम उपलब्धि हासिल हुई है। केंद्रीय मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने इस सफलता पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि गगनयान मिशन के तहत दूसरा इंटीग्रेटेड एयर ड्राप टेस्ट (आईण्डीटी-02) सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह परीक्षण सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में आयोजित किया गया। आईण्डीटी यानी इंटीग्रेटेड एयर ड्राप टेस्ट गगनयान मिशन का एक बेहद अहम और तकनीकी रूप से जटिल परीक्षण है। इस मिशन की सबसे बड़ी चुनौती अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है। जब अंतरिक्ष यात्री अपना मिशन पूरा कर लौटेंगे, तब उनका क्रू माड्यूल पृथ्वी के वायुमंडल में अत्यधिक गति से प्रवेश करेगा। इस दौरान उसकी रफ्तार को नियंत्रित करना और सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करना बेहद जरूरी होता है। यहीं पर पैराशूट सिस्टम की भूमिका अहम हो जाती है।

■ दूसरा इंटीग्रेटेड एयर ड्राप टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया, परीक्षण सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में हुआ

# यूपी में अंतिम मतदाता सूची जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में 166 दिन तक चली विषेश गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद (एसआईआर) प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है।

इस सूची के अनुसार प्रदेष्ठा में 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। प्रदेश के कुल मतदाताओं में 54.54 प्रतिशत पुरुष, जबकि 45.46 प्रतिशत महिला मतदाता हैं। इसके पहले, प्रदेश में 27 अक्तूबर 2025 को फ्रीज मतदाता सूची में 15.44 करोड़ मतदाता थे। एसआईआर के बाद प्रदेश में 13 करोड़ 39 लाख मतदाता रह गए हैं। एसआईआर की प्रक्रिया में प्रदेश में दो करोड़ (2.05) करोड़ मतदाता घट गए हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में अंतिम मतदाता सूची की जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार 6 जनवरी को जारी की गई मसौदा मतदाता सूची के सापेक्ष अंतिम मतदाता सूची में कुल 84 लाख 28 हजार 767 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम छूट गए हैं, वो मतदाता फार्म 6 भरकर सूची में शामिल हो सकते हैं। जारी की गई अंतिम मतदाता सूची के अनुसार प्रदेश में पुरुष मतदाताओं की संख्या 7 करोड़, 30 लाख, 71 हजार 61 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 6 करोड़, नौ लाख, नौ हजार 525 है। वहीं तृतीय लिंग के मतदाताओं की संख्या 4 हजार 206 है। प्रदेश में 18 से 19 आयुवर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख, 63 हजार 360 है। अंतिम मतदाता सूची के अनुसार प्रयागराज में मतदाताओं की संख्या में सर्वाधिक वृद्धि हुई है। यहां पर 3 लाख 29 हजार 421 मतदाता बढ़े। वहीं लखनऊ में 2 लाख, 85 हजार 961 मतदाता, बरेली में 2 लाख 57 हजार 920 मतदाता, गाजियाबाद में 2 लाख 43 हजार 666 मतदाता और जौनपुर में 2 लाख 37 हजार 590 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। इसके पहले 6 जनवरी को 12.55 करोड़ मतदाताओं की मसौदा सूची जारी की गई थी। उसके बाद 6 मार्च तक लोगों से इस ड्राफ्ट मतदाता सूची पर दावे व आपत्तियां ली गईं। कुल 86.69 लाख लोगों ने मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने के लिए फार्म-6 भरा। वहीं 3.18 लाख लोगों ने नाम कटवाने के लिए फार्म-7 भरा है। मतदाता सूची में 1.04 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनके नाम का मिलान माता-पिता, बाबा-दादी व नाना-नानी से न होने के कारण इन्हें नोटिस दिया गया था। वहीं 2.22 करोड़ लोग तार्किक विसंगति वाले थे।



■ राज्य में एसआईआर के बाद 2 करोड़ मतदाताओं के नाम कटे, कुल वोटर 13.39 करोड़

## जस्टिस यशवंत वर्मा ने दिया इस्तीफा, घर में मिले थे भारी मात्रा में जले हुए नोट



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में तैनात जस्टिस यशवंत वर्मा ने इस्तीफा दे दिया है। उनके दिल्ली वाले घर में भारी मात्रा में जले हुए नोट मिलने के मामले में उनके खिलाफ आंतरिक जांच चल रही थी। साथ ही महाभियोग की भी चर्चा थी। इसी बीच उन्होंने पद से त्याग पत्र दे दिया है। दिल्ली वाले घर में जले हुए कैश मिलने के बाद उनका स्थानांतरण इलाहाबाद हाईकोर्ट में कर दिया गया था। पांच अप्रैल 2025 को उन्होंने शपथ ग्रहण किया था। न्यायिक कार्य से उनको फिलहाल अलग किया गया था। उनके खिलाफ महाभियोग लाने के मामले में कमेटी का गठन किया गया है। कई सांसदों ने संसद में जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए नोटिस दिया था। फिलहाल जस्टिस वर्मा के खिलाफ आतंरित जांच कमेटी जांच कर रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू को दिए गए त्यागपत्र में जस्टिस यशवंत वर्मा ने लिखा है- यद्यपि मैं आपके आदरणीय कार्यालय को उन कारणों से विवश नहीं करना चाहता, जिनके कारण मुझे यह पत्र प्रस्तुत करना पड़ रहा है। फिर भी अत्यंत पीड़ा के साथ मैं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से तत्काल प्रभाव से अपना त्यागपत्र दे रहा हूं। इस पद पर सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है।

# नागल में गिट्टी से भरा ट्रक सो रहे मजदूरों के ऊपर पलटा, तीन की मौत



मृतकों के फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के सीडकी झबरेड़ा मार्ग पर गांव बोहडुपुर के निकट बीती रात निर्माणाधीन पुल के निकट टीन की टपरी में सो रहे मजदूरों के पास खनन से भरे पलटे ट्रक की गिट्टी गिरने से उसके नीचे दबकर तीन मजदूरों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव बोहडूपुर के निकट नदी पर पुल निर्माण व सड़क चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के चलते सड़क के बराबर मे वैकल्पिक मार्ग बनाकर यातायात को चलाया जा रहा है। निर्माण स्थल पर मजदूर टीन की टपरी डालकर रह रहे है। रात करीब बारह बजे खनन गिट्टी से भरा एक ट्रक (घोड़ा) एचआर 58 इ 6247 जो खेड़ामुगल की ओर जा रहा था। वैकल्पिक मार्ग पर जाने की बजाय सीधे बंद की गई सड़क पर आ गया और असंतुलित होकर पलट गया। ट्रक के पलटने से उसमें भरी गिट्टी अस्थायी रूप से टीन की बनाई गई टपरी पर गिर गई, जहां पर पांच मजदूर सो रहे थे। वे पांचों गिट्टी के नीचे दब गए। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। इस हादसे के बाद वहां पर अफरा तफरी मच गई। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचित कर खुद ही गिट्टी को हटाकर बचाव कार्य शुरू कर दिया और पुलिस के आने से पहले ही दो मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया। पुलिस के आने पर बचाव कार्य कर बाकी दबे अन्य मजदूरों को भी बाहर निकालकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भिजवाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने असगर 55 पुत्र नेफी व शौकीन 20 पुत्र हारून, इस्तकार 24 पुत्र अशफाक निवासी महमूदपुर थाना मिर्जापुर को मृत घोषित कर दिया। घायल कर्मवीर 22 पुत्र राजू निवासी असगरपुर थाना मिर्जापुर व गुलफाम को जिला चिकित्सालय मे रेफर कर दिया। पुलिस ने रात में ही सभी का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि अभी तक परिजनों द्वारा तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

■ निर्माणाधीन पुल के निकट टीन की टपरी में सो रहे मजदूरों पर झपटी मौत

# मथुरा: यमुना में नाव पलटने से 10 श्रद्धालुओं की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मथुरा।** शुक्रवार को यमुना में श्रद्धालुओं की नाव पलटने से 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। राहत और बचाव कार्य में जिला प्रशासन ने सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की मदद ली। खबर लिखे जाने तक राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर चल रहा था। 10 लोगों के शव बरामद किए जा चुके थे, जबकि 14 से 15 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया था। रेस्क्यू किए गए श्रद्धालुओं को तत्काल उपचार के लिए भेजा गया।

जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को भी इमरजेंसी अलर्ट पर रखा गया है। घटना दोपहर को करीब सवा तीन बजे हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर शोक व्यक्त किया है। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने घटना पर शोक व्यक्त किया है और बचाव और राहत कार्य बडे स्तर पर चलाने के निर्देश दिए हैं। वृंदावन में यमुना पर बंसीवट और केसी घाट के बीच में पेंटून पुल है उसी के पास यह दुर्घटना हुई। स्थानीय लोगों का यही कहना था कि पेंटून पुल से टकराने के बाद नाव नदी में पलट गई। नाव में लुधियाना पंजाब से आए श्रद्धालु सवार थे, जिनकी संख्या 30 से 32 बताई जा रही है। हालांकि श्रद्धालुओं की संख्या के बारे में कोई भी सटीक जानकारी नहीं दे पा रहा था। यहां तक कि जिन लोगों को रेस्क्यू कर बचाया गया वह भी एक निश्चित संख्या नहीं बता पा रहे थे।

बताया गया कि पंजाब के लुधियाना से एक ग्रुप आया है, जिसमें करीब 150 लोग हो सकते हैं, इन्हीं में से कुछ लोग इस नाव पर सवार थे। दूसरी नाव पर भी कुछ श्रद्धालु थे। यह इलाका गोताखोरों का है, गोताखोर बडी संख्या में यहां रहते हैं। नाव पलटने की घटना के पीछे बताया जा रहा है कि यहां विगत दिनों पेंटून पुल के पीपा हटा दिए गए थे, लेकिन उन्हें यमुना से बाहर नहीं निकाला गया था, इन्हीं में से किसी पीपा से नाव टकराई और हादया हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन मिलकर बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू कर दिया। गोताखोर यमुना के गहरे पानी में डूबे हुए लोगों की तलाश में जुटे थे। पुलिस की टीम ने गोताखोरों की मदद से 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इनमें से एक श्रद्धालु को संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। दुखद रूप से, इस हादसे में 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय ने इसकी पुष्टि की है। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। उन्होंने बिना देर किए बचाव अभियान शुरू कर दिया। दुर्घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई है, जिससे बचाव कार्य में थोड़ी बाधा आ रही है।

■ मुख्यमंत्री ने जताया दुख, बचाव कार्य में सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की मदद ली जा रही है

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव को वैक्सीनेशन

## 14 साल तक की किशोरियों को मिलेगा मुफ्त टीका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए किशोरियों का वैक्सीनेशन शुरू कर दिया गया है। इस पहल के तहत 14 वर्ष तक की बालिकाओं को नि:शुल्क टीका लगाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी डा. बीके सिंह ने फीता काटकर एवं किशोरी को माल्यार्पण कर किया।



कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डा. अंकित कुमार ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए पहली बार सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में यह वैक्सीनेशन शुरू किया गया है। इससे पहले यह टीका केवल निजी अस्पतालों में उपलब्ध था, जहां इसकी कीमत काफी अधिक होने के कारण आम लोगों की पहुंच से बाहर था।

उन्होंने बताया कि अब सरकार की इस पहल से आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी और अधिक से अधिक किशोरियां इस टीकाकरण का लाभ उठा सकेंगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर में यह वैक्सीनेशन प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों को इस गंभीर बीमारी से बचाने के लिए समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं। साथ ही किशोरियों को भी जागरूक करने पर जोर दिया गया है, ताकि भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारी से बचाव संभव हो सके।

यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## एक नजर

### दम्पति को लाठी-डंडों से पीटा



**बढ़ापुर।** ग्राम भोगपुर निवासी महेंद्र सिंह ने दर्ज कराए मुकदमे में कहा कि रात 11 बजे के करीब वह और उसकी पत्नी बिमला बाई झोपड़ी में सो रहे थे। तभी महेंद्र पाल निवासी काशीपुर जिला उधमसिंह नगर, अमरजीत सिंह ग्राम भोगपुर, अमरपाल उर्फ गोल्डी व विक्की निवासी वीरभानवाला थाना बढ़ापुर हाथों में लाठी-डंडे लेकर झोपड़ी में घुस गए और गाली-गलौच व दोनों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में दोनों के शरीर पर काफी चोट आई। शोर मचाने पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे, तो आरोपी झोपड़ी गिराकर तोड़फोड़ कर मौके से भाग निकले।

### पुलिस ने दो आतंकी दबोचे


**नांगल सोती।** आतंकी गतिविधियों में संलिप्त साकिब उर्फ डेविल की चार साथियों के साथ गिरफ्तारी के बाद लगातार मेरठ के आकिब सहित सोफतपुर के मैजुल की इंस्टाग्राम और फेसबुक की सभी वीडियो पर दिखाई देने वाले हर शख्स की कुंडली खंगाली गई। हालांकि चार महीने पूर्व हथियारों को खिलौना बताकर आकिब और मैजुल को क्लीन चिट देने वाली वीडियो से ही पुलिस को तीन और सदिग्धों के गिरेबान तक पहुंचने में कामयाबी मिली। उसी वीडियो के आधार पर कार्रवाई करते हुए अब पुलिस आतंकी गतिविधियों में संलिप्त आजाद, उबैद और जलाल हैदर उर्फ समीर तक पहुंचने में कामयाब हुई। जिसके साथ ही सऊदी अरब में रहकर काम करने वाले मंडावर थाना क्षेत्र के इनामपुरा निवासी आजाद का लुक आउट भी पुलिस ने जारी कर दिया तथा उबैद और जलाल हैदर उर्फ समीर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 23 नवंबर को वायरल जिस वीडियो में आकिब खान एके-47 और हैंड ग्रेनेड दिखा रहा है, उसी वीडियो में आजाद और उबैद भी शामिल हैं। गहनता से जांच के बाद दोनों के नाम सामने आते ही पुलिस ने इनके परिवारों और रिश्तेदारों से पूछताछ करते हुए दोनों का आतंकी गतिविधियों में सम्मिलित होना पाया। उबैद नगीना देहात के गांव टांडा माईदास का निवासी है, उबैद का नजीबाबाद के गुलचंदपुर मुगला खेड़ा निवासी जलाल हैदर उर्फ समीर ने आकिब खान, आजाद और मैजुल से संपर्क कराया था। जिसके संबंध में पता चलते ही जलाल हैदर उर्फ समीर की भी गिरफ्तारी पुलिस ने की है।

### अवैध हथियारों के साथ चार गिरफ्तार



**बढ़ापुर।** उच्चाधिकारियों के आदेश पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम वीरभानवाला के महेंद्र फार्मवाला से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों में मंदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह निवासी मानपुर थाना काशीपुर जिला उधमसिंह नगर, अमरजीत सिंह उर्फ ठाकर निवासी भोगपुर थाना बढ़ापुर व इस्मीत सिंह निवासी बड़ा गुरुद्वारा थाना काशीपुर जिला उधमसिंह नगर शामिल है। पुलिस ने उनके पास से एक डीबीबीएल बंदूक 12 बोर फैक्ट्री मेड मय 14 जिंदा कारतूस 12 बोर, एक खोखा कारतूस 12 बोर, एक अदद तमंचा 315 बोर, 27 अदद जिंदा कारतूस 32 बोर के नाजायज, एक अदद चाकू रामपुरी बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र शर्मा ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### घर में घुसकर जानलेवा हमला



**नहटौर।** मौहल्ला शेखान निवासी इरफान मंसूरी अपने घर में सो रहे थे। तभी उनके पड़ोस में रहने वाले कुछ लोग घर में घुस गए और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों ने इरफान के सिर पर गंभीर वार किए, जिससे वे लहूलुहान हो गए। हमले के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि, सूत्रों के अनुसार हमलावर इरफान के ही परिवार के कुछ लोग बताए जा रहे हैं। घायल इरफान को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और उनके सिर पर पट्टी बांधी गई है। उनका उपचार जारी है। इस संबंध में कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घायल का मेडिकल कराया जा रहा है और मामले की जांच की जा रही है।

## दिशा के विद्यार्थी औद्योगिक भ्रमण के लिए काशीपुर पहुंचे




### उत्पादन प्रक्रिया की ली जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में मैनेजमेंट विभाग के 35 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

संस्था के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरुद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार रजनीश कुमार, अकादमिक इंचार्ज अमित विश्नोई एवं प्राचार्य डा. दुर्गंत जैन के निर्देशन में यह शैक्षणिक भ्रमण संपन्न हुआ। विद्यार्थियों को काशीपुर (उत्तराखंड) स्थित एक उद्योग के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कंपनी में पहुंचने पर एचआर मैनेजर कपिल देव ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया और उन्हें औद्योगिक कार्यप्रणाली के बारे में मार्गदर्शन दिया। इसके पश्चात फाइनेंस मैनेजर विवेक पांडे ने कंपनी के विभिन्न विभागों एवं उनकी भूमिकाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतिस्पर्धी बाजार में बने रहने के लिए एफएमसीजी उत्पादों और कंपनी के लिए सप्लाई चेन एवं स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वहीं क्वालिटी टीम की सदस्य प्रिया नेगी और वंदना ने छात्रों को कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पाद के डिस्पैच तक की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया। साथ ही विभिन्न खाद्य उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया भी समझाई। कार्यक्रम के दौरान कंपनी द्वारा एक वीडियो के माध्यम से अपने विजन एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी भी दी गई। अंत में विद्यार्थियों को सह-पाठ्यक्रम (एक्स्ट्रा करिकुलर) गतिविधियों के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट हेड डा. समीर अहमद, विभागाध्यक्ष बृजेश सिसोदिया, सहायक अध्यापिका नाजिश एवं ऋतिका शर्मा भी उपस्थित रहे।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का नौ दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान, जो कि कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत है, द्वारा 9 दिवसीय 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन आईटीआई में किया गया।

यह प्रशिक्षण यह प्रशिक्षण दो अप्रैल से दस अप्रैल तक नौ दिन संचालित हुआ। जिसमें प्रतिभागियों को सोलर क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सोलर वेंडर बनने की प्रक्रिया, रूफटॉप सोलर आईएसआई मानकों तथा राज्य एवं केंद्र सरकार की सब्सिडी योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

इस कार्यक्रम में आईटीआई के अनेक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सोलर पैनल से संबंधित तकनीकी एवं व्यावसायिक जानकारी प्रदान की गई, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और वे स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए प्रेरित हुए।

प्रशिक्षण के समापन पर आज सभी प्रतिभागियों को प्रमाण वितरित किए गए। जिससे उनके उत्साह एवं उपलब्धि का सम्मान किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागियों के कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कार्यक्रम की सफलता में सभी प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम में राकेश शर्मा, सत्येंद्र कुमार, कृष्ण प्रताप, वीरेंद्र कुमार वर्मा सुशील कुमार पूनम चौहान (NIESBUD) की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशिक्षण का सफल संचालन पुष्पेंद्र सिंह द्वारा किया गया। उद्यमिता कौशल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय एवं सफल रहा।

## भाजपा स्थापना दिवस पर बूथ चलो अभियान

### जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से किया संपर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बूथ चलो अभियान के अंतर्गत चांदपुर पहुंचे। जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपनी बात साझा की तथा पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत शक्ति केंद्र काजीजादगान के बूथ संख्या 171, 172, 170 व 169 पर जनसंर्क किया। महापुरुषों के चित्र पुष्पांजलि कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।



नगर आगमन के दौरान जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं सुमन त्यागी, सुधींद्र चौधरी, अनिल गुप्ता, आशु गोयल, नीरज सैनी एवं मनजीत चौधरी के आवास पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों एवं पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से ही संभव है और सभी कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करते रहें। इस मौके पर कई गणमान्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, अरविंद कुमार उर्फ पप्पू (चेयरमैन), रजनीश चौहान, जिला मंत्री केशव चौधरी, जगदीश गीरी, आशु गोयल, मंडल अध्यक्ष मीनू राजपूत, संगीता सैनी, मंडल अध्यक्ष नवनीत राणा, अमित गुप्ता, हेमंत चौहान, मनजीत चौधरी, महेश सैनी, अर्पित गोयल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत करते हुए संगठन के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की तथा आगामी चुनावों और पार्टी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष ने भी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए संगठन की एकजुटता और अनुशासन को पार्टी की सबसे बड़ी ताकत बताया।

## एक नजर

### विवेक के विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण



**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के विद्यार्थियों ने लखनऊ स्थित भारत के एकमात्र केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान का शैक्षिक भ्रमण किया। वहां के प्रसिद्ध वैज्ञानिकों द्वारा विद्यार्थियों की जिज्ञासा को शांत किया गया। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. संजीव यादव द्वारा अनुसंधान में चल रहे कार्य तथा नई औषधि प्रणाली से विद्यार्थियों को अवगत कराया। विवेक विश्वविद्यालय के फैकल्टी मेम्बर्स डा. रिजवान अहमद (ट्रेनिंग/प्लेसमेंट इंचार्ज), डा. छवि वर्मा, अभय प्रताप सिंह एवं सला.ेनी शर्मा के नेतृत्व में 38 विद्यार्थियों का एक दल लखनऊ ले जाया गया। जिसमें शैक्षिक भ्रमण के दौरान, सीएसआईआर स्थापना से वर्तमान में केंद्रीय अनुसंधाान द्वारा, विद्यार्थियों को विभिन्न विभागों में चल रहे शोध के बारे में प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को फार्मास्युटिक्स लैब, फार्माकॉलोजी एवं फार्माकोकाइनेटिक्स लैब का भ्रमण कराया और ड्रग सेटी, ड्रग हाफ-लाइफ एवं एनीमल स्टडीज के विषय में विस्तृत जानकारी दी। फार्मेसी विभाग के डीन डा.सौरभ शर्मा ने बताया कि प्रति वर्ष महाविद्यालय के विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण के लिए सीडीआरआई, लखनऊ ले जाया जाता है। विश्वविद्यालय के वाइंस चासलर प्रो. नरेश गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण विद्यार्थियों में नवाचार की भावना को बढ़ाता हैं। विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर दीपक मित्तल जी ने बताया कि फार्मेसी कोर्स के विद्यार्थियों के लिये इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण उनके कैरियर में बहुत ही महत्वपूर्ण एवं लाभदायक सिद्ध होगें। विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गोयल ने कहा कि इस विजिट का उद्देश्य विद्यार्थियों को औषधि संस्थान की नवीनतम शोध प्रणाली से अवगत कराना है। इससे विद्यार्थियों का फार्मेसी के क्षेत्र में ज्ञान बढ़ेगा।

### 24 अवतारों की महिमा सुनाई



**झालू।** मनोकामना मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन भक्ति और आस्था का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण और भजन-कीर्तन के साथ हुई, जिससे पूरे परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो गया और श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए। कथा व्यास ने दूसरे दिन नारद जी के जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए उनके पूर्व जन्म, संतों की सेवा और भगवान के प्रति अटूट भक्ति के माध्यम से देवर्षि बनने की प्रेरणादायक यात्रा को सरल भाषा में प्रस्तुत किया। इसके बाद भगवान कपिल के अवतार का वर्णन करते हुए सांख्य दर्शन, आत्मज्ञान और वैराग्य के महत्व को विस्तार से समझाया गया। भगवान वाराह अवतार की कथा सुनाते हुए बताया गया कि किस प्रकार भगवान ने पृथ्वी का उद्धार कर धर्म की रक्षा की। इस प्रसंग को कथा व्यास ने अत्यंत प्रभावशाली शैली में प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के दौरान भगवान विष्णु के 24 अवतारों का भी सुंदर वर्णन किया गया, जिसमें प्रत्येक अवतार के उद्देश्य, धर्म की स्थापना और अधर्म के नाश के संदेश को स्पष्ट किया गया। साथ ही सृष्टि के निर्माण, पालन और संहार की प्रक्रिया को सहज और रोचक ढंग से समझाया गया, जिससे उपस्थित श्रद्धालुओं को गहन आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त हुआ। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन में लीन होकर कथा का रसपान करते रहे। सायंकाल भागवत आरती के पश्चात सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस मौके पर विपिन शर्मा, दीपा शर्मा, ज्योतिषाचार्य पं. रोहित शर्मा, प्रशांत चौधरी, ऋषिपाल, जय पाल सिंह, रोहित चौधरी, विवेक शर्मा, शुभम, उदित, शशि शर्मा, राधेकृष्णा, नीतू एवं बिमला शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विनय कृष्ण खन्ना पुत्र स्व0 बाल कृष्ण खन्ना निवासी भवन संख्या 29-एल, हेस्टिंग रोड (अपोजिट सर्किट हाउस) तहसील-सदर, जनपद -प्रयागराज के द्वारा एक वसीयतनामा अपने निजी सम्बन्धी के बच्चों श्री शिवेन्द्र वीर सिंह गहलोत व त्रिभुवन वीर सिंह गहलोत पुत्रगण आशुवीर गहलोत निवासीगण भवन संख्या 101 टावर-21, ऑर्किड पेटल्स सेक्टर-49, गुड़गांव साउथ सिटी फर्रूखनगर गुड़गांव हरियाणा-12218 व अनुष्का गहलोत पुत्री ए0एस0 गहलोत निवासिनी ए-1 अनुपम इन्क्लेव, इक्लोऊ रोड, अनुपम अपार्टमेन्ट के सामने सैदुलाजाब विस्तार मेहरौली, दक्षिण दिल्ली-110030 के पक्ष में दिनांक 31.01.2021 को निष्पादित किया गया है। विनय कृष्ण खन्ना के मृत्योपरान्त उपरोक्त शिवेन्द्र वीर सिंह गहलोत व त्रिभुवन वीर सिंह गहलोत व अनुष्का गहलोत द्वारा दिनांक 13.12.2023 को उपरोक्त वसीयतनामा निबन्धन हेतु कार्यालय उपनिबंधक सदर, प्रथम, प्रयागराज में प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत वसीयतनामा के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति विशेष अथवा रिश्तेदार व अन्य को कोई आपत्ति हो तो वह लिखित रूप से अपनी आपत्ति कार्यालय उपनिबंधक सदर, प्रथम, प्रयागराज में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा सूचना की प्रकाशन तिथि से 30 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि 30 दिन में कोई आपत्ति प्रस्तुत/प्राप्त नहीं होती है तो स्व0 विनय कृष्ण खन्ना द्वारा निष्पादित वसीयतनामा दिनांक 31.01.2021 मरणोपरान्त के पंजीयन से सम्बन्धित विधि सम्मत कार्यवाही सम्पन्न कर दी जायेगी। यह सूचना आज दिनांक 09/04/26 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर से जारी की गयी।

09/04/26

उपनिबंधक
श्री चतुर्भुज पांडेय
सदर प्रथम प्रयागराज।
उप निबन्धक
सदर प्रथम, प्रयागराज।

# सिंधी भाषा में संविधान का नया अवतार

## उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने जारी किया संस्करण

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को देवनागरी और फारसी दोनों लिपियों में सिंधी भाषा में संविधान का नवीनतम संस्करण जारी किया। उप राष्ट्रपति ने सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर उप राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में सिंधी भाषी समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सिंधी सबसे प्राचीन भाषाओं में से एक है और इसकी साहित्यिक परंपरा वेदांतिक दर्शन और सूफी विचारों के अनूठे संगम को दर्शाती है, जो एकता, प्रेम और भाईचारे के सार्वभौमिक मूल्यों को बढ़ावा देती है। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार सिंधी भाषा में विशेष रूप से देवनागरी लिपि में संविधान का प्रकाशन, भाषाई समावेशिता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि संविधान केवल कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि राष्ट्र की जीवंत आत्मा है, जो इसकी आकांक्षाओं को समाहित करती है, अधिकारों की रक्षा करती है और लोकतांत्रिक शासन का मार्गदर्शन करती है उपराष्ट्रपति ने सरकार द्वारा संविधान को अनेक भारतीय भाषाओं में सुलभ बनाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल नागरिकों और शासन के बीच के अंतर को कम करने में सहायक होती है, क्योंकि इससे लोग संविधान को अपनी मातृभाषा में समझ पाते हैं, जिससे लोकतांत्रिक भागीदारी और विश्वास मजबूत होता है। श्री राधाकृष्णन ने संविधान को बोडो, डोगरी, संथाली, तमिल, गुजराती और नेपाली आदि भाषाओं में उपलब्ध कराने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रयास भारत की भाषाई विविधता का सम्मान करते हैं।

### अग्नि सुरक्षा सप्ताह 14 से

**बिजनौर।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी आरके पंडिय ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में बढ़ते अग्निकांडों की रोकथाम एवं भीषण अग्निकांडों की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इस मौके पर विभिन्न माध्यमों से आम जनता में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागृति उत्पन्न की जाती है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मनाये जाने वाले 'अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह' में प्रचार-प्रसार की थीम (सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज-आग की रोकथाम के लिए एक साथ) है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इन बातों का विशेष ध्यान रखें और अपने घरों एवं कार्यस्थलों पर अग्निशमन यंत्र अवश्य रखें और इस सप्ताह में आयोजित कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लें और स्वयं के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहयोग करें।

### परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि

**वाशिंगटन।** भारत ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। तमिलनाडु के कलपक्कम में स्थित 'प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' ने सफलतापूर्वक काम करना शुरू कर दिया है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई-टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन **16:00 बजे** तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 03-DRM-MB-26-27 09.04.2026 |
|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of jacketing in underpass 1269A in RK yard and improvement of drainage in TSS/RK and surrounding areas of underpass 1269A/1269B to prevent water logging issue in monsoon season in the section of SSE/W/RK under ADEN/RK in the jurisdiction of Sr.DEN/I/MB |
| निविदा का प्रकार | Works |
| निविदा की कीमत | Nil |
| अनुमानित लागत (रु.) | 4,57,26,835.54 |
| धरोहर राशि (रु.) | 9,14,500.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 04.05.2026 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 20.04.2026 |
| आफर की वैधता | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 Months |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 10.04.2026 1226/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# EDUCATIONAL INSTITUTIONS CONTINUE NAINITAL's LEGACY AS EDUCATION HUB



अफजल हुसैन फौजी
नैनीताल।

▸ नैनीताल देश का प्रमुख शिक्षा हब है। ▸ इस शहर की 150 साल पुरानी शैक्षिक विरासत है। ▸ देश के कई स्थानों के साथ-साथ कई विदेशी छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। ▸ ICSE, CBSE व स्टेट बोर्ड के कई नामी स्कूल यहां स्थित है। ▸ नैनीताल से पढ़े छात्र देश-विदेश में उच्च पदों पर कार्यरत हैं।

**सरोवर नगरी नैनीताल** शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित हब के रूप में विख्यात है, यहां दी जाने वाली शिक्षा का कोई सानी हीं। पिछले कुछ सालों में शैक्षिक परिवेश में वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक बदलाव देखने को मिला है। जिसमें सबसे बड़ी भूमिका इंटरनेट की रही है। नैनीताल के शिक्षण संस्थानों की बात की जाए तो वह पहले भी वैश्विक स्तर की थी और वर्तमान में भी देश में सर्वोपरि स्थान रखती हैं। इसका उदाहरण यहां स्थित आवासीय विद्यालय हैं, जहां शायद ही देश का कोई प्रान्त और विद्यार्थी हो जो यहां शिक्षा ग्रहण न कर रहा हो। इसके अलावा विदेशों के भी विद्यार्थी इन स्कूलों में अध्ययनरत हैं। नैनीताल की उत्कृष्ट शिक्षा का यह प्रत्यक्ष प्रमाण है। सर्वविदित है, नैनीताल का स्कूलों का अतीत डेढ़ सौ से भी अधिक वर्ष पुराना है। इन वर्षों में यहां के कई स्कूलों की रैंकिंग राष्ट्रीय स्तर पर टॉप टेन में शामिल रही है, जो वर्तमान में भी बरकरार है। यहां शिक्षा का पैर्टन अंतराष्ट्रीय स्तर का है। देश में चुनिंदा विद्यालय हैं, जो अंतराष्ट्रीय स्तर पर संचालित होते हैं। यही वजह है कि यहां से शिक्षित विद्यार्थी हजारों की संख्या में दुनिया भर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और अपना व अपने परिवार के अलावा विद्यालय व नैनीताल का नाम रोशन कर रहे हैं।

प्रस्तुतिः दिग्विजय सिंह बिष्ट,आकांक्षी माड़मी

## बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा दे रहा सेंट जॉन्स स्कूल






सेंट जॉन्स स्कूल की शुरुआत वर्ष 1982 में एक प्लेस्कूल के रूप में की गई थी। वर्ष 1989 में इसे श्रीमती ई.थॉमस और श्री एस.ए. थॉमस द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया, जिन्होंने कक्षा 8 तक अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन शुरू किया। वर्तमान में श्रीमती विनीता रावत के रूप में वर्तमान प्राचार्य पद पर कार्य कर रही हैं। इस विद्यालय का वातावरण नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए नगर में विशेष स्थान रखता है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित सेंट जॉन्स स्कूल बेहतर ढंग से बच्चों के चहुमुखी विकास में जुटा हुआ है। अनिवार्य विषयों के अलावा अतिरिक्त विषय भी चला रहा है। जिसके चलते इस विद्यालय के प्रति नगर में लोगों का विश्वास गहराता जा रहा है, जो कक्षा आठवीं तक संचालित की जा रही है।




## एकोर्न स्कूल बना नन्हें मुन्ने बच्चों की पहली पसंद



कक्षा पांचवी तक अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर में नन्हे मुन्ने बच्चों की पहली पसंद बन गया है। स्कूल का वातावरण बच्चों को खूब भाता है। पढ़ाई का स्तर उच्च स्तरीय है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारारिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य आशा आर्या कहती हैं कि उनका जीवन बच्चों का भविष्य संवारने के लिए समर्पित है।




## छात्राओं का भविष्य संवार रहा एमएल साह बाल विद्या मंदिर



अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर के विद्यालयों में खास स्थान रखता है। देश के विभिन्न प्रांतों की छात्राएं इस विद्यालय में शिक्षारत हैं। यह विद्यालय आवासीय के साथ दिवसीय है, जो शिक्षा के तमाम मापदंडों की पूर्ति करता है और कई दशकों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व निभा रहा है। हजारों छात्राए इस विद्यालय से अध्ययन कर अपना भविष्य संवार चुकी है। यह विद्यालय तमाम सुख सुविधाओं से सुसज्जित है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारारिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट देता आ रहा है। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य अनुपमा साह कहती हैं कि यह विद्यालय भविष्य में भी अपना दायित्व बखूबी निभाता रहेगा। प्रबंधक विनय साह के निर्देशन में विद्यालय निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है।

## शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय भूमिका निभा रहा रामा मॉन्टेसरी



शिक्षा के क्षेत्र में रामा मॉन्टेसरी विद्यालय की भूमिका अद्वितीय रही है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नर्सरी से कक्षा 8वीं के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। बच्चों का बौद्धिक का शारीरिक विकास के साथ प्रतियोगात्मक विकास पर विद्यालय प्रबंधन विशेष ध्यान देता है। जिस कारण यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नीलू एलहंस कहती हैं कि बच्चों की चहुमुखी विकास को लेकर उन्होंने विद्यालय में शिक्षण कार्य शुरू किया था और इसी उद्देश्य की पूर्ति को लेकर प्रयासरत रहती हैं।




## नगर का अग्रणी स्कूल सनवाल



उत्कृष्ट शिक्षा व कुशल प्रबंधन के चलते यह विद्यालय कक्षा 12वीं तक जा पहुंचा है। वर्ष 1952 में सनवाल स्कूल की स्थापना एंजेलिना ग्रेस सनवाल द्वारा की गई थी। लिहाजा सनवाल स्कूल अपने उद्देश्य की पूर्ति करता हुआ 73 साल का सफर तय करने में न केवल कामयाब हुआ है, बल्कि हजारों बच्चों का भविष्य संवारने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है।

सीबीएससी बोर्ड से संबद्ध सनवाल स्कूल अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में प्रबंध निदेशक गौरव सनवाल विद्यालय का कुशल प्रबंधन का दायित्व निभा रहे हैं, जबकि ए इमेन्युअल प्रधानाचार्य के पद पर बेहतर शिक्षण कार्य रही हैं। वह कहती हैं कि विद्यालय को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और आधुनिक शिक्षा के साथ बच्चों का भविष्य संवारने हेतु दायित्व निभा रही हैं।




## नगर का अग्रणी विद्यालय है बिशप शॉ इंटर कॉलेज



नीलम दानी
(प्रबन्धक)



वीना मैसी
(प्रधानाचार्य)

बिशप शॉ इंटर कॉलेज उत्तराखंड बोर्ड से सम्बद्ध अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के अग्रणी विद्यालयों में स्थान रखता है और अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय प्रबंधन की विशेषता है कि बेहद कम शुल्क में बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर, शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व बखूबी निभाता आ रहा है। तल्लीताल क्षेत्र में झील के समीप विद्यालय का वातावरण शिक्षा के माकूल है। विद्यालय प्रबंधक नीलम दानी कहती है कि उनका प्रयास विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा प्रदान कर बेहतर भविष्य बनाना है। भविष्य में भी उनका प्रयास जारी रहेगा। प्रधानाचार्य वीना मैसी कहती हैं कि वह वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक शिक्षा प्रदान करने में जुटी हुई हैं।



# हाइड्रा की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** जसपुर में हाइड्रा के नीचे दबकर एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम अंगदपुर निवासी राजीव कुमार (25 वर्ष) पुत्र जयप्रकाश कश्यप बीती रात लगभग नौ बजे अपनी बाइक से काशीपुर से एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान जसपुर में अफजलगढ़ रोड पर पानी की टंकी के पास विपरीत दिशा से आ रहे हाइड्रा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। सिर पर हाइड्रा का पहिया चढ़ने से राजीव कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद जसपुर में काशीपुर- हरिद्वार नेशनल हाईवे पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाकर शव को सरकारी सीएचसी पहुंचाया। दुर्घटना की सूचना पर मृतक के परिजन एवं गांव के अन्य लोग सीएचसी जसपुर पहुंचे। राजीव के भाई संजीव ने बताया कि राजीव कुमार अविवाहित था और राज मिस्त्री का काम करता था। राजीव की मौत से उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

थाना जसपुर की बाजार चौकी इंचार्ज भोपाल राम पौरी ने बताया कि हाइड्रा को कब्जे में ले लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए काशीपुर भेज दिया गया है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

## एक महिला सहित दो की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** दो बाइकों की आमने-सामने की भीषण टक्कर में दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग घायल हो गए। इनमें एक महिला सहित दो की हालत गंभीर है। तीनों घायलों को काशीपुर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

ग्राम मोहिउद्दीनपुर निवासी शकील अहमद (45 वर्ष) पुत्र शफीक अहमद अपनी पत्नी नसीमा खातून (40 वर्ष) के साथ एक शादी में शामिल होकर बीती रात शेरकोट से बाइक से घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बादीगढ़ चौराहा-सुआवाला मार्ग पर ग्राम हसनपुर में पिंड स्थल के पास रात्रि लगभग 8:30 बजे इनकी बाइक की सामने से आ रही दूसरी बाइक से आमने-सामने की





भीषण टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में शकील अहमद, उनकी पत्नी नसीमा खातून निवासी ग्राम मोहिउद्दीनपुर और दूसरी बाइक का चालक सरदार कुलदीप सिंह (40 वर्ष) पुत्र सरदूल सिंह निवासी ग्राम सीरियावाली थाना रेहड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर दोनों बाइक चालकों के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और तीनों घायलों को एक निजी वाहन से काशीपुर, उत्तराखंड ले गए और आयुष्मान नामक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से नसीमा खातून और उनके पति शकील अहमद को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। बाद में परिजनों ने उन्हें काशीपुर के केवीआर अस्पताल में भर्ती कराया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि इस दुर्घटना के संबंध में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर

# हाई-मास्ट लाइट खराब होने से परेशानी

## सीएचसी परिसर और मुख्य द्वार पर रहता है अंधेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार पर लगी हाई-मास्ट लाइट पिछले एक महीने से खराब है। इसके कारण शाम होते ही अस्पताल परिसर और मुख्य द्वार पर अंधेरा छा जाता है, जिससे मरीजों और उनके तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार हाई-मास्ट लाइट विधान परिषद सदस्य सत्यपाल सिंह की निधि से लगवाई गई थी। इसके लगने के बाद अस्पताल के आसपास का क्षेत्र रोशन रहता था, जिससे सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित होती थी। लाइट बंद होने के कारण रात के



समय अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों के अनुसार, एम्बुलेंस या निजी वाहनों से आने वाले लोगों को अस्पताल के अंदर जाने में परेशानी होती है। अंधेरे के कारण असामाजिक तत्वों का डर बना रहता है और आवारा पशुओं की मौजूदगी से दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है।

स्थानीय नागरिकों ने इस स्थिति पर रोष व्यक्त किया है। उनका कहना है कि 24 घंटे लोगों की आवाजाही वाले एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थान पर एक महीने से लाइट का खराब रहना विभाग की लापरवाही को दर्शाता है।

क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से एमएलसी सत्यपाल सिंह द्वारा लगवाई गई इस हाई-मास्ट लाइट को शीघ्र ठीक कराने की मांग की है, ताकि अस्पताल आने-जाने वाले लोगों को अंधेरे से होने वाली परेशानियों से मुक्ति मिल सके।

# ग्राम विकास विभाग के अधिकारी का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** ग्राम विकास विभाग से जुड़े एक अधिकारी की कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से हड़कंप मच गया है। ऑडियो में अधिकारी पर महंगे उपहार और शराब की मांग करने के आरोप लगाए जा रहे हैं, जिससे मामला चर्चा का विषय बन गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार, सामाजिक संगठन भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज के मैनेजर हरविंदर राणा ने आरोप लगाया है कि जनपद के विभिन्न ब्लॉकों में ग्राम विकास विभाग से जुड़े कुछ अधिकारी महिलाओं के साथ अनुचित व्यवहार कर रहे हैं। उनका कहना है कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कार्य कर रही कई महिलाओं ने दबाव और उत्पीड़न जैसी शिकायतें की हैं।

बताया जा रहा है कि वायरल ऑडियो में एक अधिकारी बातचीत के दौरान अपने उच्चाधिकारियों का हवाला देते हुए महंगे गिफ्ट और शराब की मांग करता सुनाई दे रहा है। ऑडियो के सामने आने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इस मामले में जब सीडीओ और बीडीओ किरतपुर से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उनसे बात नहीं हो सकी। जिसके चलते विभाग का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आ पाया है।

हरविंदर राणा ने कहा कि एक ओर सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है, वहीं दूसरी तरफ इस प्रकार के आरोप उन प्रयासों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हैं।

# बालक को सांप ने डसा



**नहटौर।** ग्राम फलोदा निवासी राज कटारिया पुत्र ब्रजपाल सिंह कक्षा पांच का छात्र है। आज शाम करीब छह बजे गांव के पास जंगल में घूमने गया था। उसी दौरान एक सांप ने उसके पैर पर डस लिया। परिजनों ने बिना देरी किए राज को नहटौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सा प्रभारी आशीष आर्य ने बताया कि बालक को एंटी स्नेक वैक्सीन लगा दी गई है और उसका उपचार जारी है।

# समस्याओं को लेकर ग्रामीणों में रोष, ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ग्राम नूरुल्लापुर के ग्रामीणों ने गांव में व्याप्त विभिन्न मूलभूत समस्याओं और ग्राम प्रधान की उदासीनता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज बड़ी संख्या में तहसील पहुंचे ग्रामीणों ने एसडीएम की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा को प्रार्थना पत्र सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग की। पत्र में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के रास्तों पर जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। साथ ही, नालियों की सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे आम जनता का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने नालियों की अविलंब सफाई कराने की मांग की है। पत्र के माध्यम से ग्रामीणों ने प्रशासन को अवगत कराया कि गांव की सड़कों पर अवैध रूप से बुग्गी, लकड़ी, रेत और ढाल रखकर रास्तों को संकरा कर दिया गया है। सड़कों पर मवेशियों (गाय, भैंस, बैल) को बांधने से आवागमन बाधित हो रहा है। धर्मशाला के सामने पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने से जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सफाई कर्मी नियमित रूप से नहीं आता है, जिसके कारण गांव की स्थिति बदतर होती जा रही है। उन्होंने मांग की कि ग्राम प्रधान को निर्देशित किया जाए कि सफाई कर्मचारी को नियमित रूप से गांव भेजकर सफाई व्यवस्था सुचारू कराई जाए। नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतों की जांच कराई जाएगी और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराया जाएगा।

**न्यायालय सिविल जज**
**( जू.डि. ) नगीना**

वाद संख्या 24/2026

सुरेन्द्र सिंह पुत्र शौनाथ सिंह निवासी ग्राम रामठेरा, परगना व तहसील-धामपुर, जनपद - बिजनौर **-वादी**

**बनाम**

1-राम प्रसाद पुत्र हरदेव सिंह, 2- किशन पुत्र हरदेव सिंह, 3- कृष्ण कुमार पुत्र नन्हे, 4- टिटू पुत्र पप्पू निवासीगण-ग्राम अब्बूनासरपुर, परगना व तहसील-धामपुर, जनपद-बिजनौर।

**-प्रतिवादीगण**

नोटिस अन्तर्गत धारा आदेश-1 नियम-8 सी.पी.सी.:-

वादी ने उक्त वाद प्रतिवादीगण के विरूद्ध हुक्म इम्तनाई (स्टे) का आराजी खसरा नं.-40 स्थित ग्राम अब्बूनासरपुर धामपुर, परगना व तहसील-धामपुर, जनपद-बिजनौर जो ग्राम समाज की भूमि है, जिसकी सीमायें इस वादपत्र के अन्त में दी गयी है की बाबत दायर किया है। क्योंकि विवादित सम्पत्ति ग्राम समाज की आराजी है। इस कारण ग्रामवासियों की संख्या बहुत अधिक है। सभी को पक्षकार मुकदमा बनाया जाना असंभव है। इस कारण उक्त वाद आदेश-1 नियम-8 सी.पी.सी. के अन्तर्गत दायर किया गया है। यदि कोई ग्रामवासी या अन्य कोई पक्ष वादी एवं प्रतिवादी बनकर अपना पक्ष उक्त वाद में रखना चाहे तो रख सकता है।

उक्त वाद में दिनांक 13.04.2026 नियत है। यदि किसी पक्ष को कोई आपत्ति करनी है या पक्षकार मुकदमा बनना है, तो नियत तिथि पर आकर माननीय न्यायालय में अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

**नियत दिनांक:- 13.04.2026**

**प्रबंधक**
**सिविल जज ( जू.डि. )**
**नगीना, बिजनौर।**

# वीकेआईटी में दूसरे दिन शूटिंग चैंपियनशिप

## फजलपुर की टीम ने मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेज़ेस में चल रहे तीन दिवसीय 'कल्पवृक्ष-2026' समारोह के दूसरे दिन शूटिंग चैंपियनशिप में डा.नीरज चौधरी व राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप तथा रालोद छात्र संघ के जिलाध्यक्ष परितोश चंदेल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस मौके पर कॉलेज के प्रबंध निदेशक अभिषेक सिंह व शूटिंग रेंज इंचार्ज शमीम अहमद व डीन राजीव कुमार, रजिस्ट्रार अमित कुमार, विभागाध्यक्ष संदीप सिंह, मौहम्मद जाहिद परीक्षा नियंत्रक आदि मौजूद रहे।



10 मीटर एयर पिस्टल व राइफल में 38 शूटरों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 10 मीटर राइफल में यश कुमार 392/400 रूट्स स्कूल नूरपुर व शगुन 397/400 व 10 मीटर एयर पिस्टल में अथर्व शेरावत 365/400, डीपीएस स्कूल बिजनौर, शिवम कुमार 362/400 वीकेआईटी बिजनौर, नक्श मलिक 348/400 डीपीएस बिजनौर, कर्त्तव्य तोमर 344/400, एकलव्य शूटिंग रेज ओपन साइड राइफल में विधान 179/200, रिहान 175/200, शिक्षा सदन स्कूल मीरपुर ने प्रतिभाग किया कल शनिवार शूटिंग चैपियनशिपन का फाइनल मुकाबला होगा। द्वितीय दिवस में महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार के खेल, जिसमें क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, लंबी कूद, डिस्कस थ्रो, डॉर्ट खेल, आर्ट गैलरी, फायरलैस कूकिंग आदि का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता के कोऑर्डिनेटर मौहम्मद जाहिद व नागेंद्र सिंह ने बताया कि पहला मुकाबला कृष्णा कॉलेज व व केसीपी के बीच खेला गया। जिसमें कृष्णा कॉलेज ने 34/23 से मुकाबले में जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला वीकेआईटी एवं मंगोलपुरा टीम के बीच खेला गया। जिसमें वीकेआईटी की टीम ने 45/19 से मुकाबला में जीत दर्ज कराई। इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले कल खेले जाएंगे। डिस्कस थ्रो में परमजीत सिंह ने 99.1 मीटर थ्रो फेंककर प्रथम स्थान प्राप्त किया। फायरलैस कुकिंग प्रतियोगिता में दिव्यांशी सेठ ने प्रथम व नुजहत राही ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद प्रतियोगिता में कार्तिक ने 5.55 मीटर छलांग लगाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। डॉर्ट खेल प्रतियोगिता में परमीत ने प्रथम एवं जैद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

खो-खो प्रतियोगिता के कोऑर्डिनेटर गौरव कुमार ने बताया कि स्टेडियम की टीम ने जेपीएसडी स्कूल बांकपुर की टीम को फाइनल मुकाबले में हराकर अपनी जीत दर्ज की। बैडमिंटन प्रतियोगिता के कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार व नेहा रानी ने बताया कि महिला सिंग्लस में आयुषी काला ने आरोही को हराकर मुकाबला अपने नाम किया। मिक्स डब्ल्स में यश ठाकुर और रिचा ने वीर और वंशिका को हराया। बैडमिंटन का फाइनल मुकाबला कल खेला जाएगा।

क्रिकेट प्रतियोगिता के कोऑडिनेटर मौहम्मद जुबैर व मौहम्मद बिलाल ने बताया कि आज द्वितीय दिन का पहला मुकाबला गजरौला की टीम ने पहले खेलते हुए निर्धारित 6 ओवर में जैन फार्म को 32 रनों का लक्ष्य दिया। जिसमें जैन फॉर्म ने 6 विकट से मुकाबला अपने नाम किया। द्वितीय मैच का मुकाबला काजीपाड़ा व फजलपुर के बीच में खेला गया। पहले खेलते हुए काजीपाड़ा ने निर्धारित 6 ओवर में 31 रनों का लक्ष्य दिया। जिसको फजलपुर की टीम ने सात विकट से जीतकर सेमीफाइल में अपनी जगह पक्की की। इस प्रतियोगिता के सेमीफाइल व फाइलन मुकाबले कल खेले जाएंगें। मिनिऐचर मार्वल प्रतियोगिता में टीना ने प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान नीरज कुमार ने प्राप्त किया। फन गेमों की श्रृंखला में पुशअप प्रतियोगिता में अंश चौधरी कृष्णा कॉलेज ने प्रथम प्राप्त किया। सिंबल पहचानों गेमों की प्रतियोगिता में कृतिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर में रोजी वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेज की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 'कल्पवृक्ष-2026' के अंतिम दिवस में विद्यार्थियों के मध्य नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें मुम्बई के जज मोहन सिंह को आमंत्रित किया गया है। समारोह को सफल बनाने में डीन राजीव कुमार, रजिस्ट्रार अमित कुमार, विभागाध्यक्ष संदीप सिंह, मौहम्मद जाहिद, नागेंद्र सिंह, नरदेव सिंह, अमित चौधारी, बिरेंद्र, संसार सिंह, मौहम्मद बिलाल, गाजी अब्बास, नावेद, सचिन कुमार, मुनेश कुमार, साहिबा, सीमा, मानसी चौधारी, तबस्सुम, सलोनी, ज्योति, मिनाक्षी, रोहित कुमार, मौहम्मद जुबैर, मौहम्मद विशाल, असमा परवीन, शाहिस्ता, हिमांशी, नितिन कुमार, दीपक काकरान, गौरव कुमार, अरविंद कुमार, दीपक कुमार, आदि समस्त स्टॉफ का भी सहयोग रहा।

## एक नजर

### युवकों पर धारदार हथियार से हमला



**हल्दौर।** ग्राम चांदा नंगली निवासी शुभम शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने चचेरे भाई अनुज शर्मा के साथ बाइक से नांगल जट स्थित एक क्रेशर पर अपने भाइयों को खाना देने गया था। लौटते समय नांगल जट पुलिया के पास रास्ते में दो युवकों ने उन्हें रोक लिया। जहां कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। दोनों हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे शुभम के गले और अनुज के हाथ में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने शुभम की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शुभम की तहरीर के आधार पर गांव के ही ऋतिक, कौशल पुत्रगण धर्मपाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने किशन अवतार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### युसूफ मंसूरी से शिष्टाचार भेंट



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष इमरान मंसूरी ने दिल्ली में प्रदेश अध्यक्ष युसूफ मंसूरी से मुलाकात की। जिला अध्यक्ष इमरान मंसूरी अपनी टीम के साथ मंसूरी फार्म हाउस (दिल्ली) पहुंचे। जहां भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष युसूफ मंसूरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान इमरान मंसूरी का उनके टीम के साथ दिल्ली में जोरदार स्वागत हुआ। तत्पश्चात संगठन के मजबूती और विस्तरीकरण पर चर्चा की गई। इस मौके पर शाकिर मंसूरी सचिव दिल्ली प्रदेश, डा. इकबाल मंसूरी जिलाध्यक्ष रोहिणी, मुनीर मंसूरी जिलाध्यक्ष तिलक नगर, रमेश सिंह, रईस प्रधान, भोलू अहमद और शाह आलम राजन और सभी सम्मानित लोग उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान इमरान मंसूरी ने संगठन की मजबूती और उसके विस्तारिकरण पर चर्चा करते हुए अपने विचारों से उन्हें अवगत कराया। जिस पर उन्होंने इमरान मंसूरी को पूरी तरह संगठन के प्रति निष्ठा और लगन देखते हुए आश्वस्त करते हुए कहा है कि बिजनौर में हमारी यूनियन सबसे मजबूत है और प्रभावशाली है। इमरान मंसूरी के साथ प्रदेश अध्यक्ष से मिलने वालों में रईस अहमद प्रधान, वकील अहमद, डा.इकबाल, शाकिर मंसूरी आदि शामिल रहे। इससे पहले इमरान मंसूरी ने अपने प्रदेश अध्यक्ष को फूलों का गुलदस्ता भी भेंट किया। दिल्ली पहुंचने पर इमरान मंसूरी का प्रदेश अध्यक्ष द्वारा फूलों की मालाओं से स्वागत किया। गौरतलब है कि इमरान मंसूरी यूनियन के प्रतिनिष्ठा और लगन से जुटे हुए हैं और लगातार संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्य करने लगे रहते हैं।

### विश्व होम्योपैथी दिवस पर कार्यक्रम



**किरतपुर।** विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर 'होमियो रूट्स' में एक विशेष जागरुकता कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। होम्योपैथी के संस्थापक डा. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को यह दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन के बीच इस प्राकृतिक, सुरक्षित और प्रभावी चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरुकता बढ़ाना रहा। इस दौरान उपस्थित लोगों को होम्योपैथी के सिद्धांतों, लाभों एवं उपचार पद्धति की जानकारी दी गई। इस मौके पर होम्योपैथिक चिकित्सक डा. कौस्तुभ गोयल ने कहा कि होम्योपैथी केवल एक चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि शरीर को प्राकृतिक रूप से स्वयं को स्वस्थ करने की क्षमता प्रदान करती है। एलोपैथी या अन्य उपचार पद्धतियों के विपरीत, होम्योपैथी रोग के लक्षणों को दबाने के बजाय उसकी जड़ पर कार्य करती है। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में जहां तनाव और असंतुलित दिनचर्या से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, वहां होम्योपैथी बिना किसी दुष्प्रभाव के एक सुरक्षित विकल्प के रूप में उभर रही है। उन्होंने आगे बताया कि 'होमियो रूट्स' में मरीजों की शारीरिक के साथ-साथ मानसिक स्थिति को समझकर समग्र उपचार प्रदान करने का प्रयास किया जाता है, जिससे उन्हें स्थायी स्वास्थ्य लाभ मिल सके। कार्यक्रम के अंत में डा. गोयल ने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि वे स्वास्थ्य के इस सौम्य और प्राकृतिक माध्यम को अपनाकर अपने जीवन को स्वस्थ एवं संतुलित बनाए।

### वांछित सुल्तान गिरफ्तार

**नगीना।** पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित सुल्तान निवासी महेश्वरी जट को आज गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि आठ अप्रैल को पीड़ित पक्ष द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अगले ही दिन किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मुकदमे में धारा 87 बीएनएस की वृद्धि की थी।

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेन्स के यहां श्री रवि पुत्र यशवीर सिंह निवासी ग्राम नवादा केशो, परगना व तहसील धामपुर ने अपने भवन निर्मित 163.19 वर्ग मी. खसरा न. 27 स्थित ग्राम नवादा केशो के सापेक्ष में ऋण आवेदन किया है। जिसे उसकी माता माया देवी पत्नी यशवीर सिंह ने बही सं. 1 जिल्द सं. 16559 पृष्ठ सं. 313 से 326 क्रमांक 6251 दिनांक 29.03.2026 को दान किया था। उक्त के सम्बंध में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, उत्तराधिकारी या किसी अन्य को कोई आपत्ति हो, तो 7 दिन के भीतर निम्न पते व सम्पर्क सूत्र पर आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

## एक नजर

### 108 मंडलेश्वर की उपाधि से नवाजा



**धामपुर।** गौ माता की कृपा से श्री पंचायती देवऋषि अखाड़े द्वारा आचार्य डा.दिनेश चंद्र भारद्वाज को श्रीश्री 108 मंडलेश्वर की उपाधि प्रदान की गई। सनातन धर्म में साधु समाज के द्वारा यह उपाधि दी जाती है। अब आचार्य श्री अपने नाम के साथ श्रीश्री 108 मंडलेश्वर आचार्य डांक्टर दिनेश चंद्र भारद्वाज लगा सकते हैं। धामपुर हैजरी वाइट हाउस के भव्य प्रांगण में यह कार्य हवन पूजन के साथ सम्पन्न हुआ। आचार्य डा. दिनेश चंद्र भारद्वाज का अभिषेक, चादर ओढ़ाना तथा पुष्प माला समर्पण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अनंत में विशाल भंडारे का आयोजन रहा। जिसमें दूर-दूर से आए साधु समाज ने भाग भाग लिया। ज्ञात हो कि धामपुर नगर में संस्कृत के प्रकांड विद्वान, कर्मकांड, ज्योतिष वास्तु विशेषज्ञ, गौ सेवा में तत्पर श्री शिव शक्ति पीठाधीश्वर आचार्य डा. दिनेश चंद्र भारद्वाज को इस उपाधि से सम्मानित किया गया। आचार्य श्री के शिष्यों भक्तों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिला। अनंत श्रीशिव शक्तिपीठ एवं संस्कार शाला आश्रम पर स्वागत बधाईयों का सिल सिला चल रहा है। बिहार मुंगेर से महामंडलेश्वर देवनायक दास महाराज तथा आचार्य महामंडलेश्वर गौरवानंद मुनि ने राजपूत विहार स्थित अनंत श्रीशिवशक्तिपीठ एवं संस्कार शाला आश्रम पर पहुंच कर मंडलेश्वर आचार्य डा.दिनेश चंद्र भारद्वाज श्री शिव शक्ति पीठाधीश्वर को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल



**बिजनौर।** कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर (बैच 2024-25) के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। इस वर्ष तृतीय सेमेस्टर का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिससे संस्थान में खुशी का माहौल है। तृतीय सेमेस्टर के परिणामों में पलक रवि ने 85.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अक्षिता रावत ने 78.33 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा कशिश रानी ने 77.67 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्थान के प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी सफल छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन का परिणाम है। इस मौके पर कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार, कॉलेज प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार तथा प्राचार्या डा. सफिया खानम ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी इसी प्रकार मेहनत करते रहें और आगे चलकर स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान दें।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री का स्वागत



**धामपुर।** कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तराखंड राज्य की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री के धामपुर आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। धामपुर स्थित राजपूताना रिसॉर्ट के पास पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुधीर कुमार एड., जिला सचिव वसी उर रहमान, पूर्व जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस डा. सुमन चौधरी, पूर्व जिला महासचिव राजेंद्र सिंह चौहान, पूर्व जिला सचिव डा. जुनैद, शशि बिट्टू, एनडी मंसूरी, राना गांधी, विपिन चौधरी, शाहजेब, शहबाज कुरैशी, मंसूर अहमद, सईद सिद्दीकी, दिनेश शर्मा, नेपाल सिंह, कुंवर प्रिंस तथा हरीशचंद कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं ने धामपुर में समय देने के लिए उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल एवं प्रभारी का आभार व्यक्त किया। साथ ही संगठन को मजबूत करने और आगामी रणनीति पर भी चर्चा की गई।

### विवाह समारोह में संघर्ष के बाद मुकदमा दर्ज



**नहटौर।** धामपुर मार्ग पर नाज बैंकट हॉल में एक विवाह समारोह के दौरान दुल्हन के निकाह करने से इनकार करने पर घरातियों व बरातियो के बीच हुए संघर्ष में ग्राम प्रधान के साथ मारपीट होने पर ग्राम प्रधान की ओर से एक नामजद व तीन से चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वीडियो के आधार पर पुलिस अज्ञातों की पहचान करने में जुटी हुई है। नहटौर के जसमोरा मिर्जापुर की एक युवती की बारात नूरपुर से आई थी। नहटौर के धामपुर मार्ग पर नाज बैंकट हाल में कार्यक्रम था। निकाह की रस्मों के दौरान युवती ने शादी से इनकार कर दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों (घराती और बाराती) के बीच गहमागहमी बढ़ गई। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट और पथराव शुरू हो गया। इस दौरान मिर्जापुर के ग्राम प्रधान दानिश के साथ भी मारपीट की गई। दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया है कि उनकी गाड़ियों पर पथराव किया गया और उन्हें काफी नुकसान पहुंचाया गया। इस पूरी घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें लोग एक-दूसरे से भिड़ते नजर आ रहे हैं। ग्राम प्रधान दानिश की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद ग्राम सदरूददीनगर निवासी फरमान और 3-4 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से भी मारपीट, गाली-गलौच और गाड़ियों में तोड़फोड़ की तहरीर दी गई है। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# विधान परिषद की समीक्षा बैठक

## अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति के सभापति अश्विनी त्यागी के सभापतित्व में आज दोपहर कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में जिले के विकास कार्यों, लंबित प्रकरणों और सरकारी विनियमावलियों के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की गई।



मा. सभापति श्री त्यागी ने जिला आबकारी अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता जल निगम द्वारा बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ने और अपने स्थान पर अपने अधीनस्थ अधिकारी को माननीय समिति की बैठक में प्रतिभाग करने के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके खिलाफ शासन को लिखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न सरकारी विभागों के अंतर्गत प्रचलित नियमों और उपनियमों की व्यवहारिकता की जांच करना, जनहित में उनके प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना तथा नियमों का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुए आमजन को सुविधा प्रदान कराना है और विभागीय अधिकारियों को अपने दायित्वों के प्रति सजग एवं संवे. दनशील बनाना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग से संबंधित प्रकरणों के बारे पूछे जाने वाले प्रश्नों का स्पष्ट और प्रमाणित रूप से उत्तर उपलब्ध कराएं। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा शासन द्वारा निर्धारित नियमों और विनियमों के पालन की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि कोई भी प्रकरण लंबित न रहे और निर्धारित समय अवधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ उनका निराकरण करना सुनिश्चित करें।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध जनों को शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत रूप से आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें तथा जिले में कोई भी टीबी का मरीज किसी भी अवस्था में बिना पोटली प्राप्त किया नहीं रहना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि टीबी मरीजों की संख्या के सापेक्ष पोटली पोषित करने वाले अधिकारियों, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थान की सूची उपलब्ध कराएं। उन्होंने जिलाधिकारी एवं डीएफओ बिजनौर को निर्देशित किया कि अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की सुविधा बढ़ाने और उत्तराखंड स्थित जिम कार्बेट के 7 किलोमीटर क्षेत्र को आय का स्रोत बनाने के लिए कार्य योजना बनाएं। बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता में भी अपेक्षित सुधार लाएं तथा बेसिक शिक्षा क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करें और जिन अध्यापकों के द्वारा अपने कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है उनका स्पष्टीकरण तलब करें। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक से समन्वय स्थापित करते हुए सभी पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि जिला विद्युत समिति की बैठक नियमित त्रैमासिक रूप से आयोजित करें और प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक में वर्ष 2024 से अब तक विधान मंडल के सदस्यों से प्राप्त पत्रों एवं विकास कार्यों से संबन्धित प्रस्तावों/मामलों, विभिन्न विभागों द्वारा जनप्रतिनिधियों के पत्राचार के निस्तारण की स्थिति, शासकीय कार्यक्रमों में प्रोटोकाल अनुपालन, जनप्रतिनिधि रजिस्टर की उपलब्धता तथा प्रोटोकाल उल्लंघन से संबंधित मामलों तथा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं जिला स्तर पर आयोजित प्रमुख सरकारी कार्यक्रमों व योजनाओं के विवरण की समीक्षा की गई। उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और आईजीआरएस (IGRS) पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बरतने पर जोर दिया गया। समीक्षा बैठक में मानव सम्पदा पोर्टल पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संपत्ति विवरण प्रस्तुत करने की स्थिति तथा भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए जनहित से जुड़े लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण प्राथमिकता पर किए जाने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर मानवेंद्र सिंह सदस्य विधान परिषद, पवन कुमार सिंह सदस्य विधान परिषद, वीरेंद्र सिंह सदस्य विधान परिषद, अरुण प्रकाश शर्मा अनु सचिव, मयंक यादव समीक्षा अधिकारी, आशीष सिंह प्रतिवेदक, अभिनव तिवारी सहायक समीक्षा अधिकारी, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) वान्या सिंह, प्रशासन अंशिका दीक्षित, अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ग्रामीण सहित, सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# धामपुर क्षेत्र के 16 गांवों में बैनामों पर लगी रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस-वे के निर्माण की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसी क्रम में धामपुर क्षेत्र के 16 गांवों की जमीनों पर बैनामों (रजिस्ट्री) पर रोक लगा दी गई है, जिससे भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा किया जा सके।

उपनिबंधक कार्यालय धामपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिन गांवों से एक्सप्रेस-वे का प्रस्तावित मार्ग गुजरेगा, उन गांवों की खसरा संख्या चिन्हित कर ली गई है और संबंधित भूमि पर किसी भी प्रकार के बैनामे पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।

उपनिबंधक कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि यह

### एक्सप्रेस-वे निर्माण की प्रक्रिया शुरू

कदम भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने और किसी प्रकार की अनियमितता को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है।

बताया जा रहा है कि धामपुर क्षेत्र के जिन 16 गांवों में यह रोक लागू की गई है, उनमें असगढ़, पापसरा, फैजपुर रामानंद, मारुफपुर, वाकरनगर, मेहरपुर, अलीपुर, पहाड़पुर, हरपुर, अकबरपुर देवमल, बेगराजपुर, आलमपुर सलावा, जगपुरा, रुस्तमपुर शेर, ताहरपुर अस्करन, रघुनाथपुर सहित अन्य गांव शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, इन गांवों की भूमि का सर्वेक्षण कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है और अब जल्द ही भूमि अधिग्रहण की औपचारिक प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस परियोजना के पूरा होने के बाद क्षेत्र में आवागमन की सुविधा में सुधार होगा और लोगों को लंबी दूरी तय करने में समय की बचत होगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान में धामपुर क्षेत्र से गोरखपुर जाने के लिए सीधा मार्ग उपलब्ध नहीं है, जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में एक्सप्रेस-वे के निर्माण से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। सरकार की इस परियोजना को क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे न केवल यातायात व्यवस्था सुधरेगी बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

### हज यात्रियों का प्रशिक्षण शिविर कल

**किरतपुर।** जनपद से हज यात्रा 2026 पर जाने वाले यात्रियों के लिए 12 अप्रैल को एक विशेष प्रशिक्षण शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक अवामी इमदादी सोसायटी, मंडावर रोड में आयोजित होगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सौरभ कुमार सिंह ने बताया कि शिविर में हज यात्रा से संबंधित आवश्यक अरकान एवं हज कमेटी ऑफ इंडिया और सऊदी अरब द्वारा जारी गाइडलाइन के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जनपद के हज ट्रेनर मुख्तार अहमद अंसारी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने सभी चयनित हज यात्रियों से अपील की है कि वे शिविर में उपस्थित होकर हज यात्रा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करें, ताकि यात्रा सुगम और सुरक्षित हो सके। प्रशासन ने इसे हज यात्रियों के लिए उपयोगी पहल बताते हुए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है।

### विश्व पार्किंसन दिवस: समय पर पहचान और सही जीवनशैली से रोग नियंत्रण संभव



**बिजनौर।** हर वर्ष 11 अप्रैल को विश्व पार्किंसन दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य इस बढ़ती न्यूरोलॉजिकल बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना है। वरिष्ठ मनोचिकित्सक डा. नितिन कुमार संगमित्र ने बताया कि पार्किंसन रोग धीरे-धीरे बढ़ने वाली बीमारी है, लेकिन समय पर पहचान और उचित उपचार से मरीज लंबे समय तक सक्रिय और स्वतंत्र जीवन जी सकता है। डा. संगमित्र के अनुसार, पार्किंसन के लक्षण केवल हाथों की कंपकंपी तक सीमित नहीं होते। इसके अंतर्गत शारीरिक लक्षणों में हाथ, पैर या ठुड्डी में कंपकंपी, शरीर में जकड़न, चलने में धीमापन, संतुलन में कठिनाई, लिखावट का छोटा हो जाना और चेहरे के भाव कम होना शामिल हैं। वहीं गैर-शारीरिक लक्षणों में कब्ज, नींद में गड़बड़ी, अवसाद, स्मरण शक्ति में कमी, आवाज का धीमा होना और गंध पहचानने की क्षमता में कमी देखी जाती है। कई बार ये लक्षण बीमारी शुरू होने से वर्षों पहले दिखाई देने लगते हैं। उन्होंने बताया कि पार्किंसन को पूरी तरह रोका नहीं जा सकता, लेकिन नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, रक्तचाप, मधुमेह और कोलेस्ट्रॉल का नियंत्रण, सिर की चोट से बचाव तथा मानसिक रूप से सक्रिय रहने से इसके जोखिम को कम किया जा सकता है और रोग की प्रगति को धीमा किया जा सकता है। एक उदाहरण में 58 वर्षीय व्यक्ति में हाथ की हल्की कंपकंपी और लिखावट में बदलाव के लक्षण दिखे। समय पर जांच और उपचार से उनकी स्थिति नियंत्रित रही और वे सामान्य जीवन जी रहे हैं।

# रसूलपुर आबाद में लोकेंद्र चौधरी का स्वागत

## गांव चलो अभियान में उमड़ा जनसैलाब, योजनाओं की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** भारतीय जनता पार्टी के 'गांव चलो अभियान' के तहत झाल मंडल के ग्राम रसूलपुर आबाद में आयोजित कार्यक्रम उस समय जनउत्सव में बदल गया, जब लोकेंद्र चौधरी के आगमन पर ग्रामीणों ने उनका ऐतिहासिक स्वागत किया। गांव में प्रवेश करते ही फूल-मालाओं की वर्षा, ढोल-नगाड़ों की गूंज और उत्साहित ग्रामीणों की भीड़ ने माहौल को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया।



कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी ने यह स्पष्ट कर दिया कि अभियान को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। लो. केंद्र चौधरी ने ग्रामीणों के बीच बैठकर सीधे संवाद स्थापित किया और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से समझाया।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और सामूहिक विवाह योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने दावा किया कि सरकार पारदर्शिता और विकास के एजेंडे पर लगातार कार्य कर रही है और कार्यकर्ता गांव-गांव तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में जुटे हैं। लोकेंद्र चौधरी ने कहा कि 'गांव चलो अभियान' केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है, जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ रही है और योजनाओं का लाभ तेजी से पहुंच रहा है।

इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं भी खुलकर रखीं। चौधरी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर समाधान कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और वे हर परिस्थिति में क्षेत्रवासियों के साथ खड़े रहेंगे। कार्यक्रम में सुरेंद्र सिंह, राजीव कुमार, ब्रजवीर सिंह, तेजपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, मनु, सोनू, अतर सिंह, धीर सिंह, काले, ऋषभ समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को जनजागरण की दिशा में प्रभावी कदम बताते हुए इसकी सराहना की।

## एक नजर

### छात्राओं को जागरूक किया



**नजीबाबाद।** स्थित गुरु राम राय इंटर कॉलेज में 10 अप्रैल को मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं को सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उप निरीक्षक अवधेश शर्मा, महिला हेड कांस्टेबल निर्वशी, महिला कांस्टेबल प्रिया, प्रीति (2163), सोनम (2149) और कांस्टेबल सूरज मौजूद रहे। उन्होंने बालिकाओं को वीडियो के माध्यम से जागरूक किया। छात्राओं को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, छात्रवृत्ति योजना और कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। इनमें 1090 (वीमेन हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 108 (एंबुलेंस सेवा), 101 (अग्निशमन सेवा), 102 (गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशु के लिए एंबुलेंस), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 181 (वीमेन हेल्पलाइन) और 1930 (साइबर फ्राड हेल्पलाइन) शामिल थे।

### टावर निर्माण के विरोध में सौंपा ज्ञापन

नगीना। मौहल्ला लाल सराय में आबादी के बीच लग रहे मोबाइल टावर के विरोध में भाकियू (महात्मा टिकैत) ने मोर्चा खोल दिया है। तहसील अध्यक्ष मौहम्मद आमिर के मुताबिक स्थानीय लोगों की सुरक्षा की अनदेखी कर निर्माण कार्य फिर से शुरू कर दिया गया है। उन्होंने एसडीएम से निर्माण कार्य को तत्काल रोकने की मांग की है और कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

### ब्लॉक परिसर में गंदगी के अम्बार



**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की बैठक ब्लॉक परिसर में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी बलजीत सिंह ने कहा कि ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत में सफाई कर्मचारियों की कमी के चलते गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। ब्लॉक क्षेत्र के ज्यादातर गांव में गंदगी फैली हुई है। ब्लॉक में सफाई कर्मचारियों की कमी नहीं है, लेकिन ग्राम पंचायत में पर्याप्त मात्रा में सफाई कर्मचारी नहीं लगाए गए हैं। सभी गांव में आवश्यकता अनुसार सफाई कर्मचारी तैनात किए जाएं। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों पर राहगीरों को अनावश्यक रूप से परेशान करने का आरोप लगाते हुए सुधार करने की मांग की। बैठक का संचालन राहुल चौधरी ने किया। बैठक को डा. धर्मवीर सिंह, इमरान मलिक, नसीरूल, राजवीर सिंह, राजपाल सिंह, शाहनवाज, वीरेंद्र सिंह, ओम प्रकाश सिंह, पुखराज सिंह, सचिन प्रधान, मूलचंद सिंह, राम भजन आदि ने संबोधित किया।

### ट्रैक्टर ट्राली ने भैंसा बुग्गी में मारी टक्कर



**नांगल सोती।** मौहल्ला बड़तला निवासी संदीप कुमार भैंसा बुग्गी लेकर एक कोल्हू से नांगल-चंदक मार्ग पर आ रहा था। खानपुर तिराहे के समीप वीके फार्म हाउस के सामने नांगल की ओर से जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली ने भैंसा बुग्गी में टक्कर मार दी। हादसे में भैंसा घायल हो गया। जबकि बुग्गी क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान भैंसा बुग्गी चालक ने कूद कर किसी तरह अपनी जान बचाई। संयोग से कोई राहगीर ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में नहीं आया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया। नांगल थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर ने बताया कि हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास चल रहे है।

### गणेश क्लब 84 रन बना कर जीता



**धामपुर।** बीएस क्रिकेट क्लब की ओर से सिंदर पाल जुनेजा मेमोरियल टूर्नामेंट का आयोजन सिंदर स्पोर्ट के ओनर रितेश जुनेजा व युवा सर्राफा संघ धामपुर के अध्यक्ष योगेश रस्तोगी उर्फ बाबू भाई के द्वारा केएम इंटर कॉलेज धामपुर के मैदान में कराया जा रहा है। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि युवा व्यापार संघ धामपुर के पदाधिकारी व सदस्य विभु प्रकाश बंसल, अक्षत अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, रवि रस्तोगी, अर्पित सिंघल, विशाल गुप्ता, बालकिशन रस्तोगी, लोकेश रस्तोगी, जितेंद्र वर्मा, नितिन सैनी, पंकज अग्रवाल, बृजवासी यश रस्तोगी मौजूद रहे। बृहस्पतिवार की रात पहला मैच बनी गनेश क्लब व न्यू हिंदू कलोनी धामपुर के बीच हुआ। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए बनी गणेश क्लब ने 84 रन बनाए। दूसरी टीम न्यू हिंदू कॉलोनी धामपुर लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 50 रन पर ऑल आउट हो गई। टूर्नामेंट के दूसरा मैच पैंथर क्लब दिल्ली व जैदी क्लब रसूलपुर के बीच हुआ। जिसमें जैदी क्लब रसूलपुर ने आठ ओवर में 79 रन बनाएं। जिसको पैंथर क्लब दिल्ली के बल्लेबाज अंकुश ने छक्को की बारिश करते हुए आसानी से जीत लिया। मैच के अंपायर आमिर अंसारी एड. व फरमान खान रहे। टूर्नामेंट का तीसरा मैच अफगानान क्लब धामपुर पाटिल क्लब धामपुर के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानान क्लब धामपुर ने 8 ओवर में 135 रनों का स्कोर खड़ा कर दिया। बड़े लक्ष्य को देखकर पाटिल क्लब घबरा गई और 42 रन पर सिमट गई और मैच हार गई।

# अन्तिम मतदाता सूची प्रकाशन से पूर्व राजनैतिक दलों की ली बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला प्रशासन की ओर से सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के जनपदीय प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचक नामावलियों के अन्तिम प्रकाशन को लेकर बैठक का आयोजन कर निर्वाचन नामावलियों की हार्ड कॉपी उपलब्ध करायी।

**0 जेंडर रेश्यो में भी सुधार**
**जिलाधिकारी ने बैठक लेकर दी जानकारी, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सौंपी हार्ड कॉपी**

शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्वाचन नामावलियों (वोटर लिस्ट) की हार्ड कॉपी सभी दलों को उपलब्ध कराई गई। बैठक में डीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल मतदाताओं की संख्या अब 13 लाख 43 हजार 51 हो गई है। विधानसभा क्षेत्रवार आंकड़ों के अनुसार चंदौसी में 3,23,998, असमोली में 3,51,945, सम्भल में 3,27,100 और गुन्नौर में 3,40,008 मतदाता दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट प्रकाशन के समय जनपद का ईपी निर्वाचक संख्या रेशियो 45.65 प्रतिशत था, जो अंतिम प्रकाशन में 3.33 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 48.98 प्रतिशत पहुंच गया है। वहीं जेंडर रेश्यो में भी सुधार दर्ज हुआ है। पहले यह 806 था, जो अब बढ़कर 820 हो गया है। जिलाधिकारी ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को सफल बनाने में सभी राजनीतिक दलों, निर्वाचन अधिकारियों (ई आर ओ, ए आर ओ) डिप्टी डीईओ, मीडिया और आम जनता के सहयोग को सराहा और सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सामूहिक प्रयास ही लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। यह बैठक आगामी चुनावों को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।इस मौके पर एडीएम प्रदीप कुमार वर्मा भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू तथा जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी असगर अली अंसारी तथा जिलाध्यक्ष कांग्रेस मौ. आरिफ तुर्की आदि मौजूद रहे।



सम्भल-मतदाता सूची के अन्तिम प्रकाशन को राजनेतिक दलों की बैठक में जानकारी देते जिलाधिकारी।

# यूनानी अस्पताल को अस्सी साल में मिलेगा अपना भवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** कस्बे के यूनानी एवं आयुर्वेदिक होम्योपैथिक व पशु चिकित्सालय आजादी के अस्सी साल में भी किराए के भवनों में संचालित किए जा रहे हैं। भूमि उपलब्ध कराने को उत्र्र के आयुष विभाग द्वारा जारी किए गए पत्र पर प्रशासन ने आठ वर्ष बाद कार्रवाई की है। जिससे अस्पतालों का अपना भवन होने की उम्मीद हुई है।

गौरतलब है कि उक्त तीनों चिकित्सालय आजादी के लगभग अस्सी वर्ष बाद भी किराए के भवनों में ही संचालित ह किए जा रहे हैं आयुष विभाग के सचिव ने कई 2018 को जिला प्रशासन को पत्र लिखकर राजकीय यूनानी चिकित्सालय के भवन निर्माण के लिए सक हज़ार वर्ग मीटर नि:शुल्क भूमि उपलब्ध कराने को कहा था, लेकिन प्रशासन ने इस ओर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया। नगर पंचायत चेयरमैन कौसर अब्बास ने उक्त तीनों अस्पतालों को भूमि उपलब्ध कराने के लिए मार्च 2025 को जवाहर लाल इंटर कॉलेज में बोर्ड की बैठक आयोजित कर भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव कराया। पारित प्रस्ताव की प्रक्रिया धीरे-धीरे आगे बढ़ी। गत दिन राजस्व विभाग की टीम बिलारी मार्ग स्थित नगर पंचायत इंटर कालिज की प्रस्ताव में पारित भूमि पर पहुंची और पैमाइश कर यूनानी अस्पताल को एक हज़ार वर्ग फीट होम्योपैथिक चिकित्सालय को पांच सौ वर्ग मीटर पशु चिकित्सालय को एक हज़ार वर्ग मीटर भूमि चिन्हित कर दी। जिससे अस्पताल भवन निर्माण का रास्ता साफ हो गया हे। इस मौके पर अस्पतालों के प्रभारी के अलावा नगर पंचायत के फिरोज हैदर व दिनेश कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**0आयुष विभाग के पत्र पर आठ वर्ष बाद हुई कार्रवाई**

# एटीएस और पुलिस कार्रवाई में नकली करेंसी का भंडाफोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एटीएस और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नकली नोटों के कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है। एटीएस मुरादाबाद और थाना हयातनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से 20,000 रुपये के जाली नोट बरामद हुए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ने इसका खुलासा किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने पत्रकारों को दी गई जानकारी के अनुसार एटीएस को सम्भल क्षेत्र में नकली करेंसी की सप्लाई किये जाने की सूचना मिली थी। इसी इनपुट पर हयात नगर कोतवाली और एटीएस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए उप नगरी सराय तरीन निवासी शराफत हुसैन को दबोच लिया। तलाशी में उससके पास से 500 रुपये के 35 नोट, 200 रुपये के 6 नोट और 100 रुपये के 13 नोट बरामद किए गए। कुल मिलाकर 20 हजार रुपये की नकली करेंसी बरामद कर कब्जे में लिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। एएसपी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में काफी अहम सुराग हाथ लगे हैं। जिन पर अभी काम किया जा रहा है। उन्होने बताया कि पुलिस को गिरोह के बड़े नेटवर्क की तलाश है। आरोपी को रिमांड पर लेकर उससे जुड़े पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा। साथ ही यह भी जांच की जा रही है। गिरोह में कितने और लोग शामिल हैंतथा इस गिरोह की इसकी जड़ें कहां तक फैली हुई हैं।



सम्भल- नकली करेंसी के साथ पकड़े गए आरोपी की जानकारी देते एएसपी।

**0बीस हज़ार के नकली नोट किए बरामद**
**0एएसपी ने किया खुलासा, एक आरोपी दबौचा**
**0पूछताछ में अहम सुराग मिलने हाथ लगने का दावा**

## आतंकी कनैक्शन की भी होगी जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**सम्भल।** शहर में आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के मामले सामने आ चुके है। कई को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। अब नकली करेंसी का कारोबारी का कोई आतंकी कनैक्शन तो नहीं है। इसे लेकर भी एटीएस ने अपनी जांच केन्द्रीत कर दी है। एटीएस हर एंगल से इसकी जांच में जुट गई है। बहरहाल नकली नोटों की सप्लाई का यह खुलासा पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।

# घर को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों का माल समेटा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** चोरों की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही है। चोरो ने थाना धनारी क्षेत्र में एक घर को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर की पिछली दीवार में एक नहीं बल्कि तीन जगह नकब लगाकर अंदर घुसे घुसपैठ की और लाखों की नकदी, जेवरात और घरेलू सामान लेकर फरार हो गए। चोरी की वारदात से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है जबकि गश्ती टीम पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं।

थाना धनारी क्षेत्र के गांव उधरनपुर अजमतनगर में बीती रात अज्ञात चोरों ने रणवीर सिंह पुत्र रौहान सिंह के घर को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि परिवार के लोग घर के बाहर कमरे के पास सो रहे थे। इसी दौरान देर रात चोर घर की पिछली दीवार में तीन जगह नकब लगाकर अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने घर में घुसते ही सेफ के लॉकर के ताले तोड़ दिए और उसमें रखे करीब एक लाख रुपये की नकदी, दोनों पुत्रवधुओं के सोने-चांदी के जेवरात और कुछ घरेलू सामान लेकर फरार हो गए। चोरी के दौरान घर का सामान भी इधर-उधर बिखेर दिया। सुबह जब परिजन जागे तो घर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। कमरे के दरवाजे अंदर से बंद थे और पिछली दीवार में तीन-तीन जगह नकब लगा हुआ मिला। घर के अंदर और बाहर सामान बिखरा हुआ था, जिससे साफ जाहिर हो रहा था कि चोर आराम से वारदात को अंजाम देकर फरार हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वहीं फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से फिंगरप्रिंट और अन्य साक्ष्य एकत्रित किए हैं। पीड़ित रणवीर सिंह के अनुसार चोर घर में रखे करीब एक लाख रुपये की नकदी, दोनों बहुओं के जेवरात, पीतल की कुठिया और अन्य घरेलू सामान चोरी कर ले गए हैं। यह रकम मकान का फाटक और दरवाजा बनवाने के लिए घर में रखी गई थी। वहीं थाना धनारी क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में डर और नाराजगी का माहौल है। लोगों का कहना है कि रात के समय पुलिस गश्त नहीं होने के कारण चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और चोरों की तलाश की जा रही है।



सम्भल- कूमल लगाकर मकान में चोरी की फोरेसिंक टीम जांच करती।

## महिलाओं की सुरक्षा सम्मान को किया जागरूक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** महिलाओ एवं बालिकाओ की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु ''मिशन शक्ति'' के विशेष अभियान-फेज-05 के द्वितीय चरण के अन्तर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी, के निर्देशानुसार पर्सनल सेफ्टी अवेरयनेस कार्यक्रम का आयोजन पंकज स्मारक कन्या इण्टर कालेज पाठकपुर सम्भल में छात्र-छात्राओ के साथ किया गया, छात्र-छात्राओ को सुरक्षित स्पर्श और असुरक्षित स्पर्श के वारे में विस्तार पूर्वक वताया गया और पर्सनल सेफ्टी के बारे में बताया गया। साथ ही सरकार द्वारा छात्रओ के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ जैसे-सखी वन स्टाप सेण्टर योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बाल विवाह, एवं विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर जिनका प्रयोग आपातकालीन स्थिति में किया जा सकता है के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया कार्यक्रम में बबीता रानी केस वर्कर, श्रीमती पूजा सिंह केस वर्कर, चाइल्ड हेल्पलाइन से प्रज्ञा शर्मा केस वर्कर पंकज स्मारक कन्या इण्टर कालेज पाठकपुर सम्भल के प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# स्वस्थ व्यवहार अपनाना है संचारी रोग भगाना है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विकास क्षेत्र पवांसा के जूनियर हाईस्कूल भवानीपुर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ डा. सचिन यादव ने हरी झंडी दिखाकर किया।

इस अवसर पर ए एन एम सरिता सागर ने बताया कि अपने दरवाजों एवं खिड़कियों पर जाली लगाएं ,नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करें अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकटठा न होने दें और पानी की टंकी को पूरी तरह से साफ रखें। इस प्रकार हम मच्छरों से बचाव करके बुखार एवं संचारी रोगों से दूर रह सकते हैं। बच्चों को जानकारियाँ देते हुए डा. सचिन यादव ने बताया कि खाने से पहले और शौच के बाद हाथों को साबुन से धोएं, कुपोषित बच्चों का पूरी तरह ध्यान रखें, तथा जानवरों के बाड़े घरों से दूर ही बनाएं। गांव में भ्रमण कर छात्र-छात्राओं ने स्वस्थ व्यवहार अपनाना है, संचारी रोगों को हराना है। आदि नारे लगाते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक अतुल कुमार शर्मा ने शारीरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने पर विशेष बल देते हुए कहा कि जल भराव से प्रदूषण तो होता ही है, साथ में बहुत सी बीमारियाँ उत्पन्न होती हैं। इस अवसर पर नोडल शिक्षक सेवाराम सिंह, सीमा चौधरी, ग्राम प्रधान विष्णु कुमार उर्फ विनय चौधरी, श्यामभवी मिश्रा, उपासना चौधरी, मामराज, विनीता, मुकेश देवी, देववती, अनीता रानी, मनीष जोशी, नेहा, हिमांशी, सावित्री, प्रियांशु, हर्ष, ताज मोहम्मद, गौरी शर्मा, जाने आलम आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तृषा लोधी ने किया।

**0जू. हा. स्कूल भवानीपुर में संचारी रोग नियंत्रण को जागरूकता रैली**

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-एमजीएम में महिला हेल्प डेसक की स्थापना पर बेलती डा. रितु।

## एमजीएम में महिला हैल्प डेस्क की स्थापना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एम.जी.एम. पी.जी. कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के दूसरे चरण के अंतर्गत छात्राओं की सहायता महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। जिसकी संयोजिका हिन्दी विभाग की असिस्टेन्ट प्रोफेसर डा.विजय लक्ष्मी शर्मा को बनाया गया, जबकि सह संयोजिका डा. प्रीति सिंह को व भावना अलका अकसा सलोनी प्रेरणा शर्मा को सदस्या बनाया गया। महिला हैल्प डेस्क की संयोजिका डा. विजयलक्ष्मी शर्मा ने कहा कि कभी भी किसी छात्रा को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वे तुरंत हमसे मिले उसकी समस्या का समाधान किया जाएगा। मिशन शक्ति प्रभारी डा. रीतू भटनागर ने छात्राओं को महिला हैल्प डेस्क की स्थापना व उसके उद्देश्य के विषय में जानकारी दी। प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह ने सभी संयोजिकाओं व सदस्याओं को शुभकामनाएं दीं व अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। संचालन डा.अर्चना बंसल ने किया।

## दिव्यांगों को शादी करने पर मिलेंगे 35 हज़ार

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने दिव्यांग दम्पत्तियों के लिए शादी-विवाह प्रोत्साहन योजना शुरू की है। इसके तहत विवाह करने वाले दिव्यांग जोड़े को 35 हजार रुपये मिलेंगे।

सरकार के आदेशानुसार यदि युवक दिव्यांग है तो उसे 15 हजार रुपये मिलेंगे। युवती के दिव्यांग होने पर 20 हजार रुपये दिए जाएंगे। दोनों के दिव्यांग होने पर 35 हजार रुपये मिलेंगे। विभाग की वेबसाइट या पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के लिए युवक की आयु 21 से 45 वर्ष और युवती की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। बीते साल से अब तक विवाह करने वाले दम्पती भी आवेदन कर सकते हैं। जनसेवा केंद्र संचालक ने बताया कि आवेदन की शर्तें में दंपती में कोई भी आयकरदाता नहीं हो। कम से कम 40 फीसदी दिव्यांगता का प्रमाणपत्र भी आवश्यक है। आवेदन के लिए संयुक्त फोटो, विवाह पंजीकरण, शादी कार्ड, आयु प्रमाणपत्र, संयुक्त बैंक खाता, निवास, आधार, आय और जाति प्रमाणपत्र जरूरी है।

# ट्रैक्टर से खतरनाक स्टंट करते युवक अस्पताल पहुंचा

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** सोशल मीडिया पर फेम होने को ट्रेक्टर से खतरनाक स्टंटबाजी करना युवक को मेंहगा पड़ गया। स्टंट कर रील बनाते ट्रैक्टर अचानक पलट गया। हादसे में युवक घायल हो गया। आसपास खेतों पर काम कर रहे मजदूरों उसे निकाला। सूचना पाकर पुलिस पहुंच गयी। पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया।

**0पुलिस ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने लाई, रील बनाते हुआ हादसे का शिकार**

थाना एचौड़ा कंबोह क्षेत्र के गांव नहरौली निवासी नूर हसन पुत्र अली हसन फेम होने की चाह में जान की परवाह किए बिना ट्रैक्टर से खतरनाक स्टंट बाजी कर रील बना रहा था। स्टंट बाजी करते हुए ट्रैक्टर पलट गया और चालक नूर हसन घायल हो गया। रील बना रहे दूसरे साथियों के शोर मचाने पर आस पास खेतों में काम कर रहे किसान व मजदूर घटना स्थल पर पहुंचे और घायल युवक को ट्रैक्टर से निकाला। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस रील बनाने में प्रयोग हो रहे ट्रैक्टर को थाने ले आई। घायल को अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी लवनीश चौधरी ने बताया कि ट्रैक्टर को थाने ले आए और वैधानिक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगी बुकिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** नगर पंचायत में स्थित सामुदायिक केन्द्र में नगर क्षे की सीमान्तर्गत किसी भी नागरिक के विवाह आदि कार्य के लिए बुकिंग पहले ओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी। जानकारी देते हुए डिप्टभ् कलैक्टर/ई ओ नगर पंचायत सिरसी ने बताया कि बुकिंग पर निर्णय कार्यालयाध्यक्ष द्वारा लिया जायेगा। जबकि आवेदन नगर पंचायत कार्यालय में किसी भी काय्र दिवस में दिया जा सकता है। जिसके चलते सभी नागरिकों को समान अवसर मिल सके जबकि सामुदायिक केन्द्र नगर क्षेत्र के निवासियों के विवाह, सामाजिक, सांस्कृतिक, पारिवारिक एवं अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए है। जिसका शुल्क आदि बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखकर बोर्ड की सहमति से निर्धारित किया जायेगा।

# चेयरमैन गुन्नौर ने एचवीपी टीकाकरण का किया शुभारम्भ

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम को लेकर एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है। नगर पंचायत चेयरमैन खुशबू प्रजापति ने टीकाकरण अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि वह अपनी बेटियों को इस अभियान का लाभ दिलाएं, ताकि भविष्य में उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। इस अभियान को सफल बनाने के लिए गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डा. राजकिशोर ने क्षेत्रवासियों से आगे आकर सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली गंभीर बीमारियों में से एक है, लेकिन समय पर एचपीवी वैक्सीन लगवाकर इससे काफी हद तक बचाव किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को यह टीका सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में नि:शुल्क लगाया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि टीकाकरण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड या स्कूल का मार्कशीट साथ लाना जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा से जुड़ी बीमारी है, जो जागरूकता और टीकाकरण के माध्यम से रोकी जा सकती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत क्षेत्र में जनजागरूकता बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है, जिससे अधिकाधिक किशोरियां इस योजना का लाभ उठा सकें। मौके पर डा. अजहर अली, डा. संदीप, वीपीएम आशीष गुप्ता, फार्मेसिस्ट दीपक यादव, सुमनलता व अन्य चिकित्सा कर्मी मौजूद रहे।



सम्भल- एचपीवी टीकाकरण का फीता काअकर शुभारम्भ करतीं चेयरमैन गुन्नौर

## परशुराम प्रकटोत्सव पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा करे सरकार

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश में परशुराम प्रकटोत्सव (अक्षय तृतीया) पर सार्वजनिक अवकाश घोषित न किए जाने को लेकर ब्राह्मण शक्ति संघ व ब्राह्मण समाज के लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। इस मुद्दे पर समाज के लोग लामबंद हो रहे हैं और सरकार से छुट्टी बहाल करने की मांग कर रहे हैं। योगी सरकार ने इसको कैंसिल कर दिया था। अवकाश न होने के कारण विप्र वर्ग कार्यक्रम में प्रतिभाग नहीं कर पाता है। विपक्ष और कई ब्राह्मण संगठनों का आरोप है कि पिछली सपा सरकार ने इस दिन अवकाश घोषित किया था, जिसे वर्तमान योगी आदित्यनाथ सरकार ने निरस्त कर दिया है। सोशल मीडिया और बैठकों के माध्यम से ब्राह्मण संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि परशुराम जन्मोत्सव से पहले अवकाश घोषित नहीं किया गया, तो वे सरकार को 2027 में जवाब अवश्य देंगे। ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने मुख्यमंत्री और राज्यपाल से मांग है कि भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार हैं और उनकी जयंती पर सरकारी अवकाश होना चाहिए ताकि श्रृद्धालु धार्मिक अनुष्ठानों में भाग ले सके। उन्होंने कहा कि पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में परशुराम जयंती पर सार्वजनिक अवकाश रहता है, तो उत्तर प्रदेश में भी इसे लागू किया जाना चाहिए।

## बिजली की चिंगारी से गेहूं की फसल राख

**असमोली (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के गांव असमोली निवासी अमित पुत्र राजपाल यादव की गेहूं की पकी हुई फसल खड़ी थी उसके पास में ही बिजली की लाइन जा रही थी इस पार्किंग होने से बिजली की चिंगारी अमित के गेहूं के खेत में गिर गई जिससे अमित की दो बीघा गेहूं जल कर राख हो गई। लपटें उठती देख पास पड़ोस खेतों में काम करें किसान मजदूरों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। जब तक आग बुझ पाई तब तक किसान की दो बीघा गेहूं जल का राख हो गई।

## जायरीन हज को ट्रैनिंग कैम्प आज

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम, तेल मण्डी सम्भल' में हज 2026 की यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए ट्रेनिंग कैम्प तथा उनके हैल्थ कार्ड वितरण को लेकर एक कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

# निर्धनों का सहयोग करने से मिलता है आत्मिक सुख: दीपा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** समाज सेवा में सबसे अधिक सहयोग करने वाला संगठन महिला शक्ति संगठन के सहयोग से एक ओर निर्धन कन्या के विवाह में सहयोग किया गया।

संगठन की अध्यक्षा दीपा बार्ष्णेय, ने बताया की, हमारी कोशिश यही रहती है की, हमारा संगठन हमेशा जरूरतमंदों की मदद करता रहें। इसी उददेश्य से संगठन को बनाया गया। उन्होने बताया कि संगठन की महिलाओं ने 63 वीं जरूरतमंद कन्या की शादी में सहयोग किया और बहुत सारी शुभकामनाएं दी।कन्या को सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद देते हुए लिफाफा दिया जो उसकी शादी में होने वाले खर्चे में काम आएगा। दीपा वाषणेय ने बताया कि सन् 2013 से समाज सेवा निरंतर करते आ रहें है,इसमें हमारा मुख्य कार्य जरूरतमंदों का सहयोग करना रहता है। इससे हमें आत्मिक संतुष्टि और खुशी मिलती है। उन्होंने यह भी बताया कि हमसे कोई जरूरतमंद कन्या की शादी के लिए सहयोग के लिए कहता है , तब यह महिला शक्ति संगठन हमेशा तैयार हो जाता है। कार्यक्रम में दीपा बार्ष्णेय के साथ खुशबू बार्ष्णेय, नीलिमा बार्ष्णेय, रिचारोविन, कुसुम लता, रिचा बार्ष्णेय, शशिबाला, शशि गंभीर छाया बार्ष्णेय, उषा आर्य, ममता, आदि महिलाएं उपस्थित रही।



सम्भल- गरीब कन्या की शादी में सहायता को सामान जमा करती संगठन की महिलाएं।

# कन्या सुमंगला व निराश्रित पेंशन योजना में जिले ने पाया पहला स्थान

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओ में माह मार्च 2026 में विकास से सम्बन्धित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की जारी रिपोर्ट में जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के कुशल निर्देशन में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में माह अगस्त 2024 में प्रदेश मे द्वितीय स्थान, माह सितंबर 2024 में तृतीय स्थान, माह अक्टूबर 2024 में प्रदेश में प्रथम स्थान, माह नवम्बर 2024 में प्रदेश में द्वितीय स्थान, माह दिसम्बर 2024 में प्रदेश में प्रथम स्थान, माह जनवरी 2025 में प्रदेश में प्रथम स्थान, माह ररबरी 2025 में प्रदेश मे प्रथम स्थान, माह मार्च 2025 में प्रदेश में द्वितीय स्थान, माह अप्रैल 2025 से माह सितंबर 2025 तक प्रदेश में प्रथम स्थान एवं पुन: मार्च 2026 में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। इसी प्रकार निराश्रित महिला पेंशन योजना के अंतर्गत माह मार्च 2025 में प्रदेश में प्रथम स्थान, माह अप्रैल 2025 में प्रदेश में प्रथम स्थान, माह मई 2025 में प्रदेश में प्रथम, माह जून 2025 में प्रदेश में प्रथम एवं मार्च 2026 में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। जिलाधकारी ने योजना के क्रियान्वयन से जुड़े समस्त अधिकारियों, समस्त उपजिलाधिकारियो, समस्त खण्ड विकास अधिकारियो एवं कर्मचारियों को बधााई देते हुए निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत सभी पात्र बालिकाओ/महिलाओं का आवेदन कराते हुए, प्राप्त आवेदन पत्रों पर अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के अन्दर नियमानुसार उसका स्थलीय सत्यापन कर निस्तारण करें, जिससे पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ समय से मिल सके।

**0योजना के क्रियानवयन से जुड़े अधिकारियों को दिए निर्देश**

## भाजपा का महा प्रशिक्षण अभियान की शुरुआत आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय जनता पार्टी सम्भल नगर का पंडित दीनदयाल उपाध्याय 24 घंटे का प्रशिक्षण महा अभियान माथुर वैश्य धर्मशाला सरथल चौकी सम्भल पर आयोजित होगा

# कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, असम के मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा के खिलाफ जोरदार विरोध जताया। यह प्रदर्शन उनके द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को लेकर दिए गए कथित आपत्तिजनक बयान के विरोध में किया गया।कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कचहरी परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है और इससे राजनीतिक मर्यादाएं आहत होती हैं।जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि को अपनी भाषा और व्यवहार में संयम रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री का बयान न केवल आपत्तिजनक है, बल्कि यह लोकतांत्रिक परंपराओं का भी उल्लंघन है। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री अपने बयान पर तुरंत सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।वहीं महानगर अध्यक्ष हाजी जुनैद इकराम कुरैशी ने भी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि देश की राजनीति में शालीनता और मर्यादा बनाए रखना सभी नेताओं की जिम्मेदारी है, लेकिन इस तरह की टिप्पणियां राजनीतिक माहौल को दूषित करती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता लगातार विपक्ष के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, जो चिंताजनक है।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन को और तेज करेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# लाइनमैन हुआ हादसे का शिकार

## सेफ्टी बेल्ट टूटने से विद्युत पोल से नीचे गिरा, अस्पताल में कराया गया भर्ती

**मुरादाबाद।** बिजली विभाग के एक कर्मचारी के साथ शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हो गया। शहर के कोतवाली क्षेत्र स्थित रेती स्ट्रीट इलाके में मरम्मत कार्य के दौरान एक लाइनमैन ऊंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सहकर्मियों ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया।जानकारी के अनुसार मझोला क्षेत्र के काशीराम नगर निवासी विक्रांत, जो टाउन हॉल बिजली घर पर तैनात हैं, सुबह एक शिकायत के निस्तारण के लिए रेती स्ट्रीट पहुंचे थे। वह करीब 20 फीट ऊंचे बिजली के खंभे पर चढ़कर लाइन की मरम्मत कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी सेफ्टी बेल्ट का कुंडा टूट गया, जिससे उनका संत. ुलन बिगड़ गया और वह सीधे जमीन पर गिर पड़े।नीचे गिरते ही वहां मौजूद लोगों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। साथ काम कर रहे अन्य बिजली कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए घायल विक्रांत को संभाला और तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों के मुताबिक ऊंचाई से गिरने के कारण उनके शरीर में कई गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज जारी है।इस घटना ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली और कर्मचारियों को उपलब्ध कराए जाने वाले सुरक्षा उपकरणों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि कई बार उन्हें मानक स्तर के सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए जाते, जिससे इस तरह के हादसों का खतरा बना रहता है।फिलहाल विक्रांत की हालत पर डॉक्टरों की नजर बनी हुई है, वहीं विभागीय स्तर पर भी घटना की जांच की बात कही जा रही है।

## एक नजर

### मिलगेट क्षेत्र में गन्ने का अच्छादन बढ़ाने के लिए समीक्षा बैठक

**मुरादाबाद।** उप गन्ना आयुक्त, मुरादाबाद की अध्यक्षता में गन्ना भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बसन्तकालीन गन्ना बुआई वर्ष 2025-26 वास्ते वर्ष 2026-27 में आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष अब तक की गई पूर्ति की समीक्षा की गई।उप गन्ना आयुक्त, मुरादाबाद ने चीनी मिलों के मिल गेट क्षेत्र में कृषि योग्य भूमि, वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के गन्ना क्षेत्रफल, गन्ना आपूर्ति का विवरण, तथा बीज की उपलब्धता एवं गन्ना बुआई की समीक्षा कर बेहतर रणनीति और प्रबंधन से गन्ना अच्छादन बढ़ाने के निर्देश दिए।उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को प्रतिदिन बसन्तकालीन गन्ना बुआई का मौका मुआयना कर दैनिक प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही चीनी मिलों को निर्देशित किया कि वे गन्ना किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।बैठक में रोग व कीटों के प्रति संवेदनशील गन्ना प्रजाति को. 0238 एवं रिजेक्टेड गन्ना प्रजाति के स्थान पर विभाग द्वारा स्वीकृत उन्नतशील गन्न और विस्तार के निर्देश दिए गए, जिससे गन्ना किसानों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके।

### साइबर फ्रॉड जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मुरादाबाद।** टिमिट के कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा ग्राम फतेहपुर बिश्नोई, जिला मुरादाबाद में "साइबर फ्रॉड" विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनएसएस के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों एवं विद्यार्थियों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, ओटीपी फ्रॉड, बैंकिंग धोखाधड़ी और सोशल मीडिया से जुड़े जोखिमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, डिजिटल लेन-देन करते समय सावधानी बरतने, मजबूत पासवर्ड रखने और किसी भी संदिग्ध लिंक या कॉल से बचने के महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। कार्यक्रम में बीबीए द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और ग्रामीणों को सरल भाषा में साइबर सुरक्षा के उपाय समझाए। छात्रों ने नुक्कड़ नाटक एवं संवाद के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया, जिससे कार्यक्रम अधिक प्रभावी और रोचक बन गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को समझने के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। यह पहल डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास सिद्ध हुई।



# ताड़ीखाना चौराहे पर टूटी सड़क की समस्याः जिलाधिकारी को सौंपा गया प्रार्थना पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग 24 से आरंभ होकर पारकर इण्टर कॉलेज से होकर ताड़ीखाना रोड पर समाप्त होने वाली टूटी हुई सड़क को बनाये जाने के संबंध में जिलाधिकारी अनुज कुमार को एक प्रार्थना पत्र सौंपा गया है। यह सड़क कई वर्ष से जगह-जगह से टूटी हुई है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि पिछले वर्ष 2025 में भी इस संबंध में पत्र दिया गया था, जिसमें नगर निगम ने कहा था कि यह सड़क सीएम ग्रिड योजना से बनायी जायेगी। लेकिन अभी तक इस सड़क का निर्माण नहीं किया गया है। प्रार्थना पत्र में यह भी कहा गया है कि इस सड़क पर स्कूल, बैंक, गुरूद्वारा आदि हैं और कचहरी का भी मार्ग है, इसके बावजूद भी यह सड़क न तो बनायी जा रही है और न ही गड्ढों की मरम्मत की जा रही है। प्रार्थना पत्र सौंपने वाले यशपाल शर्मा एडवोकेट ने कहा कि सीएम ग्रिड योजना एक व्यर्थ या काल्पनिक योजना है, जिसमें जनहित की लगातार उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि इस सड़क का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए।

# अमरनाथ यात्रा को लेकर स्वास्थ्य परीक्षण शुरू जिला अस्पताल में श्रद्धालुओं की बढ़ी भीड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अमरनाथ यात्रा को लेकर मुरादाबाद में तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए 9 अप्रैल से जिला अस्पताल में अनिवार्य मेडिकल जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पहले ही दिन से बड़ी संख्या में लोग फिटनेस सर्टिफिकेट बनवाने के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं, जिससे वहां खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीमें यात्रियों की ब्लड प्रेशर, शुगर, हार्ट और अन्य आवश्यक जांच कर रही हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों का कहना है कि अमरनाथ यात्रा का रास्ता ऊंचाई और कठिन परिस्थितियों से भरा होता है, इसलिए हर यात्री का शारीरिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ होना बेहद जरूरी है।

अस्पताल प्रशासन के मुता. बिक, बीते दो दिनों में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मेडिकल जांच पूरी की जा चुकी है। यह प्रक्रिया यात्रा के दौरान निरंतर जारी रहेगी ताकि सभी यात्रियों को समय पर फिटनेस प्रमाण पत्र मिल सके।जिला अस्पताल में इन दिनों "बम-बम भोले" के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। वहीं प्रशासन भी व्यवस्थाओं को लेकर सतर्क है और यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।



### बूथों पर हुआ मतदाता सूची का प्रकाशन

**कांठ( शाह टाइम्स )** आवीहफीजपुर सहित सभी बूथों पर मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया।जिसमे निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी की गई नई वोटर लिस्ट की समीक्षा की गई बूथ संख्या 150, पर बीएलओ नीरा चाहल ने ओर बूथ संख्या 151 पर बीएलओ दीपा रानी के द्वारा मतदाता सूची पढ़कर सुनायी गई मतदाताओं ने वोटर लिस्ट में अपने नाम देखकर संतोष व्यक्त किया।इस अवसर पर भाजपा नेता डाख अंगद सिंह चौहान, लोकेन्द्र सिंह ग्राम प्रधान, नीलम देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सुखवीर सिंह सहायक अध्यापक, विपिन कुमार,सेवाराम सिंह आदि उपस्थित रहे।



# दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न में तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कांठ (शाह टाइम्स)।** दहेज की मांग को लेकर पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है थाना छजलैट के गांव खानपुर मुजफ्फरपुर निवासी रचना पुत्री शेर सिंह की शादी मार्च 2024 में अभिषेक चाहल पुत्र ओमपाल सिंह निवासी रक्षापुरम मेरठ से हिंदू रीति रिवाज के साथ हुई थी जिसमें उसके माता-पिता ने 20 लाख रुपए नगद 5 लाख का जेवर 5 लाख का होटल का खर्च एवं 5 लाख का सामान ससुराल वालों को दिया था।

शादी के समय वह भी वायूज कंपनी में नौकरी करती थी लेकिन शादी के 20 दिन बाद पति अभिषेक ने नौकरी छुड़वा दी कि तुझे पिता ओमपाल व बहन पारुल की सेवा करनी है महिला के ससुर ओमपाल रिटायर्ड कर्मचारी है तथा ननद प्राइवेट कंपनी में जॉब करती है उसका पति अलीगढ़ में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के रीजनल ऑफिसर में मैनेजर है आरोप है कि उसके ससुर नंदन व पति अपने पिता से और रुपए लाकर देने के लिए दवाब बनाने लगे उसने अपने अकाउंट से 2 लाख ट्रांसफर भी किया और शादी के बाद उसने कई बार और रुपए गूगल पे से ट्रांसफर किया लेकिन उसके ससुर ने विवाहिता के साथ अमर्यादित व्यवहार करना शुरू कर दिया उसने पति से उसके साथ जाने को कहा तो उन्होंने इनकार कर दिया इस बात को लेकर पीड़िता को प्रताड़ित किया जाने लगा और मारपीट कर घर से निकाल दिया महिला का आरोप था कि ससुराल वाले 20 लाख रुपए और लाकर देने की मांग करने लगे 2 अप्रैल को मेरठ में वह ससुराल वालों से बात करने गई थी लेकिन उसके पति साथ ले जाने को तैयार नहीं हुए और ससुर ने गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया और तीनों ने लाठी डंडों से मारपीट की जिससे उसके हाथ की हड्डी टूट गई शोर मचाया तो कई लोग वहां आ गए किसी ने मोबाइल से फोटो भी खींची पुलिस भी आई लेकिन वह भी ससुरालियों का पक्ष लेने लगे महिला कांस्टेबल ने तो उसे गालियां देते हुए चपत भी मारा और धक्का देकर निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## ग्राम/बस्ती संपर्क अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क

**मुरादाबाद।** भाजपा चंद्र नगर मंडल ने ग्राम/बस्ती संपर्क अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को विभिन्न शक्ति केंद्रों पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान चंद्र नगर, पटेल नगर, रेलवे हरथला कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई और लाभार्थियों को योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।अभियान में क्षेत्रीय पार्षद कमल वर्मा, नामित पार्षद अमित सिंह मिंटू ठाकुर, शक्ति केंद्र संयोजक ईशान वर्मा, मुकेश तोमर और सतीश कुमार की प्रमुख भूमिका रही। कार्यक्रम में चंद्र नगर मंडल के प्रवासी एवं भाजपा महानगर उपाध्यक्ष हेमराज सैनी, मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक महेश सैनी तथा सहसंयोजक मोंटी गुर्जर, मयंक खत्री, नरेश ठाकुर और कुक्कू गुप्ता भी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

# 12 अप्रैल के कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में जनसंपर्क का दौर जारी

**कांठ ( शाह टाइम्स )** राष्ट्रीय लोक दल द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर 12 अप्रैल को प्रदीप फार्म हाउस पर होने वाले कार्यक्रम की सफलता को लेकर राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव अभिनय चौधरी द्वारा दिन और रात लोगों से संपर्क किया जा रहा है और कार्यक्रम को ऐतिहा. सिक बनाने के लिए पूरी ताकत लगाई गई है।

अभिनय चौधरी ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कहा कि भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर ने देश को संविधान देकर समाज के हर वर्ग को समान अधिकार प्रदान किया उनके आदर्शों और विचारों को आगे बढ़ाना हम सभी का कर्तव्य है उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल हमेशा बाबा साहब की विचारधारा पर चलने वाला दल रहा है पार्टी के संस्थापक भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह भी बाबा साहब के सिद्धांतों के समर्थक थे और आज राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी भी उनके विचारों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर गोलू पाल केवल सैनी संदीप प्रजापति उपेंद्र प्रजापति अरुण चौधरी सुनील जाटव सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलकर कराया जनपद की समस्याओं से रूबरू

**कांठ( शाह टाइम्स )**समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव फुरकान अली ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से लखनऊ में भेंट की एवं जिले की समस्याओं की जानकारी दी। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा जिले एवं विधानसभा पर बूथ लेवल की तैयारी करे और पार्टी को मजबूती प्रदान करने पर ध्यान दे। कहा कि मुरादाबाद में सभी विधानसभा पर इस बार भी जीत दिलानी है। भाजपा को हराकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी तो हर समस्या का समाधान होगा एवं क्षेत्र में चौमुखी विकास होगा। अखिलेश यादव से अपने पुत्र मुनाफ अली की भी मुलाकात कराई गई।



# चरस के साथ पकड़े युवक का संबंधित धारा में चालान

**कांठ( शाह टाइम्स )** चरस के साथ पकड़े युवक का पुलिस ने संबंधित धारा में चालान किया है घटना रात करीब 8:00 बजे की है उमरी चौराहा पुलिस गस्त पर थी जैसे ही वह पाठन्गी तिराहे पर पहुंचे एक युवक को संदिग्ध अवस्था में खड़े देखा तलाशी ली तो उसके पास एक किलो से ज्यादा चरस बरामद की गई पुलिस युवक को पड़कर थाने ले आई और कानूनी कार्रवाई करते हुए उसका चालान कर दिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम नोमान पुत्र रियासत निवासी उमरी कला मोहल्ला पछियान बताया। बतादे कि क्षेत्र में सट्टा और नशीले पदार्थों के कारोबार का चलन काफी हो चुका है पुलिस कार्रवाई के बाद भी यह लोग सुधरने को तैयार नहीं है आज पुलिस ने इसी संदर्भ में कार्रवाई की है।



# ग्राम चौपाल में सुनी गई समस्याएं, योजनाओं की दी गई जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** शासन के निर्देश पर कुंदरकी ब्लॉक के ग्राम पंचायत इमरतपुर फखरुद्दीन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल में विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से ग्रामवासियों को बताया गया और उनकी समस्याओं को सुना गया। समाज कल्याण विभाग, पूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, कृषि विभाग एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक कुंदरकी ठाकुर रामवीर सिंह ने ग्राम चौपाल का शुभारंभ कर अपने संबोधन में कहा कि शासन की मंशा के अनुसार केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित समस्त जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्रों को मिलना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल निर्देशन में कानून व्यवस्था से लेकर विकास के समस्त कार्य समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालित एवं लागू हो रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे संवेदनशील होकर जनता की समस्याओं को सुने और निराकरण कराए। ग्राम चौपाल में बीडीओ कुंदरकी राजेंद्र सिंह, पूर्ति निरीक्षक शैलेंद्र सिंह, नायब तहस. ीलदार अभिनय सिंह, ग्राम प्रधान दिलशाद हुसैन, मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, ओमपाल सिंह, संजय दिवाकर, अरविंद ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## मुरादाबाद और जम्मू की टीम ने फाइनल में बनाई जगह, सेमीफाइनल मुकाबलों में दिखा दमदार खेल

**मुरादाबाद।** मंडल के रेलवे स्टेडियम में आयोजित अंतरमंडलीय रेलवे सुरक्षा बल क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत शुक्रवार को खेले गए दोनों सेमीफाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। पहले सेमीफाइनल में रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला और जम्मू की टीम आमने-सामने थीं। जम्मू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और शानदार प्रदर्शन करते हुए एक विकेट के नुकसान पर 200 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुरादाबाद की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र दो विकेट खोकर 185 रन बनाकर आठ विकेट से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में कमल कुमार ने 61 गेंदों में 85 रन की शानदार पारी खेली और गेंदबाजी में भी चार ओवर में दो विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच बने। अब प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मुरादाबाद और जम्मू के बीच खेला जाएगा।

# एसएम कॉलेज में नवाचार कार्यशाला आयोजित

**चन्दौसी।** नगर के एस.एम. कॉलेज में शुक्रवार को नवाचार समिति के तत्वाधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में समिति अध्यक्ष प्रो. पवन कुमार यादव ने शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत नवाचार समिति के गठन का परिचय देते हुए नवाचार समिति की कार्यशैली एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। डॉ0 प्रदीप कुमार ने उद्यमिता के विफल होने एवं विफलता से बचाव के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी दी। डॉ0 दीप कुमार श्रीवास्तव ने 'विचार से व्यापार' की दिशा में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। मुख्य वक्ता फूलप्रकाश ने ज्ञान से स्वरोजगार उन्मुख होने की प्रेरणा देते हुए नवाचार में नव तकनीक के प्रयोग करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। दिलीप नगीना ने विद्यार्थियों से कहा कि वे आत्म निर्भर होने की दिशा में अग्रसर हों। डॉ नरेंद्र कुमार शर्मा ने बौद्धिक संपदा के विषय में विद्यार्थियों को बताते हुए मौलिक विचारों के संरक्षण के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ) दानवीर सिंह यादव ने कहा कि कोई भी सपना छोटा नहीं होता, ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए प्रकृति से जुड़कर हमें हमेशा अपने हौंसले को बनाए रखना चाहिए। डॉ. सूरज शर्मा ने प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की प्रेरणा दी। डॉ दीप कुमार श्रीवास्तव ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विशेष कुमार पांडेय ने किया। कार्यक्रम में 70 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ0 रामअधार सिंह यादव, डॉ. सुनील गुप्ता, डॉ. महेंद्र कुमार वर्मा आदि का विशेष रूप से सहयोग रहा।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र तहसीन व पुत्रवधू श्रीमती फरजाना को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**नन्हे पुत्र सगीर अहमद निवासी मोहल्ला चौधरियान सिरसी थाना हजरत नगर गढ़ी तहसील व जिला संभल।**

**खोया-पाया सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1220647195 व इण्टर मीडिएट वर्ष 2024 अनुक्रमांक 2245524756 का प्रमाण पत्र व सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गये है। तुषार चौधरी पुत्र अनीत सिंह निवासी ग्राम चांदपुर, मुरादाबाद।

**खोया-पाया सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2011 अनुक्रमांक 0747883 व इण्टर मीडिएट वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0563064 का प्रमाण पत्र व सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गये है।
**मनोज कुमार पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी ग्राम हमजापुर तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र सुनील कुमार को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में सनील कुमार के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। अनिल कुमार, अमित कुमार व सुमित ने अपने सगे भाई सुनील कुमार से संबंध विच्छेद कर लिए हैं।
**महेश पुत्र भूरे वाल्मीकि व श्रीमती चंद्रावती पत्नी महेश निवासीगण सन्नू नगर उर्फ सरिता नगर मझोला शहर व जिला मुरादाबाद।**

## अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

**बिलारी।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दस अप्रैल को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम रुस्तम नगर सहसपुर में अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। यह प्रकाशन संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अपने-अपने बूथों पर किया जिससे आम मतदाताओं



को अपने नामों की जांच और जानकारी प्राप्त हो सके। इस दौरान सुप. रवाइजर नीरज कुमार शर्मा की देखरेख में सभी बीएलओ ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए मतदाता सूची को सार्वजनिक किया और उपस्थित ग्रामीणों को सूची के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। कार्यक्रम में बीएलओ मधु शर्मा, कविता, गुलअफशा, मृदुल अग्रवाल, सुमित, मोहम्मद शमी, अनिल बिश्नोई, सुनीता सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर मतदाता सूची के प्रकाशन की प्रक्रिया को संपन्न कराया। इस दौरान ग्रामीणों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने और किसी भी त्रुटि के सुधार के संबंध में भी जागरूक किया गया। एसडीएम ने बताया कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए मतदाता सूची का सही और अद्यतन होना अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए अपने नामों का सत्यापन किया और निर्वाचन आयोग के इस अभियान को लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## होम्योपैथी के जनक डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन का मनाया 271वां जन्मदिन

**मुरादाबाद।** होम्योपैथी के जनक डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन का 271वे जन्मदिन के उपलक्ष में डॉक्टर हैनीमैन की मूर्ति पर होम्योपैथी के विभिन्न संगठनों के चिकित्सकों ने माल्यार्पण किया। पूर्व जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ आर के शर्मा ने बतलाया की



डॉक्टर हैनीमैन प्राकृतिक चिकित्सा सिद्धांत पर आधारित नवीनतम होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति की तड़पती हुई मानवता को आरोग्य दिलाने के लिए खोज कीयह चिकित्सा विधा सस्ती और सुलभ है। समारोह में जनपद के वरिष्ठतम चिकित्सक डॉ बी पी गुप्ता ने समारोह की अध्यक्षता की तथा उपरोक्त समारोह में डॉ एस पी सिंह, डॉ विनीत गुप्ता, राजकीय के जी के होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ मुकेश गौतम ,डॉ कुलदीप शर्मा,डॉ प्रेमवती उपाध्याय, डॉ नूतन आर्य, डॉ अनुज गुप्ता, डॉक्टर अतुल गुप्ता, डॉ आसिम, डॉ संदीप कुमार डॉ अंशुमान गौड़ सहित कई चिकित्सकों ने भाग लिया।

## चुनाव आयोग ने फाइनल वोटर लिस्ट की जारी मतदाताओं ने वोटर लिस्ट में देखे अपने वोट

**मुरादाबाद।** एसआईआर के बाद चुनाव आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश की फाइनल वोटर लिस्ट जारी की गई एसआईआर के पूर्ण होने के बाद प्रशासनिक स्तर पर आज 10 अप्रैल को महानगर के सभी बूथ बिल्डिंगों



पर बीएलओ के माध्यम से नई वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया गया इसी क्रम में आज 27 देहात विधानसभा के युवा केंद्र बिल्डिंग दीनदयाल नगर के सभी बीएलओ ने नई वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया । मतदाताओं ने बूथों पर पहुंचकर बीएलओ से संपर्क कर नई वोटर लिस्ट में अपने अपने वोट का अवलोकन किया एवं वोटर लिस्ट में नाम शामिल होने पर खुशी का इजहार किया।युवा केंद्र बिल्डिंग दीनदयाल नगर पर सुपरवाइजर जयप्रकाश कश्यप,204 बूथ बीएलओ आभा रस्तौगी,205 छवि अरोरा,206 प्रीत सिंह,207 निशी जी,208 ऋतु रस्तौगी, 209 रूपाली वर्मा ने धर्मेंद्र नाथ मिश्रा,राजीव गुप्ता, निर्वेश भटनागर,अनूप महरोत्रा,विजय वर्मा,प्रवीण वोहरा,अजय गुप्ता,पूनम गुप्ता, दीपाली गुप्ता,आकांक्षा गुप्ता,आभा गुप्ता हरिओम पाल,संदीप गुप्ता, अथर्व कौशिक,राजीव वर्मा,रुचि वर्मा,मनीष सक्सैना,मानसी वर्मा,ऋतु रानी,मानसी अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल,रितिका अग्रवाल, काजल सोनी,प्रेम सोनी,पूजा अग्रवाल,लविष्का अग्रवाल, नीरू अग्रवाल,अमित अग्रवाल, सिद्धांत अग्रवाल,सार्थक आनंद आदि सैकड़ों मतदाताओं को लिस्ट में उनके वोटों का अवलोकन कराया। मतदाताओं ने वोटर लिस्ट में अपना नाम देख कर खुशी का इजहार किया।

## सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की जयंती मनाई

**चन्दौसी।** शुक्रवार को कैथल गेट स्थित सिद्धार्थ बुद्ध बिहार में चक्रवर्ती सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के जीवन, उनके योगदान और गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि चंद्रगुप्त मौर्य भारतीय इतिहास के महान शासकों में से एक थे, जिन्होंने एक सशक्त और संगठित साम्राज्य की स्थापना की। उनके नेतृत्व में मौर्य साम्राज्य ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया। इस दौरान वक्ताओं ने यह भी कहा कि यह एक बड़ी विडंबना है कि इतने महान चक्रवर्ती सम्राट की जयंती पर आज तक सरकार द्वारा कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं किया गया है। उन्होंने मांग की कि सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य एवं सम्राट अशोक के जन्मदिवस पर सरकारी अवकाश घोषित किया जाए। कार्यक्रम में कामरेड रेवाराम, पुष्पा बौद्ध, सत्यपाल बौद्ध, राकेश मौर्य, विशाल, अरविंद अंबेडकर, श्याम कली बौद्ध, हिमांशु मौर्य, ज्ञानप्रकाश, त्रिशा बौद्ध सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

REQUIRED
L.S. Vidyapeeth
Approved by NCTE NRC, New Delhi.
Affiliated to
Guru Jambeshwar University Moradabad.
Principal- 01(For B.Ed)
Qualification As per University and UGC NCTE Norms, Experience 15 Years
Astt. Professor- 15 (For B.Ed) Maths, Physics & Chemistery, Botany, Zoology Hindi, English, And Social Study.
Astt. Professor- 01 (Physical Education)
Astt. Professor- 01 (Fine Art)
Astt. Professor- 01 (Performing Art)
Astt. Professor- 07 (For B.A.)
-: Subject's :-
Hindi, English, Sanskrit, Political Science, History, Sociology Economics, (One Post of each post.)
Qualification As Per University and UGC Norms. Salary- As Per University & State Govt. Norms .
Computer Operator- 02
Qualification- Basic Knowledge of Computer & Hindi Typing. Send your Bio-Data with Two Passport size Photograph and all relative Documents
L.S. Vidypeeth
Village:- Bahapur, P.O.Ujhari, Distt: Amroha
E-mail:lsvidyapeeth@gmail.com
Mobile No.:- 9412015921

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 29.04.2026
**उत्तरा० वाद सं०:** 52 सन् 2025
**श्रीमती नीरज चौहान**
**बनाम जनता आम**

श्रीमती नीरज चौहान पत्नी श्री योगराज सिंह निवासी ग्राम लालपुर गोसाई पोस्ट राजिपुर कलां तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद-**वादनी।**

**बनाम**

1. **जनता आम,** 2. नीशू पुत्री स्व. बाबू सिंह चौहान निवासी चाऊ की बस्ती मुरादाबाद-**विपक्षीगण।**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती नीरज चौहान हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमती नीरज चौहान मुसबफा केला देवी अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.181651/- हरगाह मुसम्मा श्रीमती नीरज चौहान ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 29 मास 04 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि. ) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

# किसान के पालतू कुत्ते पर तेंदुए का हमला कर जंगल की ओर भागा

### ग्रामीणों द्वारा पीछा करने पर घर कुत्ते को छोड़कर तेंदुआ फरार, ग्रामीणों में दहशत

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फौलादपुर में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। शुक्रवार रात करीब 8 बजे खेत में गेहूं की गहाई कर रहे किसान ग्रन्थ सिंह के पालतू कुत्ते पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया।

बताया जाता है कि कुत्ते के भौंकने की आवाज सुनकर ग्रन्थ सिंह ने देखा कि तेंदुआ उसे उठाकर ले जा रहा है। इस पर उन्होंने शोर मचाते हुए लाठी-डंडे लेकर उसका पीछा किया, जिससे घबराकर तेंदुआ कुत्ते को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। हमले में कुत्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के अनुसार, देर रात तेंद. आ प्रेम सिंह के मकान की टिन शेड पर भी देखा गया, जिससे लोगों में भय और बढ़ गया। आबादी क्षेत्र में तेंदुए की बढ़ती गतिविधियों को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। टीम ने बताया कि ग्राम फौलादपुर सलेमपुर से तेंदुए की सूचना प्राप्त हुई थी, जहां श्री राजा सिंह के पालतू कुत्ते पर भी हमले की पुष्टि हुई है। वन विभाग ने ग्रामीणों को तेंदुए से बचाव संबंधी जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए और क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है।

ग्राम प्रधान रहीस अहमद ने वन विभाग से जल्द पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी घटना को समय रहते रोका जा सके। ग्रामीणों को रात के समय खेतों और जंगल की ओर न जाने तथा सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## पहली शादी का खुलासा होते ही बंधक बनाई बारात, दूल्हा-बाराती 24 घंटे रहे कैद

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक की बारात दुल्हन के घर पहुंचने से पहले ही विवादों में घिर गई और मैरिज हॉल पहुंचते ही दूल्हा समेत बारातियों को बंधक बना लिया। करीब 24 घंटे तक चले इस हाई-वोल्टेज ड्रामे के बाद लाखों रुपये के लेन-देन पर समझौता हुआ।

जानकारी के अनुसार ब्रहस्पति को एक गांव निवासी एक युवक की बारात पाकबड़ा क्षेत्र जानी थी। लेकिन इसी बीच यह खुलासा हुआ कि दूल्हा पहले से ही एक अन्य युवती के साथ कोर्ट मैरिज कर चुका है। इस जानकारी के मिलते ही लड़की पक्ष में आक्रोश फैल गया। बताया जाता है कि उधर शादी वाले दिन खुद को पत्नी बताने वाली युवती युवक के गांव पहुंची जिसने गांव पहुंचकर जमकर हंगामा किया। बताते हैं लड़के पक्ष ने लड़की के पहुंचने पर छोटे भाई की शादी बताकर गुमराह किया, लेकिन युवती ने शादी रुकवाने की जिद पकड़ ली जिसके चलते लड़के पक्ष ने भी शादी न करने की बात कही। हालांकि इसके बाद भी दूल्हा साधारण वेश में अपने चहेतों के साथ चुपचाप बारात लेकर निकल गया ताकि किसी को भनक न लगे। ग्रामीणों के अनुसार दूल्हे ने रास्ते में डींगरपुर-पाकबड़ा मार्ग पर जाकर दूल्हे के वस्त्र धारण किए और बारात आगे लेकर बढ़ा। लेकिन जैसे ही बारात मैरिज हॉल पहुंची लड़की पक्ष को पूरे मामले की जानकारी मिल गई।

# कुंदरकी में रामगंगा नदी के तट पर कटाव निरोधक कार्य का भूमि पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** विधानसभा के ग्राम लोधीपुर वासु एवं विकनपुर में रामगंगा नदी के तट पर कटाव निरोधक कार्य का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने सिंचाई विभाग के अंतर्गत बाढ़ खंड द्वारा प्रस्तावित इस कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। 2 करोड़ 94 लाख की लागत की इस परियोजना से वर्षों से बाढ़ और कटान की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर क्षेत्रीय लोगों में खासा उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने लंबे समय से इस समस्या के समाधान की मांग की थी, जिस पर अब ठोस पहल शुरू हुई है। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि प्रतिवर्ष बाढ़ और अतिवर्षा के इस क्षेत्र बहुत बड़ी आबादी प्रभावित होती है। मेने विधायक बनते ही इन समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया था। जिसके फलस्वरूप आज से यह कार्य प्रारम्भ हो रहा है। यह परियोजना गांवों को बाढ़ और नदी के कटान के खतरे से बचाने में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कटाव निरोधक कार्य के तहत नदी किनारे मजबूत संरचनाएं बनाई जाएंगी। इससे जमीन के कटान को रोका जा सकेगा, जिससे न केवल ग्रामीणों के मकान सुरक्षित रहेंगे, बल्कि किसानों की फसलें और उपजाऊ भूमि भी संरक्षित होगी। स्थानीय किसानों ने बताया कि हर साल बारिश के मौसम में रामगंगा का जलस्तर बढ़ने से उनकी खेती और घरों को भारी नुकसान होता था। इस परियोजना के शुरू होने से उन्हें स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है। जनहित में उठाया गया यह कदम क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। ग्रामीणों ने कुंदरकी विधायक के इस प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा होगा। इस अवसर पर सहायक अभियंता रविंद्र कुमार, जूनियर अभियंता अरविंद कुमार, दिनेश कुमार , अमरीश कुमार, रामकिशोर लोधी, चिराग अली, गुड्डू लोधी, सरवर अली, डॉ चंचल, कल्लू प्रधान आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस टीम पर पथराव, मारपीट में दो सिपाही घायल

**चन्दौसी।** बहजोई थाना क्षेत्र के गांव यूसुफपुर (ईसमपुर) में जमीन की हदबंदी को लेकर विवाद उस समय उग्र हो गया, जब मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। घटना में पथराव और धक्का-मुक्की के दौरान दो पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि एक सिपाही की वर्दी भी फाड़ दी गई। जानकारी के अनुसार, आर्य समाज रोड निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी कि कुछ लोग उसकी जमीन पर की गई हदबंदी के निशान उखाड़कर निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे हैं। सूचना पर दारोगा सोमपाल सिंह पुलिस बल व राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौजूद महिलाओं और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति जल्द ही बिगड़ गई। आरोप है कि कुछ लोगों ने पुलिस टीम के साथ अभद्रता शुरू कर दी और देखते ही देखते ईंट-पत्थर चलने लगे। पुलिस ने मामले में 11 महिलाओं सहित कुल 22 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इनमें से 13 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया, जहां से चार महिलाओं सहित सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सीओ बहजोई ने बताया कि मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है।

## 13 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों का धरना

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरने में जिले भर से आए शिक्षकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और 13 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। धरना दे रहे शिक्षकों ने पुरानी पेंशन योजना की बहाली, नई पेंशन योजना (एनपीएस) में सुधार, उप प्रधानाचार्य पदों का सृजन, लंबित पारिश्रमिक का भुगतान समेत कई महत्वपूर्ण मांगों को रखा। इस पर डीआईओएस ने आश्वासन दिया कि जनपद स्तर से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाएगा।

# नेपा फैक्ट्री भूमि में भीषण आग, दर्जनों किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के अलीगंज-बुरहानपुर स्थित नेपा फैक्ट्री की भूमि में उस समय अफरा- तफरी मच गई, जब खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तेज हवा के कारण लपटें तेजी से फैलती चली गईं, जिससे आसपास के खेतों में खड़ी फसल भी चपेट में आ गई। आग की इस घटना में दर्जनों किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया और उनकी खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और अपने स्तर से



आग बुझाने का प्रयास करने लगे, लेकिन आग की तीव्रता के आगे उनके प्रयास नाकाफी साबित हुए। सूचना पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक कई किसानों की फसल पूरी तरह जल चुकी थी, लेकिन समय रहते कार्रवाई होने से आसपास के अन्य खेतों में खड़ी फसल को बचा लिया गया। घटना के बाद क्षेत्र के किसानों में भारी रोष और चिंता का माहौल है। किसानों ने प्रशासन से आग से हुए नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है। वहीं, आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है, जिसकी जांच की जा रही है।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र**

**निविदा संख्या– 1RT-TELE-BAGSCANR, SNT-SigLC-Interlocking, SNT-RTSIG-PRI-GCT, 05-SNTRT1-Sig-SSDAC- MSDAC 01-TELE-Six-shed दिनांक- 10.04.2026**

**विषय:** - निविदा खुलने के सम्बन्ध में शुद्धि पत्र

Ref: - 1RT-TELE-BAGSCANR, SNT-SigLC-Interlocking, SNT-RTSIG-PRI-GCT, 05-SNTRT1-Sig-SSDAC-MSDAC 01-TELE-Six-shed Dated: - 02.04.2026

उक्त सन्दर्भ में सूचित किया जाता है कि निम्न कार्यों के अग्रिम अंतिम तिथि समय, लागत और अग्रिम धन में बदलाव किया गया है

| सं0. | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | संशोधित लगभग लागत रुपये | संशोधित अग्रिम धन रुपये | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए संशोधित अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | | | 4 | 5 |
| 1 | **1RT-TELE-BAGSCANR-MB25-26** वन टाइम रिपेयरिंग ऑफ़ बैगेज स्कैनर एट बरेली एंड हरिद्वार रेलवे स्टेशन. | - | - | - | - | 27.04.2026 15:00 बजे | 29.04.2026 15:00 बजे |
| 2 | **SNT-SigLC-InterlockingA** इंटरलॉकिंग ऑफ़ अलसीगेट टीयूवी 20000 इन दा सैक्शन ऑफ एडीएसटी / अचआरआई आफ मुरादाबाद डीविजन | - | - | - | - | 27.04.2026 15:00 बजे | 04.05.2026 15:00 बजे |
| 3 | **SNT-RTSIG-PRI-GCT-2024-25** पथरी कॉमन यूजर ट्रैफिक फेसिलिटि एट पथरी इन सी / डब्लू कानकार जीसीटी | - | - | - | - | 27.04.2026 15:00 बजे | 29.04.2026 15:00 बजे |
| 4 | **05-SNTRT1-Sig-SSDAC-MSDAC** परोविजिन ऑफ एसएसडीएसी / अमएसडीएसी इन सीए–बीई सैक्शन ऑफ एमबी डीविजन | - | - | - | - | 27.04.2026 15:00 बजे | 29.04.2026 15:00 बजे |
| 5 | **SNTRT1-AMC-Medha-EI-MB** कमफ्रेनसीव मेन्टीनेंनस कानटेक्ट आफ इलेक्टानिक इनटरलाकिंग सिस्टम ऑफ मेघा मेक फॉर आ पीरियड ऑफ 3 ईयरस ओवर एमबी डीविजन | - | - | - | - | 27.04.2026 15:00 बजे | 29.04.2026 15:00 बजे |
| 6 | **SNT-Sig-Road-Signal-MB** परोविजिन ऑफ रोड सिगनल एट इनटरलोक्ड गेटस ओवर एमबी डीविजन | - | - | - | - | 27.04.2026 15:00 बजे | 29.04.2026 15:00 बजे |
| 7 | **28-Sig-Repairing-Fire-Alarm** रिपेयरिंग ऑफ फॉल्ट फायर डिटेक्शन सिस्टम & अलारम सिस्टम इन वेरियस स्टेशनस ओवर मुरादाबाद डीविजन | - | - | - | - | 27.04.2026 15:00 बजे | 29.04.2026 15:00 बजे |
| 8 | **01-TELE-Six-shed-MB-2025** प्रोविजन / उपग्रेडेशन ऑफ इन्फ्रास्ट्रक्चर फेशिलीटीज मोनिटरिंग मेकनिज्म FOIS/TMS एट सिक्स गुड्स शेड ऑवर मुरादाबाद डिवीजन (रामपुर, अमरोहा, बुलंदशहर, हापुड़, हरदोई, रोज़ा) | 17377677.35 | 347600.00 | 17318903.79 | 346400.00 | 27.04.2026 15:00 बजे | 29.04.2026 15:00 बजे |

**नोट:** – बाकी अन्य शर्तों में कोई बदलाव नही है। **1214/2026**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**एक नजर**

## भारतीय किसान यूनियन की पंचायत में अधिकारियों ने फिर दिलाया समस्या समाधान का भरोसा

**कांठ( शाह टाइम्स )** किसान भवन छजलैट पर आयोजित भारतीय किसान यूनियन की पंचायत में आज फिर अधिकारी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाकर चलते बने। भारतीय किसान यूनियन ने इस बार समाधान न होने पर बड़े आंदोलन की चेता. वनी दी है पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक आज भारतीय किसान यूनियन के नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह एवं डॉक्टर नो सिंह की



अगुवाई में किसान भवन पर पहुंच गए और अपनी बात शुरू की किसानों ने कहा कि अगैती गन्ना प्रजाति के अलावा जितने भी गन्ना प्रजाति है उनका सर्वे सिर्फ सामान्य प्रजाति के रूप में हो अगैती एवं सामान्य प्रजाति की पर्ची प्रथम पक्ष व कालम से ही किसानों को दी जाए। गन्ना सहकारी समितियां या मिल प्रबंधन द्वारा मिलने वाली खाद दवाई प्रतिदिन कार्य दिवस में किसानों को समय से मिले, किसानों के खेतों पर घूम रहे तेंदुओं से निजात दिलाई जाए इसके लिए प्रशासन वन विभाग एवं ग्राम प्रधानों से मिलकर ठोस कदम उठाए। किसान क्रेडिट कार्ड को सिर्फ ब्याज जमा करा कर ही नवीनीकरण कराया जाए इसके साथ किसान क्रेडिट कार्ड पर तीन परसेंट ब्याज जमा कराना जिन किसानों का बैंकों ने 7 प्रतिशत काट लिया है वह वापस करना स्मार्ट मीटर लगाने के लिए उपभोक्ताओं पर दबाव न बनाया जाना आदि मांगों को पंचायत में रखा गया जिस पर अधिकारियों ने शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया लेकिन भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने कहा कि इस बार समस्याओं का समाधान नहीं किया तो यूनियन बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी। इस मौके पर काफी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

## वैश्य एकता समिति ने मनाया श्री अक्रूरजी महाराज का जन्मोत्सव

**चन्दौसी।** शुक्रवार को वैश्य एकता समिति द्वारा श्रीअक्रूरजी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रातः सम्भल गेट स्थित गौशाला में गौसेवा का कार्यक्रम आयोजित किया गया, तत्पश्चात गणेश मेला रोड स्थित भोलेनाथ भवन में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ जन्मोत्सव मनाया गया। वैश्य एकता समिति के संरक्षक मौसम गुप्ता, सुभाष वार्ष्णेय भोलेनाथ, विपिन बालाजी द्वारा श्रीअक्रूरजी महाराज



की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए गए। इस मौके पर समिति अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय ने कहा कि श्रीअक्रूर महाराज वैश्य समाज के कुल प्रवर्तक (आराध्य) माने जाते हैं। उन्होंने वैश्य समुदाय के उत्थान और धर्म की रक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए, जिनका विवरण पौराणिक और ऐतिहासिक संदर्भों में मिलता है। इस मौके पर वैश्य एकता समिति संगठन के विशेष सहयोगी अजय वार्ष्णेय, कौशल किशोर वन्देमातरम व पदाधिकारियों में महामंत्री आकाश वार्ष्णेय, दीपेश सेठ, डॉ0 दशांत गुप्ता, उपाध्यक्ष मयंक वार्ष्णेय, प्रखर गर्ग, मोहित बंसल, चर्चिल वार्ष्णेय, मोहित वार्ष्णेय शक्तिभोग, प्रतीक किट्टू, हिमांशु हिमी, प्रथम वार्ष्णेय, अजय वार्ष्णेय, विवेक चौधरी, सचिन वार्ष्णेय, प्रदीप वार्ष्णेय, मुनीश, मयूर वार्ष्णेय, सौरभ वार्ष्णेय आदि लोग उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति: नारी सशक्तिकरण का नया आयाम

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद भर में पुलिस द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। शुक्रवार को मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस



दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालि. काओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा समस्याओं के समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करना रहा। साथ ही, एंटी रोमियो टीमों द्वारा जनपद के प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए गए। महिला सुरक्षा से संबंधित प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों में वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मोबाइल पर इमरजेंसी कॉल एवं पैनिक बटन के उपयोग का डेमो भी कराया गया।

## पब्लिक स्कूलों पर सख्ती, एनसीईआरटी लागू कराने को डीआईओएस के निर्देश पर 10 स्कूलों को भेजा गया नोटिस

**मुरादाबाद।** जनपद में पब्लिक स्कूलों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू कराने के लिए शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर गठित जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर 10 निजी विद्यालयों को नोटिस जारी किया गया है।जांच के दौरान यह सामने आया कि कई स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबें



पूरी तरह से लागू नहीं की गई थीं और अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें पढ़ाई जा रही थीं। इसे गंभीरता से लेते हुए विभाग ने संबंधित स्कूलों से स्पष्टीकरण मांगा और निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।नोटिस मिलने के बाद सभी विद्यालयों ने विभाग को अपना जवाब भेज दिया है। स्कूल प्रबंधन की ओर से बताया गया कि अब एनसीईआरटी पुस्तकों को पूरी तरह लागू किया जा रहा है और छात्रों को उसी के अनुसार पढ़ाई कराई जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि कुछ स्थानों पर एनसीईआरटी किताबों की उपलब्धता में कमी की समस्या सामने आई है। इस समस्या के समाधान के लिए संबंधित एजेंसियों से संपर्क किया जा रहा है, ताकि समय रहते सभी छात्रों को किताबें उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए एनसीईआरटी पाठ्यक्रम का पालन अनिवार्य है और भविष्य में भी स्कूलों की नियमित जांच की जाएगी। यदि किसी विद्यालय में निर्देशों का उल्लंघन पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग की सख्ती से स्कूलों में हलचल मच गई है और अधिकांश संस्थान अब नियमों के अनुपालन में जुट गए हैं।

# करंट लगने से बैल की मौत, मजदूर घायल

## विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने लिया संज्ञान, कार्रवाई के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम रुस्तम नगर सहसपुर के मोहल्ला गढ़ी में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया। गांव निवासी शराफत पुत्र सादक बैलगाड़ी से मजदूरी के लिए जा रहा था। सुबह करीब 6 बजे जंगल के पास रास्ते में ट्यूबवेल की 11,000 वोल्ट की टूटी बिजली लाइन पानी में पड़ी हुई थी। सड़क पर पानी भरा होने के कारण उसमें करंट फैल गया, जिसकी चपेट में आने से मौके पर ही बैल की मौत हो गई, जबकि मजदूर शराफत गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ट्यूबवेल पर ट्रांसफार्मर के तार लकड़ी के बांसों के सहारे लटकाए गए थे, जो स्पष्ट रूप से लापरवाही को दर्शाता है। विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने मौके से ही विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। एक्सईएन अमरीश कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे।



विधायक ने मृतक बैल के मालिक को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। एक्सईएन अमरीश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया लाप. रवाही सामने आई है, जिस पर संबंधित जेई के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, दो दिन के भीतर सभी ढीले और टूटे तारों को सही तरीके से खंभों पर व्यवस्थित करने का निर्देश दिया गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में अनेक स्थानों पर पहले भी इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे विद्युत विभाग के प्रति नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई और स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार के हादसों की पुनरावृत्ति न हो।

# मिशन शक्ति टीम ने किया महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** थाना सोनकपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और सुरक्षा सेवाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक दी। कार्यक्रम में उप निरीक्षक श्रवण कुमार, उप निरीक्षक रोबिन शर्मा, कांस्टेबल गुलाब सिंह तथा महिला कांस्टेबल 113 आशा ने सक्रिय भूमिका निभाई। टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के लाभों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान महिलाओं को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, एंबुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सेवा 112 सहित अन्य महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही इन सेवाओं का उपयोग कैसे और कब करना है, यह भी समझाया गया।



पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न या आपात स्थिति में वे इन हेल्पलाइन नंबरों का नि:संकोच उपयोग करें। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के लिए भी आवश्यक सुझाव दिए गए। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा इस प्रकार के जागरूकता अभियान से उन्हें अपने अधिकारों और सुरक्षा उपायों की बेहतर जानकारी मिलती है। थाना सोनकपुर पुलिस का यह प्रयास महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## बिलारी समाचार

### ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल जलकर राख



**कुंदरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव गुरेर में गुरुवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब अचानक गेहूं की खड़ी फसल में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि जुल्फेकार लतीफ के करीब 2 बीघा खेत के पास लगे ट्यूबवेल के ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी के कारण आग भड़क उठी। तेज हवा के चलते आग तेजी से फैलती चली गई और पड़ोस में गफ्फार हुसैन के खेत में खड़ी गेहूं की फसल को भी अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने किसी तरह आग बुझाने का प्रयास किया।

लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। सूचना मिलते ही पुलिस और हल्का लेखपाल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस आगजनी में किसानों की कई बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

### मानक पूरे करने पर परिवहन विभाग ने 513 स्कूली वाहनों को किया ऑनलाइन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** परिवहन विभाग ने स्कूली वाहनों की जांच के दौरान 513 वाहनों को ऑनलाइन कर दिया है। इन वाहनों की फिटनेस समेत अन्य जानकारी ऑनलाइन कर दी गई हैं। अभी 87 स्कूली वाहनों का ऑन बोर्ड किया जाना बाकी है। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एक सप्ताह में सभी वाहनों को ऑनलाइन ऑन बोर्ड कर दिया जाएगा।जिले में 102 स्कूलों में कुल 600 स्कूली वाहन हैं। परिवहन स्कूली वाहनों में यह चीजें अनिवार्य: सीसीटीवी, जीपीएस, अग्निशमन यंत्र, स्पीड गवर्नर, फर्स्ट एड बॉक्ट, आपातक. ालीन निकास द्वार, स्कूल का नाम, परिवहन विभाग का हेल्पलाइन नंबर, रेस्ट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप आदि उपकरण होना अनिवार्य है। विभाग के अधिकारी स्कूलों में जाकर वाहनों की जांच कर रहे हैं। इनकी सूची ऑनलाइन ऑन बोर्ड किया जा रहा है। अभी तक 513 स्कूली वाहनों को ऑन बोर्ड किया गया है। इस दौरान स्कूली वाहनों की जांच भी की जा रही है। इसमें करीब 25 से 30 वाहनों में कमी पाई गई हैं। आरटीओ प्रशासन राजेश सिंह का कहना है कि जिन वाहनों में कमी पाई गई उन स्कूलों को नोटिस जारी कर दिया गया है। कहा गया है कि एक सप्ताह में वाहनों की फिटनेस समेत अन्य काम करा लें। अगर इन वाहनों की फिटनेस नहीं कराया गया तो इनकी आरसी निरस्त कर दी जाएगी।

### फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई तो किसान नहीं बेच पाएंगे सरकारी तौल पर गेहूं

**कांठ( शाह टाइम्स )**उत्तर प्रदेश शासन और खाद्य एवं रसद विभाग के निर्देशों के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं बेचने के लिए किसान पहचान पत्र (फार्मर आइडी) अनिवार्य कर दिया गया है। साफ निर्देश हैं कि सरकारी क्रय केंद्रों पर केवल उन्हीं किसानों से खरीद होगी, जिनके पास वैध फार्मर आइडी होगी।जिला खाद्य विपणन अधिकारी विनीता मिश्रा ने बताया कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए छह अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक फार्मर आइडी बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत छूटे हुए किसानों के फार्मर आइडी बनाई जा रही हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने नजदीकी कृषि विभाग, राजस्व विभाग या लगाए गए शिविर में पहुंचकर जल्द से जल्द पंजीकरण कराएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि केवल उन्हीं किसानों से गेहूं खरीदा जाए, जिनका पंजीकरण खाद्य विभाग के पोर्टल पर दर्ज है और जिनके पास फार्मर आइडी उपलब्ध है। खरीद के समय किसान के पंजीकरण विवरण का मिलान पहचान पत्र से किया जाएगा और उसकी छायाप्रति सुरक्षित रखी जाएगी। जिला प्रशासन का किसानों से कहना है कि वे गेहूं बिक्री के समय किसान पहचान पत्र, आधार कार्ड, पंजीकरण विवरण और अन्य जरूरी दस्तावेज साथ लेकर ही केंद्र पर पहुंचें, ताकि खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए।

### शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**बिलारी।** बिलारी कोतवाली क्षेत्र की चौकी स्योडारा अंतर्गत ग्राम समाथल में आगामी अंबेडकर जयंती के मद्देनजर पुलिस द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उप निरीक्षक ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर जयंती को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। कार्यक्रम में उप निरीक्षक ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि जयंती के अवसर पर निकलने वाले जुलूस, कार्यक्रम और सभाओं के दौरान कानून-व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने को कहा। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आयोजकों को निर्धारित नियमों का पालन करने और प्रशासन का सहयोग करने के निर्देश दिए गए। ग्रामीणों ने भी पुलिस को आश्वस्त किया कि वे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में पूरा सहयोग करेंगे। कार्यक्रम क्षेत्र में आपसी भाईचारे और शांति व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ 'टेक्नो-मैनेजमेंट क्लचरल फेस्ट- पराक्रम' का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की ओर से दो दिवसीय ''टेक्नो-मैनेजमेंट क्लचरल फेस्ट- पराक्रम'' पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा निखर कर सामने आती है।



उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस आवश्यकता है कि उन्हें सही दिशा और मंच मिले। साथ ही उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों और विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की भी भरपूर प्रशंसा की। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने बताया कि 'पराक्रम' फेस्ट में विश्वविद्यालय के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ प्रतिभाग किया। स्कूल की शिक्षिका व कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. आरती गर्ग ने मंच का संचालन करते हुए उत्सव में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आर.के. यादव, होटल मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मेघा भाटिया, कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार सक्सेना, डॉ. हिमांशु गुप्ता, श्री अक्षय शर्मा, सुश्री ज्योति, डॉ. अर्चना, नम्रता श्रीवास्तव, डॉ. चारू दत्ता एवं श्री आकाश कुमार मौर्या की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान कई शिक्षकगण और भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आईएफटीएम में आयोजित हुआ सेमिनार

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एलुमिनाई एसोसिएशन (आईयूएए) द्वारा स्कूल ऑफ साइंसेज के सहयोग से "वैज्ञानिक अनुसंधान और शिक्षा: भारत की ज्ञान अर्थव्यवस्था का निर्माण" विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सेमिनार के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए इस प्रकार के सेमिनार का आयोजन तथा जीवन में आने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए विशेषज्ञों से मार्गदर्शन लेना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षा प्रणाली को उद्योगों के साथ जोड़ा जा रहा है और नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस सेमिनार का संच. ालन स्कूल के एलुमिनाई समन्वयक व रसायन विज्ञान विभाग के शिक्षक डॉ. पवन कुमार शुक्ला ने किया। सेमिनार के अन्त में स्कूल के निदेशक डॉ. सिंह ने एलुमना व मुख्य वक्ता डॉ. मीना को विश्वविद्यालय की ओर से प्रतीक-चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। सेमिनार के सफल आयोजन में वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक डॉ. देश दीपक, सह संयोजक डॉ अशोक कुमार एवं आयोजन सचिव डॉ . पूजा नारंग का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर स्कूल के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक और 29 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# श्री बाला जी महाराज के जन्मोत्सव पर चले तीन दिवसीय कार्यक्रम का हुआ समापन

**मुरादाबाद।** श्री बाला जी महाराज भक्त जन सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री बाला जी महाराज के जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आज बनवटा गंज स्थित दरबार में 24वां वार्षिकोत्सव पर 24 किलो हवन सामग्री के साथ हवन कर विशेष मंत्रों के साथ पूजा अर्चना कर समाज में सुख-शांति समृद्घि की प्रार्थना करते हुए महामंडलेश्वर श्री राकेशानन्द गिरि (त्रिशुलधारी) गुरू जी ने सभी भक्तों को आशीर्वाद देते हुए मंगल कामना के लिये प्रार्थना की। श्री बाला जी महाराज के जन्मोत्सव पर समिति के बैनर तले तीन दिन तक विभिन्न कार्यक्रम किये जिसमें पहले दिन बाबा का चोला एवं श्रंगार कोर्ट रोड स्थित श्री बाला जी हठीले हनुमान मंदिर पर चढ़ाया दूसरे दिन भव्य शोभायात्रा महानगर के मुख्य मार्ग में निकाली तीसरे दिन संकट मोचन महायज्ञ के बाद प्रभु इच्छा तक भण्डारा किया। आज मुख्यत: कार्यक्रम में हवन में आहुतियां देने अतुल जौहरी, शंशाक गुप्ता, कमल कांत सक्सेना, संजय धमीजा, सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, अमित गुप्ता, जितेन्द्र नारंग, शशांक यादव, भावना गुप्ता, क्षमा अग्रवाल, साक्षी गुप्ता, अल्पना गुप्ता, अनिता आदि मौजूद रहे।





## अंबेडकर जयंती पर पांच अधिकारी रहेंगे तैनात

कांठ(शाह टाइम्स) प्रशासन ने अंबेडकर जयंती सकुशल संपन्न कराने के लिए क्षेत्र को 5 सेक्टर में बांटकर अधिकारियों को तैनाती दी है। राजस्व निरीक्षक केदार सिंह नायव तहसीलदार कांठ योगेश चंद्र नायव तहसीलदार छजलैट अनिल कुमार मिश्र सहायक विकास अधिकारी जबर सिंह और बाल विकास परियोजना अधिकारी अनीता देवी को अंबेडकर जयंती पर अपने-अपने क्षेत्र में रहकर पर्व सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए एसडीएम ने निर्देशित किया है। जारी पत्र में उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने संपूर्ण क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर त्योहार पर नजर बनाए रखेंगे तहसीलदार को भी निर्देशित करते हुए कहा कि वह समस्त राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालों को लिखित रूप से निर्देशित करें कि वह अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन बखूबी करें।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हस्तकला प्रदर्शनी अलंखता 2.0 का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के गृह विज्ञान विभाग की ओर से हस्तकला प्रदर्शनी "अलंकृता 2.0" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने प्रदर्शनी के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया व विश्वविद्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्षों और शिक्षकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विविध प्रकार के व्यंजनों और हस्त निर्मित कलाकृतियों की भरपूर सराहना की। उन्होंने कहा कि सृजनात्मकता एक ऐसी स्थिति है, जिसमें छात्र-छात्राओं के मन मस्तिष्क में आने वाले विशेष विचारों के आधार पर वह कुछ नया सृजन करते हैं। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी




कि वे अपने अध्ययन के साथ-साथ अन्य कला-कौशल के विकास पर भी ध्यान दें, इसी कला कौशल के आधार पर सफल उद्यमी भी बन सकते हैं।

प्रदर्शनी में गृह विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने हस्तकला प्रदर्शन, वस्त्र विज्ञान प्रदर्शन, रंगोली तथा चित्रों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपने सृजन कौशल, रचनात्मक तर्क एवं अवधारणाओं को बखूबी प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने फूड स्टॉल, डेकोरेटिव मिरर, हैंडमेड बैग्स, हैंडमेड फैंसी बैंगल्स, कुशन कवर, पेंटिंग, डोर हैंगिग, टाई एंड डाई क्लॉथ्स और मेहंदी आर्ट आदि विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स के माध्यम से अपने-अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजिका डॉ. तृप्ति पांडेय, सह संयोजिका मिस पायल सिंह, आयोजन सचिव श्रीमती रूचि चौधरी, डॉ अशोक कुमार, डॉ. देश दीपक, डॉ. स्मिता ज्योति, डॉ. अतानु नाग, डॉ. संजना तिवारी, डॉ. रिद्धि गर्ग एवं डॉ. राजेश कुमार शुक्ला का विशेष योगदान रहा। प्रदर्शनी के दौरान गृह विज्ञान विभाग के 25 विद्यार्थियों ने अत्यंत रूचि के साथ प्रतिभाग किया।

# इवान जैन ने अभावग्रस्त बच्चों के बीच मनाया अपना जन्मदिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार जैन ने अपने पौत्र इवान जैन का जन्मदिवस सेवा भारती द्वारा संचालित बाल विकास विद्यालय, पैरा की मिलक में अभावग्रस्त वर्ग के बच्चों के बीच सादगी एवं सेवा भाव के साथ मनाया। विद्यालय पहुँचने पर भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से संचालित इस संस्थान के नन्हे भैया-बहनों तथा शिक्षकों ने इवान को भारतीय पद्धति से शुभकामनाएँ प्रदान कीं। इस अवसर पर इवान के माता-पिता नमन जैन एवं प्रिया जैन ने सभी बच्चों को उपहार एवं मिष्ठान वित. रित किया। आजकल जहाँ प्राय: जन्मदिन समारोह बड़े होटलों एवं भव्य आयोजनों में मनाए जाते हैं, वहीं इवान के परिवार ने इस अवसर को सेवा एवं संवेदना से जोड़ते हुए ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया, जिससे न केवल इवान का चेहरा खिला, बल्कि उन अनेक बच्चों के चेहरों पर भी मुस्कान आई जिन्हें वास्तविक खुशी की आवश्यकता है। ज्ञातव्य है कि सेवा भारती द्वारा संचालित इस विद्यालय में नर्सरी से कक्षा पाँच तक के लगभग 400 अभावग्रस्त विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. पवन कुमार जैन ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के प्रति संवेदना रखना आवश्यक है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचार उद्धृत करते हुए कहा मैं उस प्रभु का सेवक हूँ, जिसे लोग मनुष्य के रूप में जानते हैं, और बताया कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक सुरेंद्र पाल सिंह ने इसे "नर सेवा नारायण सेवा" का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि इवान के जन्मदिवस की खुशी के साथ-साथ 400 बच्चों के चेहरों पर भी मुस्कान दिखाई दे रही है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ममता सक्सेना ने बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए उनकी सेवा भावना की सराहना की।



इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रौढ़ कार्य प्रमुख ओम प्रकाश शास्त्री, प्रधानाचार्या ममता सक्सेना, नमन जैन, प्रिया जैन, राशि जैन, अमन जैन, अलका जैन, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# टीएमयू में वैश्विक मंच पर आधुनिक दंत चिकित्सा के उभरते रुझानों पर मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मलेशिया के हेल्थ मिनिस्ट्री के सुल्तान अब्दुल हलीम अस्पताल में चीफ कंसल्टेंट एंड जानी मानी ओरल मेडिसिन की एक्सपर्ट डॉ. नोराटिखा बिन्ती अवांग हसीम ने नॉन हीलिंग अल्सर पर कहा,अल्सर की अनदेखी से जीवन संकट में आ जाता है। मुंह के छालों के विभिन्न आकार जैसे गोल, अंडाकार एवम् अनियमित हो सकते हैं, जिनकी प्रकृति से रोग की गंभीरता का अनुमान लगाया जाता है। नॉन-हीलिंग अल्सर वे होते हैं, जो सामान्य उपचार के बाद भी 2ख़3 सप्ताह में ठीक नहीं होते। डॉ. नोराटिखा ने ट्रॉमैटिक, इंफेक्शियस, और प्री कैंसरस अल्सर को प्रमुख बताया। इसके प्रमुख कारणों में तंबाकू सेवन, धूम्रपान, विटामिन की कमी, संक्रमण और लगातार घाव शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सही निदान के लिए बायोप्सी, क्लिनिकल परीक्षण और इमेजिंग तकनीकों का उपयोग किया जाता है। पीपी के जरिए एक मरीज का



केस इतिहास भी साझा किया, जिसमें लंबे समय से न भरने वाले अल्सर को शुरुआती चरण में पहचानकर सफल उपचार किया गया। अल्सर की अवस्थाओं को समझाया गया। उपचार में दवाइयों के साथ- साथ आवश्यक होने पर सर्जिकल हस्तक्षेप की भूमिका भी बताई गई। उन्होंने भविष्य की डेंटिस्ट्री को अधिक सटीक, तेज और मरीज-केंद्रित बताते हुए छात्रों को नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डेंटल स्टुडेंट्स एवम् फैकल्टीज ने विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान किया। कॉन्फ्रेंस में टीएमयू के कुलपति प्रो. वी.के. जैन, डीन गवर्निंग डॉ. नीलिमा जैन,टीएमयू डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. प्रदीप तांगड़े, वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन के अलावा विशिष्ट अतिथियों में कोठीवाल डेंटल कॉलेज और अनुसंधान केंद्र से डॉ. स्वतंत्र अग्रवाल, मानव रचना डेंटल कॉलेज की डीन डॉ. पुनीत बत्रा, दंत विज्ञान संस्थान, बरेली के प्रिंसिपल डॉ. सत्यजीत नाइक, केडी डेंटल कॉलेज मथुरा से डॉ. नवप्रीत कौर आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

इनके अलावा डॉ. विनीता निखिल , डॉ. सुनीता गुप्ता, डॉ. के.वी. अरुण , डॉ. नवीन पी.जी, डॉ. विक्रांत मोहंती , डॉ. शौर्य टंडन , डॉ. राजेंद्र गौड़ा पाटिल आदि भी शामिल रहे।

## एक नजर

### स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग



**बिजनौर।** शहर में सड़क सुरक्षा को लेकर एक बार फिर आवाज उठी है। सोशल एक्टिविस्ट मेहताबुद्दीन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बिजनौर इंटर कॉलेज रोड पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर वाहन चालक 100-200 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से वाहन दौड़ाते हैं। जिससे आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। क्षेत्र में स्कूल और मंदिर होने के कारण यहां लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। जिससे दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ जाता है। उन्होंने मांग की है कि रविदास मंदिर के पास तथा बिजनौर इंटर कॉलेज के पहले गेट से पांच मीटर पहले और गेट से 10 मीटर बाद स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं। इसके अलावा पूरे मार्ग पर लगभग 12 स्पीड ब्रेकर लगाने की भी अपील की गई है, ताकि तेज रफ्तार पर नियंत्रण पाया जा सके। सोशल एक्टिविस्ट ने प्रशासन से इस मामले में संबंधित अधिकारी को निर्देशित कर जल्द से जल्द कार्रवाई कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### वोटों की जांच की गई



**नूरपुर।** प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर बिल्लौच में मतदाता सूची में वोट देखे गए। वोटर लिस्ट का आज प्रकाशन किया गया। बूथ पर सुपरवाइजर मौ. सलमान, बीएलओ मौहम्मद इस्माईल एवं शाहनवाज अख्तर उपस्थित रहे । इस मौके पर अकबर नबी इदरीसी राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी आंदोलन पार्टी, आमिर खान सामाजिक नेता, अब्दुल्ला सैफी ग्राम प्रधान, नफीस अहमद अंसारी, फरीद कुरैशी नेताजी, सलीम अहमद संभावित प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य, मन्नौ अल्वी पूर्व बीटीसी सदस्य, अतीक अहमद अंसारी, मुस्तफा इदरीसी आदि मौजूद थे।

### शांति समिति की बैठक आयोजित



**नूरपुर।** थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीओ चांदपुर देश दीपक कुमार ने कहा कि सभी धर्मो के लोग अंबेडकर जयंती पर निकलनी वाली शोभायात्रा में सहयोग करें। उन्होंने कहा है कि धर्मशाला पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं। ताकि अनहोनी से बचा जा सकता है। इस बात का जरूर ध्यान रखें कि ऐसा कोई काम न करें, जिससे किसी दूसरे धर्म के लोगों को तकलीफ पहुंचे। उन्होंने कहा है कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने शिक्षा पर जोर दिया है। इंसानियत व भाईचारे का संदेश दिया था। कोई भी नई परम्परा न करें। कोई भी बगैर परमिशन के शोभायात्रा न निकाले। थाना प्रभारी ने कहा कि अम्बेडकर जयंती समारोह पर कोई भी नये परम्परा न करें। शोभायात्रा यात्रा अपने परामपरागत रास्ते से निकाले।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**नजीबाबाद।** शादी का झांसा देकर एक महिला के साथ दुष्कर्म करने और उसका वीडियो वायरल करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शायान पुत्र कातिब निवासी मौहल्ला वाहिद नगर, थाना नजीबाबाद ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने दुष्कर्म का वीडियो भी वायरल किया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे आरोपी शायान को वाहिद नगर स्थित उसके निवास से गिरफ्तार कर लिया। मामले में आगे की आवश्यक कानूनी कार्यवाही जारी है।

# फर्जी दरोगा बन कर लाखों की ठगी

## शादी का झांसा देकर ससुर और मंगेतर को लूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** एक युवक द्वारा फर्जी दरोगा बनकर शादी का झांसा देने और लाखों रुपए हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम मलकपुर अब्दुल्ला निवासी भीष्म सिंह ने अपनी पुत्री रिंकी की शादी के लिए ग्राम बिंजाहेड़ी निवासी अवनीश कुमार पुत्र खूब सिंह को देखा था। आरोप है कि अवनीश ने खुद को जनपद हापुड़ के थाना सिम्भावली में तैनात सब-इंस्पेक्टर (दरोगा) बताया। उसकी बातों और वर्दी पर विश्वास करते हुए पीड़ित ने रिश्ता तय कर दिया।

रिश्ता तय होने के बाद आरोपी अवनीश अपनी जरूरतों का हवाला देकर पीड़ित से समय-समय पर पैसे लेता रहा। शक होने पर जब भीष्म सिंह ने हापुड़ पुलिस लाइन जाकर छानबीन की, तो पता चला कि अवनीश पुलिस विभाग में कार्यरत ही नहीं है और उसने फर्जी नियुक्ति पत्र और दस्तावेज तैयार कर रखे थे। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने निशानी और रस्मों के नाम पर लगभग 6 लाख 10 हजार रुपए खर्च करवाए। पीड़ित की पुत्री, जो गन्ना समिति नगीना में संविदा कर्मचारी है, उससे भी झांसा देकर ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। कुल मिलाकर आरोपी ने लगभग 7,78,000 रुपए की ठगी की।

मामला बढ़ने पर 29 जनवरी 2026 को विधायक कैंप कार्यालय पर एक पंचायत भी हुई थी, जिसमें आरोपी पक्ष ने चार लाख रुपए, चेक और गहने वापस कर दिए थे। हालांकि, शेष 2,78,170 रुपए वापस करने का वादा करने के बाद भी आरोपी और उसके परिजन मुकर गए और धमकी देने लगे।

पुलिस ने भीष्म सिंह की तहरीर पर अवनीश कुमार के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 340(2), 336(3), 338, 318(4) और 205 के तहत एफआईआर (संख्या 0092/2026) दर्ज कर ली है। मामले की जांच उपनिरीक्षक सर्वेज खान को सौंपी गई है।

### मंडी में हटाया गया अतिक्रमण

**नजीबाबाद।** मंडी समिति में आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायत का संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। शिकायतकर्ता हबीब अहमद एवं खुर्शीद द्वारा नीलामी चबूतरों पर अतिक्रमण की शिकायत की गई थी, जिसके बाद तत्काल मौके पर निरीक्षण कर कार्रवाई अमल में लाई गई। इस कार्रवाई के दौरान मंडी सचिव सचिन शर्मा, मंडी निरीक्षक खुशनुमा तथा मंडी सहायक शिव शंकर यादव की मौजूदगी में नीलामी चबूतरों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। अधिकारियों ने पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया और सुनिश्चित किया कि मंडी की व्यवस्था बाधित न हो। अधिकारियों ने बताया कि नीलामी चबूतरों पर अतिक्रमण के कारण व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही थीं, जिसे गंभीरता से लेते हुए तुरंत हटवाया गया। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि मंडी परिसर में किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंडी समिति ने सभी व्यापारियों एवं संबंधित व्यक्तियों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और मंडी की व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। भविष्य में भी इस तरह की शिकायतों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### तीन अधिवक्ताओं के लाइसेंस निरस्त

**नजीबाबाद।** बार काउंसलिंग उत्तर प्रदेश द्वारा नजीबाबाद के तीन अधिवक्ताओं के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। इन तीनों अधिवक्ताओं पर आरोप है कि 2024- 25 के नजीबाबाद बार चुनाव के दौरान कई अधिवक्ताओं के वोट इनके द्वारा काटे गए थे। जिसमें फहीम अहमद एड., पंकज बिश्नोई एड., हरपाल सिंह एड., पंकज बिश्नोई एड. आदि अधिवक्ताओं के वोटर लिस्ट में से नाम काट दिए गए थे। जिस कारण से बार चुनाव में यह सभी अधिवक्ता वोट नहीं डाल पाए थे। पीड़ित अधिवक्ताओं द्वारा बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई गई। बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के तत्कालीन अध्यक्ष शिव किशोर गॉड द्वारा इस मामले में आदेश पारित किया गया की इन अधिवक्ताओं को बार काउंसिल के चुनाव में वोट डालने दिया जाए, लेकिन उस समय की बार काउंसिल चेयरमैन अजय गोयल एड. और अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह एड. व जितेंद्र राजपूत एड. द्वारा इन आदेशों को नहीं माना गया, पीड़ित अधिवक्ता दोबारा से बार काउंसिल में अपनी शिकायत दर्ज कराने गए। इस बार अध्यक्ष बार काउंसिल उत्तर प्रदेश द्वारा एक जांच कमेटी का गठन किया गया। जिसमें जांच कमेटी का अध्यक्ष पूर्व चेयरमैन इमरान खान एड. को बनाया गया। उनके द्वारा भी एक आदेश पारित किया गया कि इन सभी अधिवक्ताओं को वोट डालने दिया जाए और स्पष्टीकरण के लिए मेरे समक्ष उपस्थित हो। इन तीनों अधिवक्ताओं द्वारा आदेशों की अवेलहना की गई और मन माने ढंग से इन तीनों अधिवक्ताओं नजीबाबाद बार संघ अधिकारियों द्वारा अपने पद का दुरुपयोग किया गया। जिससे परेशान होकर पंकज विश्नोई एड. द्वारा एक मुकदमा संबंधित धाराओं में दायर किया गया। जिसके डेढ़ वर्ष तक जांच चली। पंकज विश्नोई एड. को भी इस दौरान सुना गया और तीनों अधिवक्ताओं को भी सुना गया।

# हीरावाली में बंद घर में चोरी

## निकाह समारोह में गया था परिवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** क्षेत्र के ग्राम हीरावाली में चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित परिवार एक निकाह समारोह में शामिल होने गया था, जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार हीरावाली निवासी शरीफ अहमद पुत्र स्व. रमजानी आठ अप्रैल की शाम करीब छह बजे अपने परिवार के साथ भांजी के निकाह में शामिल होने के लिए ग्राम सहादतपुर गए थे। घर खाली पाकर चोरों ने दीवार फांदकर या अन्य रास्ते से प्रवेश किया और कमरों के ताले तोड़ दिए। नौ अप्रैल की सुबह करीब सात बजे शरीफ अहमद को पड़ोसियों के माध्यम से घर में चोरी होने की सूचना मिली। पीड़ित ने बताया कि जब वह घर पहुंचा, तो कमरों का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। चोर घर से एक जोड़ी सोने के बुंदे, चांदी के जेवरात, एक गैस सिलेंडर और एक लोहे का छोटा बक्सा, जिसमें कीमती कपड़े रखे थे, चोरी कर ले गए हैं। पीड़ित के अनुसार चोरी गए कुल सामान की कीमत लगभग 35 हजार रुपए है।

घटना की सूचना मिलने पर नगीना पुलिस ने मौका मुआयना किया। पुलिस ने शरीफ अहमद की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 331(4) और 305 (ए) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जाँच उपनिरीक्षक जोगेंद्र बैसला को सौंपी गई है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## मालन नदी में गिरी कार, छह गंभीर घायल

**नजीबाबाद।** मालन नदी के पुल से नीचे अनियंत्रित कार गिरने से छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बीती रात्रि लगभग 11:30 बजे थाना नजीबाबाद क्षेत्र के अंतर्गत गंगनहर चौकी के पास मालन नदी के पुल पर एक ऑल्टो कार संख्या अनियंत्रित होकर रैलिंग से टकराने के बाद नदी में गिर गई। दुर्घटना के समय कार में छह लोग सवार थे, जो बिजनौर से हरिद्वार की ओर जा रहे थे। घायलों में हिमांश पुत्र चमन सिंह, हरीश पुत्र इन्द्र सिंह, मोहित पुत्र गजराज सिंह, मोदी उर्फ अरुण पुत्र फूल सिंह, कपिल पुत्र इन्द्र सिंह निवासगण ग्राम बुढ़नपुर तथा देवेंद्र पुत्र बलबीर निवासी हुकुमतपुर, थाना नूरपुर शामिल थे। घटना के समय मालन नदी सूखी हुई थी। सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर ले जाया गया। प्रथम दृष्टया सभी घायल व्यक्ति शराब पिए हुए प्रतीत हो रहे थे। अनुमान है कि नशे की हालत के कारण चालक कार पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिससे कार पुल की रैलिंग से टकराकर नीचे गिर गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के उपरांत घायलों के परिजन मौके पर पहुंच गए और उन्हें बेहतर उपचार हेतु अपने साथ ले गए। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर तुरंत स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए ले जाया गया।

# कांग्रेसियों ने असम के सीएम का फूंका पुतला

## देखती रह गई पुलिस, कांग्रेसियों ने दिया चकमा






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेसियों ने पुलिस को चकमा देकर असम के सीएम का पुतला फूंक दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला मुख्यालय पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला दहन किया गया। पुलिस से तकरार के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती हैनरिता राजीव सिंह के कुशल नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चतुराई से असम के मुख्यमंत्री का पुतला जलाया। यह विरोध प्रदर्शन कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पवन खेड़ा के प्रति असम के मुख्यमंत्री द्वारा की गई अमर्यादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने इस बयान को लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की।

कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने कहा कि इस प्रकार की भाषा न केवल राजनीतिक मर्यादाओं का उल्लंघन है, बल्कि देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को भी आघात पहुंचाती है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर ऐसे बयानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। जिला कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणियां बंद नहीं हुई, तो कांग्रेस देशभर में और भी व्यापक स्तर पर आंदोलन करेगी।

इस विरोध प्रदर्शन में ओमवती देवी पूर्व सांसद, हुमायूं बेग शहर अध्यक्ष, आर.के.सिंह पूर्व आईएएस, मीनू गोयल, जावेद अंसारी, मौहम्मद अकबर, मौहम्मद सलीम, नजाकत कम्भौर, हाजी नसीम, चितवन शर्मा, हरिराज सिंह, हुकुम सिंह, दिलेराम सिंह, समीर सिक्कू, जफर हसनैन,शूरवीर सिंह, मौहम्मद हनीफ, खालिद, खालिद अंसारी, सविता एड., शमीम कुरैशी, राजवीर सिंह, अंकित, सुकेश, दीपक,जितेंद्र प्रधान, वीरेश गहलौत, नवाब, कलवा सिंह, मंसूर खान, हीरा देवी, शादीलाल मारवाड़ी, मिथुन कुमार, साजिदा बेगम, हिमांशु, फारुख खान, विकुल कुमार, रिंकू कुमार आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### प्राइवेट स्कूलों में मनमानी

**राजा का ताजपुर।** अप्रैल से नया शैक्षिक सत्र शुरु होते ही प्राइवेट स्कूल वालों की मनमानी के चलते अभिभावक एक ही दुकान पर कोर्स खरीदने के लिए मजबूर हैं। स्कूल वाले लाखों रुपए का कमीशन लेकर करोड़ों की संपत्ति के मालिक बन बैठे हैं। स्कूल संचालक लगातार अभिभावकों की जेब पर अधिक भार डाल रहे है। नया शैक्षिक सत्र पर प्राइवेट स्कूलों की मिली भगत से बुक सेलर निजी प्रकाशन की अधिक मूल्य की पुस्तकें बेच रहे है। वह किताबों पर अपनी मर्जी से रेट डलवा कर मोटी रकम कमा रहे है। स्कूली बच्चों का कोर्स एक ही दुकान पर मिल रहा है। इसके अलावा यह कोर्स किसी और दुकान पर नहीं मिलता है। कुछ प्राइवेट स्कूल वाले अपने पास से ही कोर्स दे रहे हैं, जो वह भी काफी मोटी रकम वसूल कर रहे हैं। अभिभावक अपने बच्चों के लिए मजबूर होकर एक ही दुकान या प्राइवेट स्कूल से ही कोर्स खरीदने पर मजबूर हैं। जबकि उस दुकान पर या कोर्स देने वाले स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकें उपलब्ध नहीं है। प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों के अभिभावकों ने बताया कि में कक्षा नर्सरी के छात्र का कोर्स तीन हजार से पांच हजार रुपए तक मिलता है। स्कूल वालों की हो रही मनमानी से अभिभावकों में काफी गुस्सा देखने को मिल रहा है। प्राईवेट स्कूल वाले सरकार के आदेश का पालन नहीं करते हैं। अगर इनकी शिकायत किसी अधिकारी से की भी जाती है, तो इन स्कूलों के मालिकों पर कोई असर नहीं होता है।

### हादसे में दर्दनाक मौत



**राजा का ताजपुर।** स्थानीय मौहल्ला मिल्लत नगर खंदक निवासी मरहूम मुख्तियार अंसारी उर्फ छोटे का पुत्र नूर अली (बीस वर्ष) हिमाचल प्रदेश के शिमला में कारपेंटर का काम करता था। बिल्डिंग पर काम करते वक्त अचानक शाम छह बजे ऊपर से जमीन पर गिर गया। जमीन पर गिरने से नूर अली का सिर पत्थर पर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां पर मौजूद लोगों ने घायल युवक को अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए ईलाज शुरू कर दिया। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिवार वालों में हड़कंप मच गया। परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। युवक की मौत की खबर सुनकर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिवार के लोगों नूर अली का शव लेने के लिए शिमला के लिए रवाना हो गए। शिमला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शिमला थाना प्रभारी सागर कुमार ने बताया कि युवक की मकान पर काम करते वक्त पैर फिसलने से मौत हो गई। नूर अली ईद करने के बाद चार दिन पहले ही शिमला काम करने गया था। अपने बहन भाईयों में तीसरे नम्बर का था। नूर अली ने हादसा होने से आधा घंटे पहले वीडियो कालिंग कर अपने परिवार से बात की थी। उसकी विधवा मां बेटे की मौत से सदमे में हैं।

### विधायक सैनी ने सुनी जनसमस्याएं



**नूरपुर।** विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों में जनसंपर्क कर सपा विधायक रामअवतार सिंह सैनी ने जनता की समस्याएं सुनी। ग्राम पौटा-पोटी, दौलतपुर बिल्लौच, कनेहड़ी में पहुंच कर अपनी निधि के द्वारा बनाई गई। सीसी रोड का फीता काटकर उद्घाटन किया। विपक्ष में रहते हुए सपा विधायक राम अवतार सैनी ने अपनी विधानसभा में बगैर किसी भेदभाव के खूब विकास कराया है। उन्होंने सपा की नीतियों का खूब प्रचार प्रसार किया। उन्होंने कहा आने वाले विधानसभा चुनाव सपा की सरकार बनने जा रही है। पीडिए मजबूती के साथ सपा के साथ खड़ा हैं। सपा सरकार बनते ही प्रदेश में खुशहाली आएगी। इस अवसर पर संभावित प्रत्याशी सलीम अहमद इदरीसी, अकबर नबी इदरीसी, नसीम अहमद, देवेंद्र यादव, महासचिव सईद अहमद अंसारी, तुषार चौहान, युवा शफीक मलिक, प्रधान कारी अकरम अंसारी, नजीर खान, जहीरूद्दीन अंसारी, मुकर्रम अल्वी, अबरार सैफी, साबिर मलिक, शोएब खान, इलियास खान, शमीम सैफी, शरीफ खान, राशिद खान, फरीद कुरैशी, महफूज सैफी,गंगाराम सैनी, वसीम कुरैशी, डॉक्टर खादिम अंसारी, अय्यूब अंसारी, वसीम खान, शाकिर अंसारी, फैसल खान, नन्हे खान, बब्बू खान, तालीम खान, दानिश इदरीसी, अमीर हसन खान, मन्नान खान, फिरासत खान, नाजिम खान, रियासत अली, दानिश कुरैशी, आमिर आदि लोग मौजूद रहे।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित

फिरोज बेग

ग्राम प्रधान पद के युवा,
शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# सम्पादकीय

शनिवार, 11 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## यह कैसा युद्धविराम

पश्चिम एशिया में युद्ध से उपजे संकट के बीच यह पहला मौका था, जब ईरान और इस्राईल-अमेरिका के बीच 14 दिनों के युद्धविराम पर सहमति बनी थी। मगर इस्राईल ने बुधवार को ही जिस तरह लेबनान पर हमला किया, उससे साफ है कि युद्धविराम में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है। गौरतलब है कि लेबनान पर इजराइली हमले में दो सौ से ज्यादा आम लोग मारे गए। विचित्र है कि ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका और इस्राईल साझा मोर्चे के तहत हमले कर रहे थे, लेकिन जब दोनों पक्षों के बीच युद्धविराम पर सहमति बनी, तो उसे ठोस आकार देने के बजाय इस्राईल ने समझौते को तोड़ने की पृष्ठभूमि बनानी शुरू कर दी। विडंबना यह भी है कि लेबनान पर इस्राईल के हमले के बाद अब ईरान ने फिर से होर्मुज जलमार्ग को बंद करने की घोषणा की है। निश्चित रूप से ईरान के इस रुख को उसकी प्रतिक्रिया कहा जा सकता है, लेकिन सवाल है कि इस समूचे परिदृश्य में किसी भी पक्ष की जिद और अकड़ का नतीजा क्या निकल रहा है। इस्राईल और अमेरिका ने जिस दिन ईरान पर साझा हमला किया था, तभी से यह आशंका बनी हुई थी कि इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा। इसके बाद ईरान ने स्वाभाविक ही रणनीति के तहत होर्मुज जलमार्ग को बाधित कर दिया और उसके बाद दुनिया के ज्यादातर देशों में प्राकृतिक तेल और गैस की आपूर्ति रुक गई। भारत सहित बहुत सारे ऐसे देश हैं, जहां पेट्रोल-डीजल से लेकर रसोई गैस का संकट पैदा हो गया और आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। युद्धविराम की घोषणा के बाद यह उम्मीद जगी थी कि अब होर्मुज जलमार्ग के खुलने से जहाजों की आवाजाही का रास्ता खुलेगा और स्थिति सुधरेगी, मगर लेबनान पर इजराइल के ताजा हमले में जिस तरह बड़े पैमाने पर आम लोगों की मौत की खबर आई है, उससे एक बार फिर शांति की उम्मीदों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। सवाल है कि अगर युद्धविराम की शर्तों में लेबनान पर भी इस्राईली हमले रोकना शामिल था, तो इस पर अमल के बजाय इसे ताक पर रख कर नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने के पीछे कौन-सी मंशा काम कर रही है। इस्राईल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो इस्राईल फिर से ईरान के खिलाफ लड़ाई शुरू करेगा। खुद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस भड़काऊ लहजे में बात कर रहे हैं, उसे कैसे देखा जाएगा। हैरानी की बात है कि ट्रंप युद्धविराम और उसकी शर्तों पर सहमति जताने के बाद लेबनान पर हमले के मसले को समझौते से अलग बताते हैं। दूसरी ओर, ईरान ने कहा कि युद्धविराम और इस्राईल के जरिए जंग, दोनों साथ नहीं चल सकते। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पश्चिम एशिया के इस युद्ध का खमियाजा दुनिया के ज्यादातर देश उठा रहे हैं।

### उप्र अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन



उप्र अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है, करीब 9 वर्ष पहले तक यूपी को बीमारू राज्य माना जाता था, लेकिन आज प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, आधुनिक दिनचर्या ने बीमारियों को बढ़ावा दिया है, हमारे सामने दो बड़ी चुनौतियां हैं-एक बचाव और दूसरी उपचार, बीमारियों के तेजी से बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जागरूकता और समय पर इलाज बेहद जरूरी है, पिछले एक दशक में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार हुआ है, पहले जहां मात्र 17 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे, वहीं अब केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं, इसके अलावा दो एम्स भी प्रदेश में कार्यरत हैं, हर जिले में आईसीयू की सुविधा विकसित की गई है और कई अस्पतालों को कैथलैब से लैस किया गया है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

## रूढ़ियों के विरुद्ध प्रकाश, समता का सूर्य, विचारों के कृषक फुले का दर्शन





श्वेता गोयल

भारत का सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास अनेक विभूतियों की गाथाओं से सुसज्जित है किंतु समय के अनंत प्रवाह में कुछ ऐसे व्यक्तित्व उभरते हैं, जो केवल कालखंड विशेष की उपज नहीं होते बल्कि युगों-युगों तक मानवता का मार्ग प्रशस्त करने वाले ध्रुवतारे बन जाते हैं। 19वीं सदी के भारत में जब रूढ़िवादिता, जड़ता और अमानवीय भेदभाव का अंधकार अपने चरम पर था, तब महाराष्ट्र की पावन धरा पर महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले के रूप में एक ऐसी प्रखर रश्मि का प्रादुर्भाव हुआ, जिसने सदियों से सोई हुई दलित चेतना को न केवल झकझोरा बल्कि उसे आत्मसम्मान और ज्ञान के आलोक से मंडित कर दिया। ज्योतिबा फुले मात्र एक समाज सुधारक नहीं थे, वे उस वैचारिक क्रांति के शिल्पी थे, जिन्होंने भारतीय समाज की ऊसर और पथरीली भूमि को अपने पसीने और संकल्प से सींचकर उसमें समता, बंधुत्व और न्याय के बीज बोए। आज हम जिस आधुनिक भारत के संवैधानिक मूल्यों, स्त्री-शिक्षा और मानवाधिकारों पर गर्व करते हैं, उस विराट वटवृक्ष की जड़ें वास्तव में फुले के उन साहसिक संघर्षों में निहित हैं, जो उन्होंने उस दौर में किए थे, जब शिक्षा प्राप्त करना एक वर्ग विशेष का एकाधिकार और स्त्रियों का शिक्षित होना महापाप माना जाता था। 11 अप्रैल 1827 को पुणे में एक साधारण परिवार में जन्मे ज्योतिबा का जीवन संघर्ष की वह महागाथा है, जो यह सिद्ध करती है कि मनुष्य की महानता उसके कुल या जाति में नहीं बल्कि उसके उन उदात्त कार्यों में छिपी है, जो वह समूची मानवता के कल्याण हेतु समर्पित करता है।

ज्योतिबाफुले के व्यक्तित्व का निर्माण उन विसंगतियों के बीच हुआ, जहां पग-पग पर उन्हें जातिगत ऊंच-नीच और अपमान का दंश झेलना पड़ा। एक प्रसंग उनके जीवन की दिशा बदलने वाला सिद्ध हुआ, जब उन्हें एक उच्चवर्णीय मित्र के विवाह समारोह में केवल इसलिए अपमानित होकर निकलना पड़ा क्योंकि वे 'निम्न' समझी जाने वाली जाति से थे। वह अपमान ज्योतिबा के लिए केवल व्यक्तिगत पीड़ा नहीं थी बल्कि उन्होंने उसे समाज की उस सड़ी-गली व्यवस्था के विरुद्ध एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया, जो मनुष्य को मनुष्य समझने से इनकार करती थी। उस क्षण उनके भीतर जो विद्रोह उपजा, वह घृणा में नहीं बल्कि सृजन में परिवर्तित हुआ। उन्होंने अनुभव किया कि समाज की इस दासता की बेड़ियों को काटने का एकमात्र शस्त्र 'शिक्षा' है। फुले का दर्शन अत्यंत स्पष्ट था कि अज्ञान ही समस्त दुखों की जड़ है। उनकी प्रसिद्ध काव्य पंक्तियां 'विद्या बिना मति गई, मति बिना नीति गई, नीति बिना गति गई, गति बिना वित्त गया, वित्त बिना शूद्र टूटे, इतने अनर्थ एक अविद्या ने किए', आज भी सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा मूलमंत्र मानी जाती हैं। उन्होंने यह भली-भांति समझ लिया था कि जब तक समाज का वंचित वर्ग और आधी आबादी यानी स्त्रियां शिक्षित नहीं होंगी, तब तक राष्ट्र की प्रगति का स्वप्न एक मृगतृष्णा मात्र बना रहेगा। इसी बोध के साथ उन्होंने 1848 में पुणे के भिडेवाड़ा में देश का पहला बालिका विद्यालय स्थापित कर एक ऐसे शैक्षिक आंदोलन की नींव रखी, जिसने भारतीय इतिहास की धारा को सदैव के लिए बदल दिया।

महात्मा फुले की महानता इस तथ्य में निहित है कि उन्होंने जो उपदेश दिए, उन्हें पहले अपने आचरण में उतारा। जब उन्होंने बालिकाओं को पढ़ाने का निश्चय किया तो समाज के कट्टरपंथियों ने भारी विरोध किया। किसी भी शिक्षिका का मिलना असंभव था, तब ज्योतिबा ने अपनी जीवनसंगिनी सावित्रीबाई फुले को स्वयं शिक्षित किया और उन्हें शिक्षिका के रूप में तैयार किया। यह भारतीय इतिहास का सबसे क्रांतिकारी युगल था, जिसने समाज के पत्थरों और कीचड़ की बौछार को सहते हुए भी ज्ञान की लौ को बुझने नहीं दिया। सावित्रीबाई जब स्कूल जाती तो रूढ़िवादी लोग उन पर गंदगी फैंकते किंतु ज्योतिबा के अटूट समर्थन और प्रेरणा ने उन्हें कभी डिगने नहीं दिया। इन दोनों महामानवों ने मिलकर केवल स्कूल नहीं खोले बल्कि स्त्री-शक्ति को उसकी अस्मिता और अधिकारों से परिचित कराया। फुले दंपति का मानना था कि एक पुरुष की शिक्षा केवल एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाती है किंतु एक स्त्री की शिक्षा पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ियों को आलोकित करती है। उनके प्रयास केवल शिक्षा तक सीमित नहीं थे बल्कि उन्होंने विधवाओं के मुंडन की कुप्रथा के विरुद्ध नाइयों को संगठित किया, बाल विवाह का पुरजोर विरोध किया और विधवा विवाह का समर्थन कर समाज की जड़ चेतना पर सीधा प्रहार किया।

ज्योतिबा फुले का सामाजिक दर्शन केवल सहानुभूति पर आधारित नहीं था, वह तार्किक और बौद्धिक विद्रोह था। उनकी कालजई कृति 'गुलाम. गिरी' इस दृष्टि से एक क्रांतिकारी घोषणापत्र है। इस पुस्तक में उन्होंने पौराणिक आख्यानों की तर्कसंगत व्याख्या करते हुए उजागर किया कि किस प्रकार कुछ विशिष्ट वर्गों ने धर्म और शास्त्रों की आड़ लेकर बहुजन समाज को मानसिक और शारीरिक रूप से दास बनाए रखा। उन्होंने 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना 1873 में इसी उद्देश्य से की थी कि लोग पुरोहितों और बिचौलियों के चंगुल से मुक्त होकर ईश्वर की प्रत्यक्ष आराधना कर सकें और अपने मानवीय अधिकारों के प्रति सचेत हों। सत्यशोधक समाज ने विवाहों में पुरोहितों की अनिवार्यता को समाप्त कर सादगीपूर्ण और समतावादी संस्कारों को बढ़ावा दिया। फुले का यह आंदोलन केवल धार्मिक सुधार नहीं था बल्कि एक सांस्कृतिक पुनर्निर्माण था, जिसने शूद्रों और अति-शूद्रों के भीतर यह आत्मविश्वास भरा कि वे भी इस धरती के समान उत्तराधिकारी हैं। वे वर्ण व्यवस्था के उस ढांचे को ध्वस्त करना चाहते थे जो जन्म के आधार पर श्रेष्ठता का दंभ भरता था। उनके विचारों ने ही आगे चलकर डॉ. अंबेडकर जैसे महापुरुषों को प्रेरणा दी, जिन्होंने महात्मा फुले को अपना वैचारिक गुरु माना और उनके अधूरे कार्यों को संवैधानिक परिणति तक पहुंचाया। समाज सुधारक होने के साथ-साथ ज्योतिबा फुले एक अत्यंत सूक्ष्म दृष्टि वाले अर्थशास्त्री और किसानों के मसीहा भी थे। उन्होंने ग्रामीण भारत की जर्जर स्थिति को बहुत करीब से देखा था। उनकी पुस्तक 'किसान का कोड़ा' भारतीय कृषि व्यवस्था पर किया गया एक मार्मिक और तथ्यात्मक प्रहार है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अनपढ़ किसान साहूकारों के कर्ज, सरकार के भारी करों और धार्मिक कर्मकांडों के बोझ तले दबा हुआ है। फुले ने किसानों को आधुनिक खेती, सिंचाई के साधनों और पशुपालन के वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने अकाल के समय पशुओं के चारे और किसानों के अनाज के लिए जो लड़ाई लड़ी, वह आज के समय में भी नीति-निर्धारकों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी संवेदना का विस्तार इतना व्यापक था कि उन्होंने अपने घर का पानी का हौज अछूत समझे जाने वाले लोगों के लिए खोल दिया, जो उस समय के समाज में एक अकल्पनीय और अत्यंत साहसी कदम था। वे केवल अस्पृश्यता के उन्मूलन की बात नहीं कर रहे थे, वे मनुष्य की गरिमा को पुन:स्थापित कर रहे थे। उन्होंने 'दलित' शब्द को संघर्ष की पहचान दी और उसे मुख्यधारा में लाने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। महात्मा फुले की दृष्टि वैश्विक थी, उन्होंने 'गुलामगिरी' को अमेरिका के उन अश्वेत लोगों को समर्पित किया, जो दासता के विरुद्ध संघर्ष कर रहे थे। यह उनकी इस सोच को दर्शाता है कि विश्व में कहीं भी होने वाला अन्याय समस्त मानवता के लिए खतरा है। 11 मई 1888 को मुंबई की एक विशाल जनसभा में जनता ने उन्हें 'महात्मा' की उपाधि से विभूषित किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## इस बार की गर्मियों में यहां घूमने का बनाएं प्लान

**हिमाचल प्रदेश में स्पीति वैली एक खूबसूरत जगह है। इस समय यहां की सड़के , घटिया, ठंडे रेगिस्तान और बर्फ से ढंके पहाड़ आपका मन को खुश कर देगी। यहां चारों तरफ हिमालय से घिरी स्पीति घाटी, 12,500 फीट की ऊंचाई पर है। इस समय स्पीति में न्यूनतम तापमान माइनस 7 डिग्री है और अधिकतम तापमान 6 डिग्री बना रहता है।**

इस समय देश में भीषण गर्मी पड़ रही है, लेकिन इस बार हालात और भी बदतर हैं। भारत के कई राज्यों में तापमान 52 डिग्री पार हो चुका है। ऐसे में गर्मी से लोगो का बुरा हाल हो चुका है। गर्मी के कहर से बचने के लिए लोग घर के अंदर रहना ही पंसद कर रहे हैं। अगर आप गर्मियों की छुट्टियो में कहीं घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो भारत में ऐसी कई जगह हैं, जहां इस समय बर्फ जमी होती है और तापमान जोरी डिग्री से नीचे रहता है। जानिए भारत से ठंडी जगहों के बारे में।

**सेला पास**

जून-जुलाई में घूमने के लिए अरुणाचल प्रदेश में स्थित सबसे ठंडी जगह है। यह 13,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यहां हमेशा चारों तरफ से बर्फ से ढकी रहती वर्तमान में यहां का तापमान 6 डिग्री सेल्सियस है। यह हिल स्टेशन बहुत ही सुंदर है और यहां फोटोग्राफी के लिए सबसे बढ़िया जगह है।

**स्पीति वैली**

हिमाचल प्रदेश में स्पीति वैली एक खूबसूरत जगह है। इस समय यहां की सड़के , घटिया, ठंडे रेगिस्तान और बर्फ से ढंके पहाड़ आपका मन को खुश कर देगी। यहां चारों तरफ हिमालय से घिरी स्पीति घाटी, 12,500 फीट की ऊंचाई पर है। इस समय स्पीति में न्यूनतम तापमान माइनस 7 डिग्री है और अधिकतम तापमान 6 डिग्री बना रहता है।

**द्रास**

गर्मी के कहर से बचने के लिए आप द्रास घूमने जा सकते हैं। यह जम्मू कश्मीर के कारगिल जिले में लद्दाख का प्रवेश द्वार है। यह हिल स्टेशन सबसे ठंडा है। बता दें कि कारगिल अपनी



खूबसूरती और युद्ध के लिए जाना जाता है। यहां इस समय तापमान 11 डिग्री सेल्सियस है।

**सोनमर्ग**

गर्मी से बचने के लिए आप सोनमर्ग जा सकते हैं। इन दिनों यहां का तापमाम 15 डिग्री सेल्सियस रहता है। खूबसूरत नजारों और सुंदर घाटी के लिए यह जाना जाता है। सोनमर्ग में अल्पाइन घास के मैदानों, ग्लेशियर, झीलों और ट्रेकिंग के लिए बहुत फेमस है। प्रकृति प्रेमी के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है।


## वृद्धावस्था का एक रोग जो बना चुनौती

पर्किंसन रोग नर्वस सिस्टम में धीरे-धीरे बढ़ता एक डिसऑर्डर है जिससे पूरे शरीर की गतिविधि प्रभावित होती है। शुरू में धीरे-धीरे इसके बढ़ते रहने के कारण आमतौर पर इसके कोई लक्षण नजर नहीं आते हैं या बमुश्किल किसी हाथ में कंपकंपी महसूस होती है। आम तौर पर हाथों में कंपकंपी से ही पर्किंसन की मौजूदगी की पुष्टि हो जाती है, लेकिन इसके साथ ही जकडन या शारीरिक गतिविधियों में धीमापन या अति संवेदनशीलता जैसे लक्षण भी प्रकट हो सकते हैं। शुरुआती चरणों में चेहरे पर शायद कोई लक्षण न दिखे या टहलते समय बाजुओं में कोई झटका महसूस न हो सके, लेकिन जुबान धीमी या अस्पष्ट हो सकती है और रोग बढने के साथ ही ये लक्षण बदतर होने लगते हैं। ऐसी स्थिति में किसी अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट से तत्काल संपर्क करना जरूरी है।

पर्किंसन रोग में मस्तिष्क के कुछ स्नायु तंत्र (न्यूरॉन) धीरे-धीरे कमजोर या मृतप्राय होने लगते हैं। कई लक्षण उन न्यूरॉन की क्षति के कारण बढ़ जाते हैं जो आपके मस्तिष्क तक रासायनिक संदेशवाहक यानि डोपेमाइन बनाते हैं। डोपेमाइन का स्तर जब कम हो जाता है तो इससे मस्तिष्क की गतिविधि असामान्य होने लगती है, जिससे पर्किंसन के लक्षण सामने आने लगते हैं। पर्किंसन रोग की वजह अभी तक अज्ञात है, लेकिन इसके पनपने में कई कारक जिम्मेदार माने जाते हैं, जिनमें शामिल हैं- आनुवांशिक, पर्यावरण प्रभाव, लेवी बॉडीज की मौजूदगी। इसके रिस्क फैक्टर्स है:-उम्र, वंशानुगत, लिंग, टॉक्सिन की चपेट में आना: इसके लक्षण और संकेत अलग-अलग तरह के लोगों पर अलग-अलग तरह के हो सकते हैं। शुरुआती लक्षण बहुत मामूली और न पहचाने जाने लायक हो सकते हैं। अक्सर ये लक्षण शरीर के एक हिस्से से शुरू होते हैं और जब तक शरीर के दोनों तरफ लक्षणों का असर होता है, तब तक अमूमन वह हिस्सा बहुत बिगड़ चुका होता है। कंपकंपी, धीमी गतिविधि, सख्त मांसपेशियां, शरीर की असाधारण मुद्रा और संतुलन, स्वाभाविक गतिविधियों पर विराम, बोली में बदलाव, लिखावट में बदलाव। सबसे अच्छा होगा कि मेडिकल स्थिति के आधार पर किसी अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट से जांच करवाएं, शारीरिक जांच कराएं और इसके लक्षणों और संकेतों का मूल्यांकन करें। एमआरआई, मस्तिष्क की अल्ट्रासाउंड, एसपीईसीटी और पीईटी स्कैन जैसी इमेजिंग जांच भी दूसरे तरह के डिसऑर्डर का पता लगाने में मददगार साबित हो सकती है।


इमेजिंग टेस्ट सिर्फ पर्किंसन्स रोग की डायग्नोसिस में मददगार नहीं होती है। कई बार पर्किंसन रोग की पहचान करने में बहुत समय लग जाता है। डॉक्टर आपकी स्थिति और समय के साथ आपके लक्षणों का मूल्यांकन करने तथा पर्किंसन्स रोग की पहचान करने के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर में प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्टों से नियमित रूप से परामर्श लेते रहने की सलाह दे सकते हैं। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) में सर्जन आपके मस्तिष्क के एक खास हिस्से में इलेक्ट्रोड का प्रत्यारोपण करते हैं। ये इलेक्ट्रोड्स आपके कॉलरबोन के पास आपके सीने में इंप्लांट किए गए जनरेटर से जुड़े होते हैं, जिससे आपके मस्तिष्क तक इलेक्ट्रिकल पल्स भेजे जाते हैं और आपके पर्किंसन रोग के लक्षणों को कम किया जा सकता है। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन अक्सर एडवांस स्टेज में पहुंच चुके पर्किंसन पीड़ितों को दिया जाता है, जिन पर दवाइयों का असर खत्म हो जाता है। डीबीएस चिकित्सा स्थिति के उतार-चढ़ाव को स्थिर कर सकता है, अस्वाभाविक गतिविधियों (डिसकिनेसियास) को कम या रोक सकता है, कंपकंपी, अकड़न को कम कर सकता है और सामान्य गतिवधियों में आई कमी को सुधार सकता है। डिसकिनेसियास पर नियंत्रण पाने के लिए ली जा रही दवाइयों का असर प्रभावी बनाने के लिए डीबीएस कारगर होता है। हालांकि डीबीएस उन समस्याओं में मददगार नहीं होता, जिनमें कंपकंपी के अलावा चिकित्सा पद्धति का कोई असर नहीं होता। कंपकंपी यदि दवाइयों से बहुत ज्यादा नियंत्रित नहीं हो पाती है, तो इसे डीबीएस से नियंत्रित किया जा सकता है। पीडी के लक्षणों को कम करने के लिए दवाइयों का तात्कालिक प्रभाव ही होता है। जब किसी व्यक्ति पर दवाइयों का प्रभावी असर रहता है तो उसे ऑन-फेज कहा जाता है और जब दवाइयां उस पर बेअसर हो जाती है तो उसे ऑफ फेज कहा जाता है। एक समय बाद शरीर पर दवाइयों का प्रभाव खत्म हो जाता है और दवाइयां लेने की दर बढ़ जाती है। मरीज को यदि दिन में तीन बार दवाइयां लेने की सलाह दी जाती है तो प्रभाव कम होते रहने के कारण उस पर दिन में आठ से ज्यादा बार भी दवाइयां लेनी पड़ सकती है। इससे उसके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है, क्योंकि उसमें कई बार ऑन और ऑफ प्रभाव की स्थिति में जीना पड़ जाता है। डीबीएस मरीज पर लगातार 24 घंटे तक प्रभावी रहता है। इससे डिसकिनेसियास की स्थिति से भी निपटा जा सकता है जिस कारण अस्वाभाविक गति. विधियां रुक जाती हैं। इसके अलावा डीबीएस कंपकंपी में उतार-चढ़ाव नहीं आने देता है, जैसाकि दवाइयां लेने से होता है। दवाइयां अनिश्चित लक्षणों के प्रभाव को कम कर सकती हैं और काम पर जाने या खरीदारी करने की योजना बनाने वाले मरीजों में अटैक का खतरा बना रह सकता है क्योंकि दवाइयों का असर किसी भी वक्त कम हो सकता है जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

(साभार प्र.सा.)



**इमेजिंग टेस्ट सिर्फ पर्किंसन्स रोग की डायग्नोसिस में मददगार नहीं होती है। कई बार पर्किंसन रोग की पहचान करने में बहुत समय लग जाता है। डॉक्टर आपकी स्थिति और समय के साथ आपके लक्षणों का मूल्यांकन करने तथा पर्किंसन्स रोग की पहचान करने के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर में प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्टों से नियमित रूप से परामर्श लेते रहने की सलाह दे सकते हैं। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन ( डीबीएस ) में सर्जन आपके मस्तिष्क के एक खास हिस्से में इलेक्ट्रोड का प्रत्यारोपण करते हैं। ये इलेक्ट्रोड्स आपके कॉलरबोन के पास आपके सीने में इंप्लांट किए गए जनरेटर से जुड़े होते हैं, जिससे आपके मस्तिष्क तक इलेक्ट्रिकल पल्स भेजे जाते हैं और आपके पर्किंसन रोग के लक्षणों को कम किया जा सकता है।**

# EDUCATIONAL INSTITUTIONS CONTINUE NAINITAL's LEGACY AS EDUCATION HUB




## छात्राओं की विशेष पहचान बनाने में इतिहास रचा है ऑलसेंट्स कालेज ने


अंजिना रिचर्डस

ऑलसेंट्स कालेज का गौरवमय इतिहास ब्रिटिश काल से रहा है। इस विद्यालय से हजारों बच्चे शिक्षा प्राप्त कर देश-विदेश में अपना भविष्य सव चुके हैं। इस विद्यालय में वैश्विक स्तर पर शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तम प्रधानाचार्य अंजिना रिचर्डस कुशलतापूर्वक विद्यालय का संचालन कर रही अंग्रेजी माध्यम से संचालित इस विद्यालय की स्थापना 1869 में हुई थी तब लेकर आज तक यह विद्यालय निंरतर प्रगति की ओर अग्रसर है। देश विदे के बच्चे इस इस विद्यालय में अध्ययन करने आते है। इस विद्यालय से शि हुई हैं। प्रधानाचार्य अंजिना रिचर्डस कहती है कि शिक्षा के मापदंड ध्यान में रखकर गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने का प्रयास है जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।








Rakhi Sah

Vrindavan Public School-Vrindavan Public School was established in 2009 under the C.L. Sah Memorial Education Society with the aim offostering the holistic development of young learners. The school is recognised by the Government of Uttarakhand and, as a Playway and Preparatory School, has successfully nurtured students in both academics and extracurricular activities. The school's clean, green, sunny, and spacious environment provides excellent facilities for the physical and mental growth of children, helping them become bright and confident individuals. This English-medium school is efficiently managed by a dedicated team under the guidance of the Principal, Mrs. Rakhee Sah, who emphasizes a nurturing atmosphere for all-round development. The school has introduced smart classes and projectors to make learning more interactive and engaging. It also promotes activities that develop gross motor skills, such as Origami, Dance, Taekwondo, and games, forming an essential part of its physical education program. Additionally, the school offers a centralized heating and cooling system for the comfort of students.

## आवासीय विद्यालयों में उत्कृष्ट भूमिका निभा रहा पाइन क्रस्ट स्कूल


आयारपाटा की सुंदर वादियों में पाईन क्रस्ट बोर्डिंग स्कूल देश के विभिन्न प्रांतों के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय में समस्त सुविधायें उपलब्ध हैं। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह जरूरत के मुताबिक आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जाता है। प्रबन्धक संतोष कुमार कहते हैं कि जिम्मेदारी के साथ अपना दायित्व निभ रहे हैं। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास उनका लक्ष्य है।


## छात्राओं के लिये खोले लौंगव्यू पब्लिक स्कूल ने द्वार


लौंगव्यू पब्लिक स्कूल वर्तमान में छात्रों के साथ छात्राओं को भी उत्कृष्ठ शिक्षा प्रदान कर रहा है। नि:संदेह इस स्कूल ने अल्प समय में सफलता की सीढ़ियां तय कर शिक्षा की दिशा में नवीन आयाम स्थापित करने का सफल प्रयास किया है। जिसका प्रतिफल है कि विद्यालय में दी जा रही उत्कृष्ठ शिक्षा व कुशल संचालन को लेकर देश की कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। जिसके परिणामस्वरूप यह विद्यालय नगर व राज्य में अपना प्रमुख स्थान हासिल करने में कामयाब हुआ है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित लौंगव्यू पब्लिक स्कूल बारहवीं कक्षा तक विद्यालय का संचालन कर रहा है। विद्यालय में आधुनिक शिक्षा के साथ भावी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए पठन पठन कार्य किया जाता है। प्रधानाचार्य बीसी त्रिपाठी कहते हैं कि वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। जिसका लाभविद्यार्थियों को मिलता है। जिसके बल पर विद्यालय प्रगति की ओर निरन्तर अग्रसर है।

## प्रतिभाओं को उभारने के साथ निरंतर प्रगति के पथ पर मदर हार्ट स्कूल


नगर के प्रमुख पब्लिक स्कूलों में सुमार मदर हार्ट पब्लिक स्कूल निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय पूर्णरूप से शिक्षा के मापदंडों के साथ बच्चों के चहुमुखी विकास करते आ रहा है। अनुभवी शिक्षकों द्वारा पठन पाठन कार्य संचालित किया जाता है। साथ ही बच्चों की प्रतिभाओं को उभारने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिसके चलते यह विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नगमा परवेज कहती हैं कि उनका जीवन शिक्षा के प्रति समर्पित है। जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।




## नैनीताल का गौरव है शेरवुड कालेज


फर्स्ट एयर मार्शल मानेक शाह और मिलेनियम स्टार अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गज पुरुषों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में हजारों नामी गिरामी हस्तियों का भविष्य संवारने वाले शेरवुड कालेज को नैनीताल का गौरव कहने में अतिशयोक्ति नहीं होगी और वर्तमान में भी विद्यालय देश के उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने वाले नामचीन स्कूलों में सुमार है। शेरवुड कॉलेज सह शिक्षा (को-एड.) पूर्ण रूप से आवासीय है। जिसमें विद्यार्थियों के भोजन, आवास तथा अन्य समस्त उत्तम सुविधायें विद्यालय प्रदान करता है। वैश्विक शिक्षा क मद्देनजर पठन-पाठन कार्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा किया जाता है। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह सभी सुविधायें विद्यालय में मौजूद है, जो वर्तमान में जरूरत के हिसाब से आवश्यक होती है। अंग्रेजी माध्यम से यह विद्यालय कक्षा 3 से लेकर कक्षा 12वीं तक संचालित किया जाता है। वर्तमान में प्रधनाचार्य अमनदीप संधू विद्यालय का संचालन कर रहे है। वह कहते हैं कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं और विद्यालय का गौरव बनाये रखने का प्रयास सर्वोपरि रहता है। वर्तमान में देश के तमाम प्रांतों के बच्चे विद्यालय में अध्ययनरत हैं।




## देश के अग्रणी स्कूलों में सुमार बिड़ला विद्या मंदिर


देश में बिड़ला विद्या मंदिर अग्रणी पब्लिक स्कूलों में अपना अलग नाम व मुकाम हासिल किया है। जिसके फलस्वरूप यह विद्यालय अपना एक अलग स्थान कायम किए हुए है। सीबीएसई से संबंद्ध यह विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के सर्वाधिक ऊंचाई वाले नैसर्गिक वातावरण में स्थित है। बिड़ला विद्या मंदिर देश के अग्रणी सीबीएसई बोर्ड विद्यालयों में शामिल है। यह विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल शर्मा के कुशल नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। देश-विदेश के कई हिस्सों से सैकड़ों की संख्या में छात्र वर्तमान में अध्ययनरत हैं। श्री शर्मा कहते हैं कि वर्तमान परिवेश को ध्यान में रखकर बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने के साथ उन्हें एक अच्छा इंसान बनाने का प्रयास रहता है। जिसे ध्यान में रखकर विद्यालय में अनिवार्य विषयों के अलावा तमाम प्रतिस्पधाओं में भी छात्रों को निपूर्ण बनाया जाता है। विद्यालय का इतिहास है कि बोर्ड परिक्षाफल शत-प्रतिशत रहा है। जिसे भविष्य में भी कायम रखा जायेगा।

